सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-53 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 09 अगस्त 2025
14 सफर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# नहीं बढ़ेंगे सिलेंडर के दाम

**कैबिनेट के फैसले**

- पूर्वोत्तर के विकास के लिए स्पेशल पैकेज
- रसोई गैस की सब्सिडी के लिए 42,000 करोड़ रुपये मंजूर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को 52,667 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी है, जिसके तहत शिक्षा, एलपीजी, बुनियादी ढांचा और पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास पर जोर दिया गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तकनीकी शिक्षा संस्थानों को मजबूत करने के लिए 4,200 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 12,060 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग-अलग फैसलों में रसोई गैस (एलपीजी) सब्सिडी के लिए कुल 42,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दोनों प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में साल में नौ रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जायेगी। इसके लिए 12,000 करोड़ रुपये के प्रावधान की मंजूरी दी गयी है।

इससे पहले, अक्टूबर 2023 से साल में 12 रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही थी। सब्सिडी का लाभ योजना की 10.33 करोड़ लाभार्थियों को होगा। सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत रिफिल बढ़ाने और गरीब उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मई 2022 में सालाना 12 रिफिल पर 200 रुपये प्रति सिलेंडर लक्षित सब्सिडी की शुरुआत की थी जिसे अक्टूबर 2023 में बढ़ाकर 300 रुपये किया गया था। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने रसोई गैस के घरेलू सिलेंडर के मूल्य नियंत्रण के कारण तेल विपणन कंपनियों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए 30 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान को भी मंजूरी दी है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, आम उपभोक्ताओं पर अनुचित बोझ न पड़े इसके लिए घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति नियंत्रित मूल्य पर की जाती है। वित्त वर्ष 2024-25 में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की ऊँची कीमतों के कारण तीनों सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों को इस मद में काफी नुकसान हुआ है और अब भी उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। तीनों तेल विपणन कंपनियों इंडियन ऑयर कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन को 12 किस्तों में इस राशि का भुगतान किया जायेगा। तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय यह तय करेगा कि कंपनियों के बीच राशि का बँटवारा किस प्रकार होगा।

# जिएंगे स्वदेशी के लिए, मरेंगे देश के लिए : योगी

- मुख्यमंत्री ने म्यूजियम में ली सेल्फी और फोटोशूट भी कराया

## योगी ने बच्ची की जिद पर खाई मिठाई, राखी बंधवाकर दिया आशीर्वाद



सीएम योगी ने काकोरी में बच्चियों से राखी बंधवाई। इस दौरान एक बच्ची ने उनसे मिठाई खाने की जिद की जिस पर योगी मुस्कुराए और मिठाई खाकर बच्ची को आशीर्वाद दिया। योगी ने बच्चियों को गिफ्ट भी दिया।

**लखनऊ।** स्वदेशी हमारे जीवन का ध्येय बने। जीवन का मंत्र बने। हम स्वदेशी के लिए जिएंगे और देश के लिए मरेंगे। विदेशी को त्यागने की जरूरत है। राष्ट्रभक्ति की इस पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर काकोरी में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बलिदानी क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही यह भी बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा, जिससे सभी जुड़ें। मुख्यमंत्री ने काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया।

इतना ही नहीं उन्होंने बालिकाओं से राखी बंधवाई तथा उन्हें उपहार में मिठाई और चॉकलेट दी। कार्यक्रम स्थल पर पीपल का पौधा भी लगाया। इसके बाद उन्होंने म्यूजियम में सेल्फी और फोटोशूट भी कराया। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को मंच पर सम्मानित कर बलिदानियों को नमन किया। संस्कृति विभाग की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए गए। इसमें काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना को भी पेश किया गया।

सीएम ने कहा कि 9 अगस्त, 1925 को काकोरी में जिन महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खजाने पर कब्जा कर उसे आजादी की लड़ाई में लगाया था, उस देशभक्ति के परिणामस्वरूप ही 1947 में देश आजाद हुआ। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रेन एक्शन में सिर्फ 4600 लूटे गए थे, लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें पकड़ने में 10 लाख रुपये से अधिक खर्च किए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल उपस्थित रहीं। संगीत नाटक अकादमी के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संस्कृति विभाग की ओर से नाट्य एवं संगीत की प्रस्तुति की गई।

### मलिहाबादी आम को काकोरी ब्रांड बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने काकोरी आंदोलन से जुड़े वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करते हुए कहाकि देश की सुरक्षा में लगे सैनिक और कर्मवीर का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। मलिहाबाद के आम को काकोरी ब्रांड बनाकर पूरी दुनिया में भेजा जाएगा।

# घुसपैठियों को एसआईआर से बचा बिहारियों की नौकरी खाएगी लालू एंड कंपनी : शाह

- माता जानकी मंदिर का किया भूमिपूजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी साथ रहे



**सीतामढ़ी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। सीएम नीतीश कुमार शिलान्यास व भूमि पूजन में उनके साथ रहे। शाह ने सीतामढ़ी से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लालू प्रसाद पर बरसे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू लालू एंड कंपनी पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही है। मैं पूछने आया हूं मिथिलांचल वालों से कि मोदी जी को आतंकवादी को जवाब देना चाहिए या नहीं चाहिए? घुसपैठियों को एसआईआर से बचा बिहार के लोगों का नुकसान कर रही लालू एंड कंपनी को मालूम नहीं है कि नरेंद्र मोदी की सरकार है, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार है। यहां पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है। इतना ही नहीं अमित शाह ने राहुल पर भी जमकर बोला। उन्होंने कहा राहुल जी, बंद कीजिए वोट बैंकों की राजनीति। मतदाता पुनरीक्षण पहली बार नहीं हो रहा। आपके परनाना नेहरु जी ने पहली बार किया था। 2003 अंतिम बार हुआ था। पहले से ही बिहार चुनाव हारने का बहाना तैयार कर रहे हैं।

### गुंडई और अपहरण के अलावा और क्या किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव के बाद तेजस्वी यादव पर भी जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि मैं आज यहां तेजस्वी यादव से पूछने आया हूं कि आपके पिताजी और माताजी का कई साल शासन रहा। गुंडई करने और अपहरण-फिरौती के अलावा मिथिलांचल के विकास के लिए दोनों ने क्या किया? मैंने तो मोदीजी की ओर से अपने पाई-पाई का हिसाब दे दिया है। अगर उन दोनों ने कुछ किया हो तो यहीं मैदान में आकर जवाब दीजिए। यहां आने के बाद मां जानकी का आशीर्वाद भी ले लीजिएगा, आपका उद्धार होगा।

## बाराबंकी में बस पर गिरा पेड़, चार महिलाओं सहित पांच की मौत

**बाराबंकी।** जिला मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर हैदरगढ़ मार्ग पर रोडवेज की अनुबंधित बस पर गूलर का पेड़ गिर गया। पेड़ बस के अगले हिस्से पर गिरा। हादसे में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला की पहचान शहर के मोहल्ला गुलरिया गार्दा की निवासी शिक्षा मेहरोत्रा (53) के रूप में हुई है।

तीन अन्य महिलाओं की आयु 40 से 45 साल के मध्य है। पेड़ काटकर लोगों को निकाला गया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में 40 लोग सवार थे। हादसे के बाद कई यात्री खिड़की से कूदकर निकले। बारिश के दौरान हुए हादसे के कारण राहत व बचाव कार्य में देर लगी।

घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और मृतकों के परिजनों को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

# मोदी ने की रूस के राष्ट्रपति से बात

- द्विपक्षीय सम्मेलन में भारत आने का पुतिन को दिया न्योता



**नई दिल्ली।** रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को फोन पर बात की। इस दौरान पुतिन ने पीएम मोदी को यूक्रेन युद्ध को लेकर जानकारी दी। पीएम मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के रुख को दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत-रूस साझेदारी को मजबूत करने पर भी बात की। वहीं पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को इस साल के अंत में वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भारत आने का न्योता दिया। यह बातचीत इसलिए भी अहम है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन पर नवीनतम घटनाक्रम साझा करने के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने अपने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस वर्ष के अंत में भारत में राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हूं। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच बातचीत ऐसे वक्त में हुई जब राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल मॉस्को के दौरे पर हैं। उन्होंने गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। उन्होंने रूस के साथ सभी मोर्चों पर सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### ब्राजील के राष्ट्रपति ने किया था फोन

इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी को ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा का फोन आया था। कॉल के दौरान प्रधानमंत्री ने पिछले महीने अपनी ब्राजील यात्रा का जिक्र किया था। तब दोनों नेताओं ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों में सहयोग को मजबूत करने की रूपरेखा पर सहमति जताई थी। इन चर्चाओं के आधार पर उन्होंने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## 2024 में 2 लाख से अधिक भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता

**नई दिल्ली।** साल 2024 में 2,06,378 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी है। साल 2023 में यह संख्या 2,16,219 थी। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में पिछले 5 वर्षों में भारतीय नागरिकता त्याग दूसरे देशों की नागरिकता लेने वालों की संख्या के सवाल पर यह जानकारी दी।

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने यह सवाल पूछा था। मंत्री ने बताया कि साल 2020 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 85,256 थी। साल 2021 में 1,63,370, साल 2022 में 2,25,620 थी। उन्होंने बताया कि संदर्भ के लिए ऐसे मामले साल 2011 में 1,22,819, 2012 में 1,20,923, साल 2013 में 1,31,405 और साल 2014 में 1,29,328 थे। सरकार ने कहा, भारतीय नागरिकता छोड़ने या विदेशी नागरिकता लेने के कारण व्यक्तिगत होते हैं। सरकार ज्ञान अर्थव्यवस्था के युग में वैश्विक कार्यस्थल की क्षमता को पहचानती है।

## अवकाश सूचना



रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं व प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 'अवधनामा' प्रेस व कार्यालय में दिनांक 09 अगस्त 2025 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 11 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

सम्पादक

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी ने दी रक्षाबंधन की बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर देशवासियों को त्योहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह त्योहार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के हमारे संकल्प को मजबूत करता है। यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस पावन पर्व पर देशवासियों को बधाई दी। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी।






# आपदा की घड़ी में सरकार आपके साथ : नितिन अग्रवाल



## ये सामग्री होगी राहत किट में शामिल

राहत किट में लाई (2.5 किलो), चना (भुना व कच्चा- 2-2 किलो), चीनी (1 किलो), बिस्कुट (10 पैकेट), माचिस व मोमबत्ती (प्रत्येक 1 पैकेट), नहाने का साबुन (2 अदद), 18 लीटर की ब्रांडेड बाल्टी (ढक्कनदार), त्रिपाल (12×10 फीट, न्यूनतम मोटाई 110 त्वस्रू), आटा-चावल (प्रत्येक 10 किलो), अरहर दाल (2 किलो), आलू (10 किलो), हल्दी (200 ग्राम), मिर्च पिसी (100 ग्राम), सब्जी मसाला (200 ग्राम), तेल (1 लीटर), नमक (1 किलो), सैनिटरी पैड (20 अदद), कपड़े धोने का साबुन (2 अदद), तौलिया (1), सूती कपड़ा (1 मीटर), डिस्पोजेबल बैग (20 अदद), मग (1 अदद), डेटाल/सेवलॉन (100 मि.ली.) जैसी जरूरी वस्तुएं होंगी।

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जल प्लावन से जूझ रहे ग्रामीणों के चेहरों पर राहत की रेखाएं उस वक्त खिंच गईं, जब प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल खुद राहत सामग्री लेकर उनके बीच पहुंचे। स्पर्श राजकीय दृष्टि बाधित बालिका इंटर कॉलेज, जगसड़ में आयोजित कार्यक्रम में जब 700 परिवारों को राशन किट सौंपी गईं, तो मानो बाढ़ की पीड़ा पर मरहम लग गया। मंत्री ने न केवल राहत पहुंचाई, बल्कि भरोसा भी दिया कि इस आपदा में सरकार हर जरूरतमंद के साथ चट्टान की तरह खड़ी है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी बाढ़ को लेकर अत्यन्त संवेदनशील हैं। उन्होंने मौजूद ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि आपदा के दौरान प्रदेश सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर केंद्र व प्रदेश सरकार आमजन के लिए अनेकों विकासपरक एवं जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर किसी भी दैवीय आपदा के समय पीड़ित का दुख दर्द बांटने में भी पीछे नहीं है। कहा कि पीड़ित परिवारों का कुशल क्षेम जानने तथा जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण पर आया हूँ।प्रभारी मंत्री ने कहा कि आपदा के समय पीड़ितों की हरसंभव मदद करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने बताया कि 700 परिवारों को राहत किट वितरित की गई है और ज़रूरत के अनुसार वितरण जारी रहेगा। बाढ़ से प्रभावित फसलों और मकानों का मुआवज़ा दिया जाएगा। विस्थापित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर सुविधाएं दी जा रही हैं। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को पीएचसी-सीएचसी पर दवाएं और एंटीवेनम की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित गांवों में दवा वितरण व छिड़काव भी कराया जा रहा है। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि बाढ़ राहत और बचाव कार्यों को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। जिले में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से प्रभावितों तक हरसंभव सहायता पहुंचाई जा रही है। गत वर्ष डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रभावित परिवारों को त्वरित मुआवजा उपलब्ध कराया गया था।

इस वर्ष भी राहत कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पीड़ित मदद से वंचित न रहे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि प्रशासन की पूरी टीम राहत और बचाव कार्यों में दिन-रात लगी है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी प्रभावित परिवार बिना मदद के न रहे। हम ज़रूरत के अनुसार राशन, चिकित्सा, और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था लगातार कर रहे हैं बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता के साथ राहत किट और लंच पैकेट वितरित किए। उन्होंने ग्राम रेहरिया खुर्द, रेहरिया कला के प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनका हाल जाना और भरोसा दिलाया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। हर संभव मदद प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। कार्यक्रम में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता सहित एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह मौजूद रहे।

# नगर पंचायत सिंगाही के व्यापार मंडल अध्यक्ष पर एक महिला ने लगाया शारीरिक शोषण करने का आरोप

## तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट की दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** शहर निवासी एक महिला ने नगर पंचायत सिंगाही के व्यापार मंडल अध्यक्ष पर शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि व्यापारी नेता शादी का वादा कर लगातार उसका शोषण करता रहा। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है। गिरफ्तार व्यापारी नेता का पुलिस ने चालान कर दिया मूलरूप से झारखंड निवासी पीड़िता शहर के एक मोहल्ले में किराए पर रहती है। उसका आरोप है कि कुछ महीने पहले सिंगाही निवासी बड़े व्यापारी और उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राजीव गुप्ता से उसकी मुलाकात हुई। इस दौरान आरोपी ने शादी का वादा कर उससे संबंध बनाए। बाद में शादी से मुकर गया। पीड़िता का दावा है कि उसके पास आरोप साबित करने के पर्याप्त सबूत हैं। पीड़िता ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पूरी घटना बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद गिरफ्तार व्यापारी नेता का शुक्रवार को चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का पहले से ही आपराधिक इतिहास है। वह कई बार जेल जा चुका है।आरोपी की पत्नी सीमा गुप्ता ने कोतवाली में पहुंचकर पीड़िता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि करीब दस महीने पहले पीड़िता ने उनके राजगढ़ स्थित मकान में किराए पर कमरा मांगा था, लेकिन कमरा न मिलने पर दूसरी जगह दिलवाया गया। इसके बाद पीड़िता और राजीव में संपर्क हुआ। आरोप है कि पीड़िता ने झूठ बोलकर 10 हजार रुपये लिए और एक कार्यक्रम के बहाने राजीव को अपने कमरे पर बुलाया, जहां पहले से मौजूद छह लोगों के साथ उसका वीडियो बनवाया। इसी वीडियो के आधार पर पीड़िता ने पांच लाख रुपये की मांग की और रुपये न देने पर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

## महिला ने अपनी पूर्व नौकरानी और उसके परिजनों पर लगाए गंभीर आरोप

**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ निवासी एक महिला ने अपनी पूर्व नौकरानी और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि आरोपी परिवार ने उसके सरकारी डॉक्टर पति को झांसे में लेकर झूठी शादी रचाई, फिर फोटो के आधार पर ब्लैकमेल कर लाखों रुपये और लखीमपुर में स्थित प्लॉट हड़प लिया। सदर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मानसरोवर योजना लखनऊ निवासी पीड़िता सीमा गौतम के मुताबिक वह भी एक विभाग में सरकारी नौकरी करती हैं। उनके पति सरकारी डॉक्टर हैं और जिले की एक पीएचसी पर तैनात हैं, जो वहीं सरकारी आवास पर रहते हैं। उसके दो बच्चे भी अपने पिता के पास रहकर पढ़ाई करते हैं। वह पहले अपने पति के साथ ही रहती थी, लेकिन विभागीय कार्य से अधिक लखनऊ आना-जाना होने के कारण उन्होंने बच्चों की देखभाल के लिए सीतापुर निवासी माधुरी देवी को नौकरानी के रूप में रख लिया था।कुछ समय बाद माधुरी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उनके पति को बहाने से बुलाया और बंदूक की नोक पर शादी का नाटक कर फोटो खींच ली। इन फोटोज के जरिए वह और उसका भाई पवन कुमार डॉक्टर को लगातार धमकाते रहे और लाखों रुपये अपने खातों में मंगवाते रहे। आरोप है कि दबाव में आकर डॉक्टर ने 900 वर्ग फुट का प्लॉट दानपत्र के जरिए माधुरी के नाम कर दिया। विरोध करने पर आरोपी परिवार ने जान से मारने और नौकरी छीनने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि यह परिवार पहले भी फोटो खींचकर ब्लैकमेल करने और पैसे ऐंठने के मामलों में लिप्त रहा है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

## महिला अपने प्रेमी के संग फरार

**लखीमपुर-खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र के गांव से महिला अपने प्रेमी संग फरार हो गई। महिला अपनी एक साल की दुधमुंही बेटी को घर मे ही छोड़ गई। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी घर से सारे जेवर,करीब 5000 रुपए की नकदी, बैंक पासबुक और मोबाइल फोन भी साथ ले गई। पति ने पत्नी के प्रेमी और उसके सहयोगी पर खमरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। खमरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस में दर्ज कराई गई अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उसकी पत्नी गांव के ही अपने प्रेमी मोनू के साथ फरार हो गई। आरोप है कि उसके एक साल की बेटी भी है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 484/2025 धारा 115(2)/ 351(3)/ 352/ /191(2)/191(3)/109(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सौरव गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## चारपाई पर सो रही युवती को एक युवक ने दबोचा

**लखीमपुर-खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र में घर में घुसे एक युवक ने चारपाई पर सो रही युवती को दबोच लिया और शोर मचाने पर छूरी मार देने की धमकी दी। आहट मिलने पर परिजन जागे तो आरोपी भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती ने बताया कि घटना बुधवार की रात करीब 11 बजे की है। वह अपने घर में चारपाई पर सो रही थी। तभी गांव का गुरुप्रसाद घर में घुस आया। उसने मुंह दबाकर धमकी दी कि शोर मचाया तो छुरा मार देंगे। आहट मिलने पर उसके परिवार के लोग जाग गए। इस पर परिजन जब दौड़े तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकला। घटना के बाद से युवती दहशत में है।

## युवती के साथ अश्लील हरकत

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के एक गांव में भतीजे की छठी के लड्डू बंटने गई एक युवती को तीन युवक अपने घर में खींच ले गए। उसके साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर अश्लील फोटो खींचे। युवती के साथ ही शोर शराबे पर पहुंचे उसके पिता व भाई की भी पिटाई की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है युवती ने बताया कि गुरुवार को उसके भतीजे की छठी थी। दोपहर बाद करीब 3.30 बजे वह छट्ठी में लड्डू बांटने अपने मोहल्ले में गई थी। तभी गांव का नसरु, बाबर व वारिश ने आवाज देकर उसे अपने पास बुलाया, जब वह नहीं गई तो उसे जबरदस्ती अपने घर पर खींच ले गए। छेड़छाड़ करते हुए उसके अश्लील फोटो खींचे। चीखने-चिल्लाने पर उसके पिता व भाई दौड़कर आ गए और विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ ही पिता व भाई को भी मारापीटा।

## ओमनी कार ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** ढखेरवा-गजियापुर मार्ग पर गुरुवार की शाम सवारियां भरकर जा रही ओमनी कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को रमियाबेहड़ सीएचसी लाई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया हादसा शाम करीब साढ़े सात बजे हुआ। ढखेरवा की तरफ से सवारियां भरकर एक ओमनी कार गजियापुर की तरफ जा रही थी। बोझिया पेट्रोल पंप के पास ओमनी ने सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार थाना पढुआ के गांव चौधरीपुरवा मजरा मझरा पूरब निवासी माता प्रसाद (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को लेकर सीएचसी रमियाबेहड़ पहुंची, जहां डॉक्टर ने माता प्रसाद को मृत घोषित कर दिया।

## अशोक की धारदार हथियार से हत्या, हत्यारे मौक़े से फ़रार

थाना मंडावली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम श्यामीवाला में बीती रात एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया। मेहनतकश मजदूर अशोक कुमार (26) पुत्र चंद्रपाल सिंह की अज्ञात हमलावर ने सोते समय गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। परिजनों के अनुसार, अशोक रोज़ाना की तरह काम से लौटकर घर आया, भोजन किया और सोने चला गया। रात लगभग 12 बजे अज्ञात व्यक्ति घर में घुसा और धारदार हथियार से वार कर दिया। हलचल सुनकर परिजन उठे तो उन्होंने एक शख्स को अंधेरे में भागते हुए देखा, लेकिन पहचान नहीं कर पाए। अशोक का शव खून से लथपथ बिस्तर पर पड़ा था, जबकि हथियार मौके पर ही बरामद हुआ। मृतक तीन भाइयों में बीच का था। पिता चंद्रपाल सिंह का कहना है, हमारा किसी से कोई झगड़ा नहीं था, समझ नहीं आ रहा कि बेटे की जान किसने और क्यों ली!÷घटना की सूचना मिलते ही एसपी अभिषेक झा, एसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई, क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, और भागूवाला पुलिस चौकी इंचार्ज संजय यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# डीएम-सीडीओ ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत जनपद में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन करने के उद्देश्य से शुक्रवार सुबह शहीद स्मारक स्थल पर ÷वीर शहीदों को नमन÷ कार्यक्रम आयोजित हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं सीडीओ अभिषेक कुमार ने अफसरों संग स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस अवसर पर डीएम ने कहा कि ÷काकोरी ट्रेन एक्शन÷ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वह अमर गाथा है, जिसने देशवासियों में दायित्व बोध और आत्मबल जागृत किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह घटना राष्ट्र की स्मृति में सदा अमर रहेगी इससे पूर्व जीआईसी सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रभात फेरी निकालते हुए वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।



फेरी में शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स सहित विद्यालय स्टाफ भी सम्मिलित रहा वही राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक विनोद शंकर अवस्थी व सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया और उपस्थित जनसमूह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव संबोधन को भी देखा और सुना।विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि यह अवसर ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धा देने का है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ÷काकोरी कांड÷ को ÷काकोरी ट्रेन एक्शन÷ नाम देकर इस ऐतिहासिक घटना को नई पहचान दी है सीडीओ अभिषेक कुमार ने अपने संबोधन में काकोरी ट्रेन एक्शन के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने अतिथियों, बच्चों और आयोजन में सहभागी सभी का आभार जताया इस दौरान जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाषण, निबंध, चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा नामित सांस्कृतिक दलों व जिले के विद्यालयों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य व गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जीजीआईसी, कुंवर खुशवक्तराय, आर्य कन्या इंटर कॉलेज व गुरुनानक इंटर कॉलेज की छात्राओं की प्रस्तुतियों पर जमकर तालियां बजीं।कुल मिलाकर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव की गूंज जनपद लखीमपुर खीरी में गौरव और श्रद्धा का उत्सव बन गई, जिसने स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा को फिर से जीवंत कर दिया।

# असलहाधारी नकाबपोश बदमाशों ने एक पीआरडी जवान की बाइक रोक कर की हाथापाई

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब राह चलते लोगों पर भी हमला करने लगे हैं। गुरुवार की शाम असलहाधारी नकाबपोश बदमाशों ने एक पीआरडी जवान की बाइक रोक ली। उनके साथ हाथापाई की और खींचकर ले जाने की कोशिश की। शोर शराबा होने पर ग्रामीणों ने बदमाशों को ललकारा और कई राउंड फायरिंग की। इस पर बदमाश मौके से भाग निकले। पीआरडी जवान ने घटना की सूचना पुलिस को दी है थाना नीमगांव के गांव नेवलापुर निवासी पीआरडी जवान रामलखन गुरुवार को अपनी साली को लेने सिकंद्राबाद गए थे। वह शाम करीब साढ़े आठ बजे उसे लेकर बाइक से अपने घर आ रहे थे। रामलखन ने बताया कि गांव से 500 मीटर पहले ही पहुंचे थे कि तभी अचानक आठ-दस बदमाश सामने आ गए। उसने बताया कि सात बदमाशों के पास रायफल व एक के बदमाश के पास लाठी थी। सभी बदमाश मुंह बांधे हुए थे बदमाशों ने उसकी बाइक रोक ली और हाथापाई कर नदी की ओर खींचकर ले जाने की धमकी दी। इस दौरान मौका पाकर रामलखन ने साहस दिखाया और बाइक भगा कर जान बचाई। उसके शोर मचाने पर नेवलापुर और पड़ोसी माझा गांव के तमाम ग्रामीण बदमाशों को ललकारते हुए मौके की तरफ दौड़ पड़े। इस दौरान ग्रामीणों ने कई राउंड फायरिंग भी की। तब बदमाश गन्ने के खेतों में घुसकर भाग निकले। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना नीमगांव पुलिस को दी।

# बिजनौर पुलिस की अनोखी सौगात 50लाख की कीमत के गुमशुदा मोबाइल किये बरामद

## महिलाएं बोली धन्यवाद बिजनौर

### हमें वापस मिले मोबाइल हमारे लिए रक्षाबंधन का उपहार से कम नहीं

*अवधनामा संवाददाता*


**बिजनौर।** बिजनौर पुलिस की सर्विलेंस सेल ने रक्षाबंधन त्यौहार के मौके पर 50 लाख की कीमत वाले 251 मोबाइल रिकवर कर उनके स्वामीयों तक पहुंचाया। विगत कुछ वर्षों पूर्व 251 मोबाइल जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से गुमशुदा हुए थे जिन क्षेत्रों से मोबाइल गुमशुदा हुए थे जिनकी रिपोर्ट निजी थनों में दर्ज कराई गई थी और पीड़ितों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से शिकायत दर्ज कर मोबाइल के वापसी के लिए गुहार लगाई थी, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए तुरंत सर्विलेंस टीम तथा हत्या आधुनिक तकनीकों की सहायता से गुमशुदा मोबाइलों को प्राप्त कर लिया। बिजनौर पुलिस लाईन में गोष्ठी कर गरिमायमी समारोह में जनपद पुलिस अधीक्षक अभिषेक जा द्वारा बरामद मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सपोर्ट कराया गया। गुमशुदा मोबाइल को पाकर मोबाइल स्वामी खुशी से झूम उठे और जमकर बिजनौर पुलिस की तारीफ की। वही अपने - अपने मोबाइल पाकर कुछ महिलाओं और बहनों ने पुलिस को धन्यवाद करते हुए कहा कि ये मोबाइल हमारे लिए रक्षाबंधन का उपहार बन गए। पुलिस द्वारा 251 मोबाइल में बिजनौर के 104 मोबाइल हल्दौर के 8 मोबाइल, मंडावर के 5 मोबाइल, नजीबाबाद के 10 मोबाइल, मंडावली 1 किरतपुर के 29 मोबाइल नंगल के 5 मोबाइल, नगीना के 7 मोबाइल, नगीना देहात के 2 मोबाइल, कोतवाली देहात के 5 मोबाइल, चांदपुर के 11 मोबाइल, हीमपुर दीपा के 18 मोबाइल, शिवालाकलां





के 7 मोबाइल, नुरपुर के 13 मोबाइल, धामपुर के 6 मोबाइल, स्योहारा के 6 मोबाइल, नहटौर के 9 मोबाइल, अफजलगढ 1 मोबाइल, शेरकोट के 3 मोबाइल और रेहड़ से 1 गुमशुदा हुए मोबाइलों को बरामद किया। वही पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि कुछ मोबाइल फोन आंध्र प्रदेश जैसे दूर के राज्यों से भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सर्वेलेंस और पुलिस के माध्यम से इन सभी फोनों को बरामद करके मालिकों को लौटाया गया है। मोबाइल फोन वापस पाने वाले लोगों ने बिजनौर पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस पहल से पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ने की उम्मीद है। बिजनौर पुलिस के इस कार्य से जनपद में चारों ओर बिजनौर पुलिस के कार्य सराहना और प्रशंसा की जा रही।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी में लगी जिलाधिकारी, तैयारी के संबंध में ऑनलाइन की मीटिंग



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी कौर की अध्यक्षता में अपराह्न 03:00 बजे स्वतंत्रता दिवस समारोह को परंपरागत, हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाये जाने के लिए सभी व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में ऑनलाइन बैठक आयोजित कि गई। उन्होंने कहा कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाले आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को परंपरागत, हर्षोल्लास एवं आर्कषक तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 13,14 व 15 अगस्त को आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया जाए उसके बाद ही साफ-सुंदर भवनों पर तिरंगा फहराया जाए। उन्होंने कहा कि झंडा संहिता का पालन सुनिश्चित करें, प्लास्टिक के झंडे का प्रयोग न हो। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे तिरंगा रैली निकल जाएगी जिसमें पर्यावरण तथा वृक्षारोपण जागरूकता के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया जाएगा। प्रातः 10:00 बजे शाम 4:00 बजे विभाजन विभीषिका दिवस का आयोजन किया जाएगा रात 7:00 बजे से जनपद के सरकारी भवनों तथा नगर के मुख्य चौराहों को प्रकाशमय तथा रात्रि 7:30 बजे से स्थानीय इंदिरा बल भवन में रोटरी क्लब द्वारा आजादी पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 15 अगस्त को प्रातः 7:00 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा प्रातः 8:00 बजे सरकारी कार्यालय में झंडा रोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्राप्त होने वाली गाइडलाइन के अनुसार ही सरकारी एवं गैर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वजा रोहण का कार्यक्रम प्रातः 08:00 बजे आयोजित होगा।

# जनपद की बेटियों ने कानपुर में किया जनपद का नाम रौशन



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद पायल वर्मा हिमांशी प्रजापति ने किया खेलो इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन आपको बता दें कि 6 अगस्त से लेकर 8 अगस्त तक कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में चल रही खेलो ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बिजनौर की दो लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें की पायल वर्मा का पहला मैच आगरा के साथ हुआ जिसमें पायल वर्मा ने 5 /3 के स्कोर से आगरा को हराया वहीं कस्तूरबा गांधी नगीना की हिमांशी प्रजापति की पहली फाइट बरेली के साथ हुई जिसमें हिमांशी प्रजापति ने 7/5 के स्कोर से बरेली को हराया दोनों ही बेटियों ने टीम कोच मीनाक्षी चौधरी की देख रेख में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और क्वार्टर फाइनल में दोनों ही बच्ची बहुत अच्छा खेलते हुए मेडल से चूक गई। दोनों ही लड़कियों को कोई मेडल नहीं आया यह सभी जानकारी आदर्श नगर नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी के ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा ने दी।

# कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

## नजीबाबाद क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रही है कांग्रेस पार्टी

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** विधानसभा में संगठन सर्जन अभियान के अन्तर्गत एक समीक्षा बैठक आचार्य आर एन केला इन्टर कालेज नजीबाबाद में हुई जिसमें जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, और आर के सिंह का नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के साथ उनकी पूरी कमेटी ने फूल मालाओं से स्वागत किया। बैठक में मुख्य अतिथि (R.T.R, IAS) आर के सिंह सहाब रहे। (निवर्तमान प्रदेश सचिव) अनीस विशाल अंसारी ने कहा उत्तर प्रदेश कांग्रेस द्वारा एक नये युग की शुरुआत हो गई है संगठन सर्जन अभियान के रूप में यह केवल एक अभियान नहीं है, एक व्यापक जन जागरण है जिला अध्यक्ष ने कहा मुझे गर्व है कि हम सब एक एतिहासिक यात्रा के हिस्सेदार हैं जहां संगठन की रीढ़ को फिर से सशकत किया जा रहा है, बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक इस अभियान का उद्देश्य केवल संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना नहीं है, बल्कि उन युवाओं, महिलाओं किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज को फिर से राजनीतिक केंद्र में लाना है। नजीबाबाद विधानसभा प्रभारी व (जिला सचिव) हाजी नसीम अंसारी ने संगठन सर्जन अभियान को और मजबूत करने पर जोर दिया जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में पान्ना हींमपुर के ग्राम प्रधान मोहम्मद अय्यूब ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए, नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, ने कहा नगर में सभी बूथों पर कमेटी बनाई जा रही है, और नजीबाबाद में कांग्रेस मजबूती से खड़ी हो रही है।

बैठक की अध्यक्षता हैनरीता राजीव सिंह ने और संचालन जिला उपाध्यक्ष नजीबाबाद प्रभारी सलाउद्दीन सेफी ने किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष विश्वमोहन, साहनपुर नगर अध्यक्ष मास्टर मकसूद, विधी विभाग के नगर चेयरमैन बिलाल एडवोकेट, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सिराजुद्दीन खां हाजी हनीफ सिद्दीकी अमजद सिद्दीकी, डॉक्टर मजहर आलम, महमूद कुरैशी, नदीम फारूकी, नईमुल अख्तर, डॉक्टर भानू प्रसाद, सभासद फुरकान, डॉक्टर इलियास, दिलशाद,शेर अली ज़फ़र आलम, शराफ़त चौधरी आदि मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह के अंतर्गत जनपद में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर जनपद में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं जनमानस में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से निकाली गई।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने पुलिस लाइन से किया, जो जिला परिषद, अम्बेडकर चौराहा एवं मच्छर चौराहा होते हुए टाउन हॉल तक पहुँची। यात्रा मार्ग में देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराते तिरंगे और युवाओं के जोशीले नारों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार स्वयं यात्रा में सम्मिलित हुए और आमजन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलकर देशभक्ति का संदेश दिया। इनके साथ-साथ गणमान्य नागरिक, विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, तथा सामान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रास्ते भर लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। घरों और दुकानों पर तिरंगे फहराते नजर आए। जिनमें स्वतंत्रता संग्राम की झलकियाँ और राष्ट्रभक्ति के भाव देखने को मिले।

जिलाधिकारी ने कहा कि काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐतिहासिक पड़ाव है, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की नींव को हिलाया था। काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐतिहासिक अध्याय है, जिसने भारत की आज़ादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। यह केवल एक डकैती नहीं, बल्कि अंग्रेजी शासन के विरुद्ध एक साहसिक और सुसंगठित क्रांतिकारी कदम था। आज जब हम उसकी शताब्दी मना रहे हैं, तो यह हमारा कर्तव्य है कि उस बलिदान की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाएं। तिरंगा यात्रा न केवल श्रद्धांजलि है, बल्कि देशभक्ति की भावना को प्रबल करने का माध्यम भी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि काकोरी कांड के क्रांतिकारियों ने जो साहस दिखाया, वह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा है। देशभक्ति केवल भावनाओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हमारे आचरण, कर्म और कर्तव्यों में भी परिलक्षित होनी चाहिए। तिरंगा यात्रा जैसे आयोजन हमें याद दिलाते हैं कि आज़ादी की कीमत क्या थी और इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी किसकी है। युवाओं से तकनीक, शिक्षा और सेवा के माध्यम से राष्ट्र को आगे बढ़ाएं और एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। यही सच्ची देशभक्ति है। यह तिरंगा यात्रा जनपद के नागरिकों के लिए एक प्रेरणादायक अवसर बनी, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने एकजुट होकर गौरवशाली इतिहास को नमन किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मंजिल राजेश कुमार वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह आदि अधिकारी सहित गणमान्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 30 सितम्बर तक संचालित

अवधनामा संवाददाता

**मामले का निस्तारण सुलह समझौता के माध्यम से करा सकते है**

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के माध्यम से अवगत कराया गया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के तत्वावधान में संपूर्ण राष्ट्र में और जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के दिशा-निर्देशन में दीवानी न्यायालय अलीगढ़, परिवार न्यायालय, वाज्यिक न्यायालय, मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग व वाह्य स्थित न्यायालयों में लम्बित मामलों का निस्तारण मध्यस्थता एवं सुलह केन्द्र अलीगढ़ के माध्यम से 30 सितम्बर तक ''राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान'' चलाया जा रहा है।

अपर जिला जज, पूर्णकालीन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित मामले जैसे- वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चैक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति के बंटवारे, वेदखली, भूमि अधिग्रहण व अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों का निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर कराया जाना है।

उन्होंने वादकारीगण व पक्षकारगण से अपील की है कि यदि उनके उपरोक्त से सम्बन्धित मामले किसी न्यायालय में लम्बित हो तो वे राष्ट्र के लिये मध्यस्थता अभियान 30 सितम्बर तक की अवधि में सम्बन्धित न्यायालय अथवा जिला मध्यस्थता एवं सुलह केन्द्र एडीआर भवन दीवानी न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर अपने मामले का निस्तारण सुलह समझौता के माध्यम से करा सकते हैं।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन कोई घटना नहीं बल्कि चेतना है, जो सामाजिक एवं वैचारिक परिवर्तन की राह दिखाती है। 9 अगस्त 1925 को जब ट्रेन काकोरी रेलवे स्टेशन पहुंची तो हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोशिएसन के साहसी युवा क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश सरकार का खजाना लूट लिया। इस साहसिक योजना का उद्देश्य अंग्रेजी हुकूमत को आर्थिक हानि पहुंचाना और स्वतंत्रता आंदोलन के लिए धन एकत्रित करना था।

उक्त उद्वार परियोजना निदेशक डीआरडीए भालचंद्र त्रिपाठी ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन अवसर पर विकास भवन में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि इन वीर सपूतों राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह और उनके साथियों के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके दिखाई मार्ग पर चलें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने कहा कि आज से 100 वर्ष पूर्व हुआ ट्रेन एक्शन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में युवाओं की भागीदारी, संगठन की शक्ति और बलिदान की भावना का अमिट प्रतीक बन गया है।

इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। विकास भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन कामेश गौतम, राजेंद्र सिंह चौहान, पंकज धीरज, सुरेन्द्र शर्मा का माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पीडी समेत सभी अतिथियों द्वारा विकास भवन परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे घायल एक लुटेरे को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा

अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज क्षेत्र के मो0 शास्त्री नगर द्वितीय के श्री यदुनाथ सिंह सोमवंशी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके गले में पडी सोने की चैन , सोने की अंगूठी तथा मोबाईल फोन छीन लिया गया था । जिसके सम्बन्ध में थाना कमालगंज पर विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर लूट की धारा 309(4) बीएनएस की बढोत्तरी की गई।

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मय हमराह पुलिस बल के कुतबपुर बघार भोजपुर में तलाश वारण्टी वाहन संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग गश्त के दौरान एक मोटर साइकिल पर तीन व्यक्ति कमालगंज की तरफ से आ रहे थे ,पुलिस वालों को देखते ही मोटर साइकिल से भागने लगे ,पीछा करने का प्रयास करने पर पुलिस पार्टी पर फायर करने लगे आत्मरक्षा मे पुलिस पार्टी द्वारा फायर करने से दो व्यक्ति मौके पर घायल हो गये तथा एक व्यक्ति मौके से भागने लगा जिसे पीछा कर गिरफ्तारी किया गया घायल व्यक्तियो एंव पकड़े गये व्यक्तियो से नाम पता पूछा गया तो घायल व्यक्तियों ने अपना नाम 1. निगम पुत्र मलिया निवासी लकूला थाना कादरीगेट 2. गौरव पुत्र अनिल निवासी लालगेट थाना कादरीगेट तथा पीछा करने पर पकडा गया व्यक्ति 03. सचिन पुत्र सुधीर निवासी गंगा नगर लालगेट थाना कादरीगेट बताया।

# कोतवाली प्रभारी ने क्षेत्र के ड्रोन संचालकों के साथ की बैठक

**उरई (जालौन)।** कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने क्षेत्र के ड्रोन संचालकों के साथ बैठक की और ड्रोन संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बिना लिखित अनुमति के ड्रोन का संचालन न करने का आदेश दिया। निर्देश न मानने पर कार्यवाही की भी बात कही।

कोतवाली में आयोजित ड्रोन मालिक व संचालकों के साथ बैठक में कोतवाली प्रभारी अजीत कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ड्रोन का संचालन बिना लिखित अनुमति के नहीं किया जाएगा न उन्हें उड़ाया जाएगा।बताया कि केंद्र सरकार की ओर से जारी ड्रोन नियम 2021 पहले से ही प्रभावी है। ड्रोन परिचालन नीति 2023 में कुछ नए प्रावधान जोड़े गए हैं। इन नियमों के अनुसार सभी ड्रोन संचालकों को सूचना दर्ज कराना आवश्यक है। किसी भी स्थिति में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने पर सख्त पाबंदी होगी।

# मुलायम सिंह यूथ डिग्रेड का पदाधिकारी संगठन के साथ खड़ा है : इजहार खान



अता उल्लाह खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इजहार खाँ के शमशाबाद मो0 कोटला स्थित आवास पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इजहार खाँ ने की। बैठक में जिला संगठन की तरफ से कार्यक्रम प्रभारी/मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिला महासचिव इलियास मंसूरी जी मौजूद रहे।

यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए जिला महासचिव ने कहा कि हमें बड़ी जीत के लिए छोटी-छोटी लड़ाइयों को छोड़ना पड़ेगा, हमारा मकसद किसी को हराने का नहीं है बल्कि पीडीए को जिताने का है। इसलिए दूसरे की हार का तरीका बनाने की जगह अपनी जीत के फार्मूले पर काम करो और वो फार्मूला है पीडीए का, जिसका कोई काट किसी के पास नहीं है। इसलिए पीडीए को जितना मजबूत कर लोगे उतनी ही हमारी जीत मजबूत होती जाएगी। इजहार खाँ ने कहा कि आने बाले चुनाव के लिए हो रही तैयारियों में यूथ ब्रिगेड का एक-एक पदाधिकारी जिला संगठन के साथ खड़ा है।

# शोध और नवाचार से बढ़ेगी गन्ना उत्पादक किसानों की आमदनी : डॉ. पाठक

**एमजीयूजी के कृषि संकाय में विशेष व्याख्यान का आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के कृषि संकाय में शुक्रवार को कृषि अनुसंधान एवं विकास की उन्नत तकनीकों और नवाचारों पर केंद्रित विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के पूर्व निदेशक डॉ. अश्विनी पाठक उपस्थित रहे।

डॉ. पाठक ने भारत में गन्ना के क्षेत्र में शोध और विकास पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गन्ना फसल के इतिहास, उन्नत किस्मों के विकास, रोग एवं कीट प्रबंधन, उत्पादन में नवीनतम तकनीकी सुधार, भूमि एवं जल संरक्षण पद्धतियों, गन्ना आधारित उद्योगों के विस्तार और मूल्य संवर्धन की संभावनाओं पर विद्यार्थियों के साथ विचार साझा किए। कहा कि गन्ना अनुसंधान की चुनौतियों और अवसरों को समझते हुए युवा वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों को शोध और नवाचार की ओर उन्मुख होना चाहिए। शोध और नवाचार के केंद्र में किसानों की आमदनी बढ़ाने का ध्येय मुख्य रूप से होना चाहिए। स्वागत संबोधन अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. विमल कुमार दूबे, संचालन डॉ. आयुष कुमार पाठक और आभार ज्ञापन डॉ. शाश्वती प्रेम कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. नवनीत सिंह, डॉ. सच्चिदानंद सिंह, सुरेश कुमार निषाद, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह डॉ. यशलोक सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# विद्यालय में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत भारत भारी के बढ़नी कोल्ड स्टोरेज स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल किड्स एकेडमी में शुक्रवार को रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक इस पर्व को बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ मनाया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सुंदर-सुंदर राखियां बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा सृजनशीलता, सुंदरता और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। कक्षा 4 की छात्रा इकरा ने शानदार डिजाइन और आकर्षक रंग संयोजन के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3 की छात्रा महक को सादगी और पारंपरिक डिजाइन के लिए द्वितीय स्थान मिला, जबकि कक्षा 5 के श्रेयांश को अनूठी शैली और सुंदर कार्य के लिए तृतीय स्थान पर चुना गया।

विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों से भी जोड़ते हैं। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य शहजाद आलम, डायरेक्टर गुफरान अहमद, शिक्षक गौतम कुमार सहित पूरा विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# गांव के मुख्य मार्गो पर सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाने हेतु बैठक हुई संपन्न

**उरई (जालौन)।** मलकपुरा छिरिया सलेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में शांति व सुरक्षा रखने हेतु ग्राम सुरक्षा समितियां को सक्रिय करने एवं गांव के मुख्य मार्गो पर सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाने हेतु पंचायत भवन में बैठक संपन्न हुई।

कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह की अध्यक्षता में पंचायत भवन में बैठक संपन्न हुई जिसमें गांव की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उपायों पर चर्चा हुई। उन्होंने क्षेत्रीय गांवों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों से सुझाव लिये तथा ग्रामीणों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर पर उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव व आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे तो पुलिस को जरूर सूचित करे। पुलिस आपकी मित्र है। आपके द्वारा दी जाने वाली सूचनाओं की जांच की जायेगी तथा सूचनादाता की पहचान गोपनीय रखी जायेगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जो लोग सक्षम हो वह अपने घर के बाहर सीसी टीवी कैमरा अवश्य

# रक्षाबंधन पर इटवा थाने में अनोखी पहल




**सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा थाने में रक्षाबंधन के अवसर पर एक अनोखी पहल देखने को मिली। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय कमदा लालपुर की की छात्राएं शुक्रवार को इटवा थाने पहुंचीं और वहां तैनात प्रभारी निरीक्षक इटवा श्याम सुंदर तिवारी क्राइम इंस्पेक्टर छोटेलाल सहित पुलिसकर्मियों को राखी बांधी।

छात्राओं ने श्यामसुंदर तिवारी क्राइम इंस्पेक्टर छोटेलाल सहित अन्य पुलिसकर्मियों के हाथों पर राखी बांधी। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को मिठाई भी खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर स्कूल के अध्यापक सहित पुलिसकर्मी 40,50 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को आश्वासन दिया कि वे हमेशा उनकी सुरक्षा का ध्यान रखेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के आचार्य भी मौजूद रहे। आचार्य ने छात्राओं के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके प्रति सम्मान प्रकट करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि छात्राओं का यह प्रयास सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस पहल से पुलिस और आम नागरिकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध मजबूत होने की उम्मीद है।

# गोला में सीआरपीएफ जवान के घर चोरी

**गोरखपुर ।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम भरोह में सीआरपीएफ जवान योगेश पासवान के घर बीती रात चोरी हुई। योगेश की पत्नी संगीता देवी की शिकायत पर थाना गोला में गुरुवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

संगीता देवी ने बताया कि 6 अगस्त को रात करीब दस बजे वह अपनी भतीजी अंतिमा और जेठानी के साथ बरामदे में सो रही थीं। घर के अंदर उनकी मंदबुद्धि पुत्री सो रही थी। रात में छत पर आवाज सुनकर जब वे लोग घर के अंदर गए तो देखा कि 3-4 लोग सीढ़ी से होते हुए छत की तरफ भाग रहे हैं। शोर मचाने पर आसपास के लोग भी आ गए। लेकिन चोर भागने में सफल रहे। संगीता देवी के अनुसार चोर उनका एक सोने का हार, 52 हजार रुपये और एक अंगूठी ले गए। साथ ही उनकी भतीजी अंतिमा का मंगलसूत्र, अंगूठी, नाथिया और मांगटीका भी चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही रात में हल्का दरोगा और सिपाही मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# शहीदों की पुण्यभूमि में वीरों को किया नमन

**गोरखपुर ।** आज शहीदों की पुण्यभूमि डोहरिया कला में श्रद्धा और सम्मान के साथ अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ई शशी प्रताप सिंह ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और वीरों के बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वीडियो बृजेश यादव एवं ऐडियो पंचायत धर्मेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख ई शशी प्रताप सिंह कहा कि शहीदों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता, हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराना चाहिए।

# पुलिस ने दो शातिर चोरों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

**गोरखपुर ।** सहजनवा पुलिस ने 15 मई की रात्रि में डोहरिया कला और बीकौरा गोदाम से चोरी किए गए सामान को बरामद कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी से मामले का खुलासा करते हुए एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सीओ गीडा रत्नेश्वर सिंह के नेतृत्व में थानेदार महेश कुमार चौबे उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह,उपनिरीक्षक जितेंद्र यादव,कास्टेबिल शुभम सिंह संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे।


## सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है जामा मस्जिद खुर्द मुल्ला वाली समिति, मौ0 चौथाई ग्राम रायपुर तहसील-बेहट(सहारनपुर) के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है: राव नादिर अध्यक्ष 2.नफीस अहमद उपाध्यक्ष 3.राव खुशनूद खॉ प्रबन्धक 4. जावेद उपप्रबन्धक 5.अब्दुल कादिर कोषाध्यक्ष 6. श्री राव फुरकान सदस्य 7.अरशद अली सदस्य 8. नवेद अली सदस्य 9. श्री महरोज खाँ सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए हैं यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मस्जिद के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोह स्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मस्जिद के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनि.की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी हुआ है।

**आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
**सहायक रजिस्ट्रार,फर्म्स,सोसाइटीज़ एवं चिट्स,सहारनपुर**


# जुल्फिकार अब्बास जैदी बने सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला महासचिव

जया उल्लाह खान संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के आनुषंगिक संगठन समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अनुमति से जुल्फिकार अब्बास जैदी निवासी हाता रोशन खाँ बजरिया फर्रुखाबाद को सपा अल्पसंख्यक सभा फर्रुखाबाद का जिला महासचिव मनोनीत किया है।

जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने बताया कि जुल्फिकार अब्बास जैदी का परिवार बहुत लम्बे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़ा रहा है संघर्ष के साथी हैं। पार्टी संगठन ने इन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उम्मीद है कि ये अनुशासित तरीके से मा0 राष्ट्रीय अध्यक्ष की पीडीए की विचारधारा को मजबूत करेंगे।

जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि जैदी भाई हमारे पुराने समाजवादी साथी है, बूथ कमेटियों के गठन में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी, इनकी कार्य शैली से प्रभावित होकर ही इन्हें पार्टी ने जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा साजिद अली खान ने कहा कि उम्मीद करते है कि जुल्फिकार अब्बास जैदी जी एक जिम्मेदार साथी के रूप में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

समाजवादी पार्टी के आवास विकास स्थित जिला कार्यालय में फूल मालाओं से जुल्फिकार अब्बास जैदी का स्वागत करते हुए अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने मनोनयन पत्र सौंपा इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, स.मीडिया प्रभारी श्री राधेश्याम सविता एंव नगर अध्यक्ष मोहम्दाबाद श्री मनोज यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# विद्युत पोल पर काम कर रहे प्राइवेट युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत

**उरई (जालौन)।** देर शाम को एक दिल दहला देने वाली घटना में 22 वर्षीय युवक रितेश जाटव की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक युवक ग्राम धंतोली निवासी था और वह प्राइवेट रूप से बिजली के कार्यों में संलग्न था।

सुबह रितेश को प्रवेश वर्मा (टीजी-2) द्वारा हरदोई गुर्जर बुलाया गया था, जहाँ 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर खराब होने की वजह से मरम्मत का कार्य चल रहा था। रितेश को यह कहकर बुलाया गया कि उसे नौकरी दिलवा दी जाएगी। इस सिलसिले में उससे दस्तावेज भी ले लिए गए थे। क्षेत्र के जेई संतोष कुमार ने भी रितेश को भरोसा दिलाया था कि 15 दिन के भीतर उसे नियमित रूप से काम पर रख लिया जाएगा। इस आश्वासन के चलते रितेश बिना किसी औपचारिक नियुक्ति के बिजली के खतरनाक कामों में लग गया। जब वह कार्य कर रहा था, उसने रामकिशोर से शटडाउन की मांग की थी ताकि वह सुरक्षित रूप से खंभे पर चढ़कर मरम्मत कर सके।

# गोला कोतवाल पर पत्रकार को गाली व धमकी देने का आरोप



अवधनामा संवाददाता

**क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौप लगाई न्याय की गुहार**

**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के एक पत्रकार ने गोला कोतवाल पर समाचार संकलन के दौरान गाली गुप्ता व धमकी आदि देने का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी गोला की अनुपस्थिति में कार्यालय प्रभारी को पत्रक देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

गोला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कौवाडील निवासी पत्रकार एचडी शर्मा ने पुलिस को दिए पत्रक के माध्यम से बताया कि वह जनसंदेश टाइम्स अखबार में पत्रकार व तहसील प्रभारी है। बीते छह अगस्त को दिन में 2-23 बजे पंजाब नेशनल बैंक गोला बाजार में एक ठगी व जालसाजी की सूचना मिलने पर समाचार संकलन हेतु गया। उसी दौरान गोला पुलिस पीड़ित व्यक्ति के साथ बैंक में पहुंची तो मैं समाचार संकलन हेतु पीड़ित व्यक्ति से पुछताछ करना चाहा तो गोला कोतवाल ने मुझे गाली देते हुए मुझे मारने का प्रयास किए और साथ ही थाने में बंद करके पीटने की धमकी देने लगे। मैं किसी तरह से पीछे हटकर उनके वार से बचा। इस दुर्व्यवहार की सारी घटना बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद है तथा वहां उपस्थित बैंक के कर्मचारियों व ग्राहकों ने भी इस घटना को देखा है।


## सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्राचीन शिव मन्दिर समिति अहमदपुर ब्राहम्ण, ग्राम अहमदपुर ब्राहम्ण पो0 अलीपुरा तहसील नकुड़,(सहारनपुर) के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है- 1.ब्रज मोहन शर्मा अध्यक्ष 2. अश्वनी शर्मा उपाध्यक्ष 3.गौरव दीक्षित सचिव 4.अंकित वत्स उपसचिव 5.श्याम कुमार कोषाध्यक्ष 6.वैभव शर्मा ऑडिटर 7. हर्ष सैनी सदस्य 8.सुशील कुमार शर्मा 9. आदित्या सदस्य 10.परीक्षित दीक्षित सदस्य 11.अनुज कुमार शर्मा सदस्य 12. रामनिवास सदस्य 13. अभिषेक शर्मा सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के भीतर आपत्ति प्रमाणों सहित अधोह स्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार करना सम्भव न होगा गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की हुआ।

**आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
**सहायक रजिस्ट्रार,फर्म्स, सोसाइटीज़ एवं चिट्स,सहारनपुर।**

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 09 अगस्त 2025



# तेज बारिश के चलते रोडवेज बस पर गिरा पेड़, पांच की मौत

## मृतकों में दो शिक्षिका, लेखपाल और ड्राइवर भी, सीएम योगी ने जताया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिले के जैदपुर थाना इलाके में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें चलती अनुबंधित रोडवेज बस पर एक पेड़ गिर गया ,जिसमें बस के ड्राइवर सहित पांच लोगों की मौत हो गई। ज्ञात हो कि सुबह लगभग 10 बजे बाराबंकी बस स्टॉप से हैदरगढ़ जा रही अनुबंधित बस नम्बर यूपी 41 एटी 7033 हरख ब्लाक के पास पहुची ही थी कि अचानक तेज बारिश के चलते एक पुराना का भारी भरकम पेड़ बस के ऊपर गिर पड़ा। जिसमे बस में सवार दो महिलाएं जिसमे एक शिक्षका व एक लेखपाल समेत बस ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसा इतना भयानक था कि बस में बैठे कई यात्री उसमें दब गए अचानक हुए हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया, मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत रेस्क्यू करना शुरू किया. फंसे यात्रियों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है, ये बस बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही थी। पुलिस ने सभी मृतकों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतकों की पहचान जूही सक्सेना (हरख ब्लॉक), मीना श्रीवास्तव हरख ब्लॉक), एक महिला शिक्षिका रफीकुल निशा (पति मोहम्मद अली, ग्राम भीखीपुर, थाना इन्हौना) और बस चालक संतोष सोनी के रूप में हुई है। बाराबंकी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवधेश यादव ने बताया कि बस पर पेड़ गिरने से हादसा हुआ है, एक घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि को पांच लोगों को मृत हालत में लाया गया है उनकी पहचान कराकर परिजनों को सूचना दी जा रही है। जैदपुर थाने की पुलिस मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है और फंसे यात्रियों को बस से निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया जा रहा है। वहीं इस भीषण हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है साथ ही 5 लाख रुपये सहायता देने की घोषणा भी की है। मुख्यमंत्री ऑफिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि, सीएम योगी ने जनपद बाराबंकी में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है, उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और मृतकों के परिजनों को 05 लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं. साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।





### जर्जर पेड़ो को हटाने की कार्यवाही शुरू

भीषण हादसे के बाद वन विभाग जागी और जर्जर पेड़ों को चिह्नित कर उन्हें हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों। अगर वह विभाग बारिश से पहले ही जर्जर पेड़ो को चिह्नित कर कटवा देता तो ये हादसा नही होता। कही न कही इस हादसे में वन विभाग भी ज़िम्मेदार है। दुबारा इस तरह की घटना ना हो इसके लिये प्रशासन को बारिश के समय पूरी तरह सतर्क रहना होगा।

### पूर्व मंत्री गोप ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

हादसे की खबर जनपद में आग की तरह फैल गई। जब इसकी सूचना सपा के पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह उर्फ गोप अपने कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल पहुचे घायल का हाल जाना उसके बाद मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। जैदपुर के ब्लॉक हरख क्षेत्र के राजा बाजार में रोडवेज की अनुबंधित बस पर पेड़ गिरने से चार महिलाओं एवं एक पुरुष सहित पांच लोगों के निधन की दुखद सूचना प्राप्त होने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप जी ने जिला अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर पहुंचकर घायल का हाल जान ईश्वर से शोकसंतप्त परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति एवं दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### सपा विधायक गौरव ने घायलों का जाना हाल

हरख के ग्राम राजा बाजार के पास यात्रियों से भरी बस पर पेड़ गिरने की इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही जैदपुर के विधायक गौरव कुमार रावत ने तुरंत मौके पर पहुँचकर घायलों का हाल-चाल लिया और जिला प्रशासन तथा चिकित्सकों को घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। विधायक गौरव कुमार रावत ने स्वयं दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर व्यवस्था की जानकारी ली और घायलों को जिला अस्पताल में एडमिट कराया जिनकी स्थिति सामान्य है। गौरव कुमार रावत ने शोक-संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी

### अब्बास ज़ैदी ने नरेंद्र वर्मा का किया स्वागत, बाटे मिठाई



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा को सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने को लेकर युवा अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास ज़ैदी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ नरेंद्र वर्मा का जोरदार स्वागत किया। मोहम्मद अब्बास ज़ैदी ने ख़ुशी जाहिर करते हुये कहा कि नरेंद्र वर्मा को सपा पार्टी में बड़ी ज़िम्मेदारी मिली है। श्री ज़ैदी ने आगे कहा कि नरेंद्र वर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता है और युवा अधिवक्ताओं के हितों के लिये संघर्ष करते रहते है और अधिकारियों से भी भिड़ जाते है।बताते चले कि नरेंद्र वर्मा एक बार महामंत्री एक बार अध्यक्ष पद पर रहे चुके है और वर्तमान में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष है। श्री वर्मा ने अपने पूरे जीवन मे संघर्ष करते रहे है और अधिवक्ताओं के अलावा आम जनता के दुख में खड़े रहते है। इस मौके पर मो आसिफ़, आरपी सिंह, रवि यादव, ज्ञान सिंह, मंज़र अब्बास, रोहित यादव, जयिाउल हक़, राजा चौरसिया, सलमान अहमद, प्रभांशु मिश्रा, ज़ीशान अनवर, गणेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## भूमिका रियल्टी अयोध्या के लिए अमित तिवारी को सेल्स हेड नियुक्त किया

**अयोध्या।** राजस्थान में अपने प्रमुख प्रोजेक्ट्स के जरिए मजबूत उपस्थिति बनाने और दिल्ली-एनसीआर में विस्तार के बाद अब भूमिका रियल्टी ने औपचारिक रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में एंट्री की घोषणा की है। कंपनी लखनऊ और अयोध्या में हाई क्वालिटी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स के साथ विकास की योजना लेकर आई है। योजना के तहत इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मिक्स्ड-यूज डेवलपमेंट पर भी काम हो रहा है। यह कदम कंपनी के रेजिडेंशियल, कमर्शियल, रिटेल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर्स में नॉर्थ इंडिया में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में अहम माना जा रहा है।भूमिका ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, उद्धव पोद्दार ने कहा पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और शहरीकरण बढ़ रहा है। यह हमारे लिए सही समय है कि हम अपने डिज़ाइन-फोकस्ड और ज़िम्मेदार डेवलपमेंट को इस क्षेत्र में लाएं। अमित की लीडरशिप इस विस्तार को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।इस रणनीतिक विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी ने अमित तिवारी को लखनऊ और अयोध्या के लिए हेड ऑफ सेल्स नियुक्त किया है। अमित तिवारी को रियल एस्टेट स्ट्रैटेजी और सेल्स का लगभग दो दशक का अनुभव है। उन्होंने इससे पहले डीएलएफ, ओमैक्स, सिनर्जी एडवाइजर्स और प्रॉमिनेंट एंटरप्राइजेज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में वरिष्ठ पदों पर काम किया है। वह रेवेन्यू ऑप्टिमाइजेशन, मार्केट डेवलपमेंट और चैनल मैनेजमेंट में दक्ष हैं।राजस्थान के अर्बन स्क्वायर मॉल जैसे सफल कमर्शियल और रिटेल प्रोजेक्ट्स के साथ भूमिका रियल्टी अब नॉर्थ इंडिया में बड़े स्तर पर विस्तार की तैयारी कर रही है, जिसकी शुरुआत लखनऊ और अयोध्या से हो रही है। कंपनी यूपी के अन्य शहरों में भी संभावनाएं तलाश रही है।

## मूकबधिर विद्यालय पहुंचीं हेमा पाण्डेय, बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन पर्व

**अयोध्या।** क्लीन साधना ट्रस्ट की संरक्षक हेमा पाण्डेय गुरुवार को मूकबधिर विद्यालय पहुंचीं और वहाँ के विशेष बच्चों संग रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को राखी बांधी और मिठाइयां वितरित कीं। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता देखते ही बन रही थी।हेमा पाण्डेय ने कहा कि जो बच्चे सुन नहीं सकते, बोल नहीं सकते या देख नहीं सकते, ऐसे दिव्यांग बच्चों की सहायता करना समाज का दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आगे आकर ऐसे बच्चों की मदद करें और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करें। इस दौरान विद्यालय स्टाफ व ट्रस्ट के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## नगर निगम के वार्डों में जलभराव, स्वच्छता सर्वेक्षण की पोल खुली



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में 28वें स्थान पर रहे अयोध्या की असली तस्वीर बरसात में सामने आ गई है। नगर निगम के लगभग सभी वार्डों में जलभराव की गंभीर समस्या ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी है। अयोध्या धाम बड़ी छावनी मंदिर के पास, कौशलपुरी, नवीन मंडी, निराला नगर, अश्विनी पुरम, रामनगर, जनौरा, वजीरगंज, लालबाग मोदहा , रेलवे कालोनी जैसे इलाकों में सड़कें पानी से लबालब हैं। नाली और सीवर का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे आमजन और श्रद्धालु दोनों परेशान हैं।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जलनिकासी के लिए लगाए गए पंप केवल दिखावे के लिए चलाए जा रहे हैं। कर्मचारी कुछ समय के लिए आकर फोटो भेज देते हैं और चले जाते हैं।

प्रभावी मॉनिटरिंग और जवाबदेही के अभाव में लोग निगम प्रशासन से नाराज हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो अयोध्या की स्वच्छता रैंकिंग केवल एक छलावा बनकर रह जाएगी।

### रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर नन्हें-मुन्नों संग पुलिस अधिकारियों ने बांटी खुशियाँ

**अयोध्या।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को अयोध्या में सौहार्द और स्नेह का अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब नव नियुक्त सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ लाइन देवेश चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी और क्षेत्राधिकारी सदर जोगेंद्र कुमार ने डीआरएम एवं कैंब्रियन विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

इस अवसर पर बच्चों ने पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर पावन पर्व की शुभकामनाएँ दीं। बदले में अधिकारियों ने बच्चों का मुख मिठाई से मीठा कराया और उन्हें सुरक्षा एवं शांति का विश्वास दिलाया। अधिकारियों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई दी।इस आयोजन ने बच्चों और पुलिस के बीच एक मधुर संवाद और विश्वास का सेतु निर्मित किया।

## तेज हवा के चलते 33 हजार हाईटेंशन लाइन खराब, कई गाँव अंधेरे में डूबा

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** शुक्रवार की भोर तेज हवा के साथ शुरु हुई बारिश के दौरान 33 हजार हाइटेशन लाइन मे आयी यांत्रिक खराबी के चलते क्षेत्र मे करीब 13 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही इस दौरान लोग पानी एव मोबाईल चार्ज के लिए परेशान रहे। बताते चले कि चंदौली पावर हाउस से 33/ 11 विद्युत उपकेंद्र मसौली को आपूर्ति होने वाली 33 हजार हाइटेशन लाइन मे यांत्रिक खराबी आने के कारण शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे से बिजली गुल हो गयी बिजली न आने के कारण क्षेत्र के करीब 250 गावो मे बिजली की आपूर्ति ठप्प हो गयी हाइटेशन लाइन मे आयी खराबी को ढूढ़ने के लिए सुबह से ही एस डी ओ विमलेश मौर्य, अवर अभियंता लाल जी सिंह सहयोगी विद्युत कर्मियों के साथ पेट्रोलिंग करनी शुरु कर दी काफी मेहनत के बाद दहेजिया गाँव के पास केबिल बाक्स ब्लास्ट मिला जिसको सही करने मे लगे रहे शाम साढ़े 4 बजे रामनगर को जाने वाली 33 हजार हाइटेशन लाइन से जोड़ कर आपूर्ति का संचालन शुरु किया इस दौरान लोग पानी के लिए तरस गये वही लोग मोबाईल चार्ज करने के भटकते रहे। बताते चलें कि चंदौली पावर हाउस से 33/11 विद्युत उपकेंद्र मसौली को आपूर्ति होने वाली 33 हजार हाईटेंशन लाइन खेतो, बागों एव जंगल के बीच से गुजरी है पेड़ो से सटी होने के कारण हवा के झोंके के साथ पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है अक्सर रात्रि में खराबी होने के कारण विद्युत विभाग के अधिकारी एव कर्मचारी खेतो एव बागों में पेट्रोलिंग करने से कतराते है नतीजा यह होता है कि यदि सूरज ढलने के बाद 33 हजार में खराबी आ गयी तो उसे दूसरे ही दिन सही किया जाता हैं इस दौरान लोग गर्मी से परेशान रहते है। शुक्रवार की भोर करीब 4 बजे हाईटेंशन लाइन मे आयी खराबी के चलते करीब 13 घण्टे आपूर्ति ठप्प रही। पेट्रोलिंग के बाद आपूर्ति का संचालन 5 बजे से शुरू किया जा सका। क्षेत्र के करीब ढाई सैकड़ा



गाँवो के करीब दो लाख से अधिक उपभोक्ता बेहाल रहे। अवर अभियंता लाल जी सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह तेज बारिश एव हवा के चलते 33 हजार हाइटेशन विद्युत लाइन ब्रेकडाउन हो गयी थी सुबह से शुरु हुई पेट्रोलिंग के दौरान पता चला कि दहेजिया गांव के निकट अंडरग्राउंड केबिल खराब हो गया है जिसे सही किया जा रहा हैं फिलहाल उपभोक्ताओं की परेशानियों को देखते हुए रामनगर हाइटेशन से आपूर्ति चालू कर दी गयी है।

## विद्यामंदिर क्लासेस ने की वीआईक्यू 2025 घोषणा की

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आईआईटी-जेईई (मेंस एवं एडवांस्ड), नीट, बोर्ड्स और ओलंपियाड जैसी कॉम्पिटीटिव परीक्षाओं की कोचिंग में अग्रणी संस्था विद्यामंदिर क्लासेस (वीएमसी) ने अपने सबसे प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित टेस्ट विद्यामंदिर इंटेलेक्ट क्वेस्ट (?वीआईक्यू) 2025 की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह टेस्ट 28 सितंबर, 5, 11, 12 और 26 अक्टूबर 2025 को विभिन्न स्लॉट्स में आयोजित किया जाएगा और कक्षा 5 से कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए खुला रहेगा। यह टेस्ट ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में उपलब्ध है और राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों की पोटेंशियल और कॉम्पिटीटिव एग्जाम्स के लिए उनकी क्षमता को परखने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इस वर्ष वीआईक्यू में रजिस्ट्रेशन पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे देशभर के छात्र इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। विद्यामंदिर क्लासेस के संस्थापक संदीप मेहता (आईआईटी दिल्ली एलुमनस) ने बताया, ÷इस वर्ष का वीआईक्यू केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि छात्रों के लिए एक लॉन्चपैड है। जो छात्र समय रहते इसमें रजिस्ट्रेशन करते हैं, उन्हें कई विशेष लाभ मिलते हैं जो उनकी अकादमिक यात्रा को सशक्त बनाते हैं। इसमें 2.5 करोड़ तक के नकद पुरस्कार और 100% तक की स्कालरशिप शामिल हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, अकादमिक ईयर की सबसे कम फीस, मौजूदा कक्षा के लिए मुफ्त ऑफलाइन कक्षाएं और ई-स्टडी मटेरियल, निःशुल्क अभ्यास टेस्ट और मॉक बोर्ड परीक्षा का लाभ उठा सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को उनकी मेहनत और भागीदारी के लिए ई-सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। इस वर्ष वीएमसी ने छात्रों के लिए अतिरिक्त विशेष लाभ भी पेश किए हैं। टॉप परफॉर्मर्स को पदक, ट्रॉफी और अन्य प्रशंसा पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, उच्चतम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को वीएमसी के प्रीमियम बैचेज़- सिटाडेल ऑफ एक्सीलेंस (ष्ट्हृश्) और इल्युमिनाटी-में प्रवेश पाने का दुर्लभ अवसर भी मिलेगा, जो अपनी उच्च स्तरीय मेंटरशिप और अकादमिक गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध हैं। वीएमसी का हमेशा से उद्देश्य रहा है छात्रों को समग्र तैयारी के लिए प्रामाणिक पद्धति, कठोर परीक्षण और समर्पित मार्गदर्शन देना। ?वीआईक्यू इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है–प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का मंच प्रदान करता है। छात्र www. vidyamandir.com पर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कर इन असाधारण लाभों और अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।वीआईक्यू सिर्फ एक टेस्ट नहीं, यह अकादमिक उत्कृष्टता और भविष्य की सफलता की दिशा में पहला कदम है।

### चर्चा का विषय बना संविदा एएनएम का स्थानांतरण

**अयोध्या।** स्वास्थ्य विभाग में लगातार चल रहा ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल अब चर्चा का विषय बनता जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को सही दिशा देने के नाम पर जो हो रहा है, उसे कर्मचारी या तो मान नहीं रहे हैं, या फिर उच्च न्यायालय की शरण ले ले रहे हैं। सोहावल सीएचसी के तहसीनपुर सीएचसी पर कार्यरत रही एक संविदा की एएनएम का बार बार किया जा रहा स्थानान्तरण इस समय विशेष चर्चा का विषय बना है। लोग सीएमओ की ओर से जारी किए जा रहे निर्देशों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सोहावल सीएचसी के तहसीनपुर उपकेन्द्र पर तैनात रही संविदा की एएनएम शालिनी सिंह को एक महिला की खुले आसमान के नीचे प्रसव करा देने के आरोप पर सीएमओ डा सुशील कुमार ने 11 अप्रैल को बड़ागांव पीएचसी स्थानान्तरित कर दिया था। उसके खिलाफ जांच चल ही रही थी इस बीच उसने उच्च न्यायालय से सीएमओ के निर्देश पर रोक लगवा ली। सीएमओ ने उच्च न्यायालय के निर्देश का अनुपालन करते हुए 19 जुलाई को शालिनी सिंह का दोबारा स्थानांतरण तहसीनपुर उपकेन्द्र कर दिया। किन्तु शालिनी सिंह ने उच्च न्यायालय व सीएमओ के निर्देश को नहीं माना और पीएचसी बड़ागांव में कार्य करती रही।

## यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** बागापार स्थित किसान सेवा केंद्र पर यूरिया खाद की आपूर्ति न होने के कारण किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खरीफ सीजन में धान की बढ़ती जरूरतों के बीच खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार बीते रात करीब 3 बजे से ही बड़ी संख्या में किसान लाइन में खड़े दिखाई दिए, लेकिन निर्धारित समय पर खाद का वितरण नहीं किया गया। इससे नाराज किसानों ने आरोप लगाया कि खाद का वितरण मनमाने ढंग से और चुनिंदा लोगों को किया जा रहा है।

किसानों का कहना है कि हाल ही में हुई बारिश के बाद धान की फसल को यूरिया खाद की अत्यंत आवश्यकता है। यदि समय पर खाद नहीं मिली तो फसल की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। किसानों ने खाद वितरण व्यवस्था में बड़ी गड़बड़ी की आशंका जताते हुए प्रशासन से इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### आध्यात्मिक संस्था एवं स्कूलों में रक्षाबंधन उत्सव आयोजित



**सिसवा बाज़ार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय नगर सिसवा के शैक्षणिक संस्थाओं एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित कर सामाजिक एकता एवं विश्व बंधुत्व का संदेश दिया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सिसवा इकाई मैं आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में उपस्थित जनों को रक्षा सूत्र बांधकर विश्व बंधुत्व एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया । इस अवसर पर प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिसवा इकाई की संचालिका ब्रह्माकुमारी बहन मनोज ने कहा कि संपूर्ण विश्व हमारा एक परिवार है सभी के सुख शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए । यही संदेश रक्षाबंधन का पर्व भी हमें देता है। रामकिशन मेमोरियल चिल्ड्रन एकेडमी में भीरक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अपने सहपाठी छात्रों एवं उपस्थित अतिथियों को रक्षा सूत्र बांधकर समाज की प्रत्येक बहनों के सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विवेक चौरसिया ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता आपसी विश्वास, सहयोग और एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाइयाँ बाँटी गईं और सभी ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान समाजसेवी अरुण पांडेय , कृष्ण मुरारी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## टीवीएस मोटर कंपनी ने उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को बनाया सशक्त



*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** दुनिया भर में दोपहिया और तिपहिया वाहनों की अग्रणी निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने आज गोरखपुर में अपनी नई आधुनिक डीलरशिप श्री जीकेआरएम व्हील्स एलएलपी का उद्घाटन किया। यह शहर में टीवीएस मोटर की पांचवीं और उत्तर प्रदेश में 166वीं डीलरशिप है। कंपनी ने उत्तर भारत के मुख्य बाज़ारों में अपना फुटप्रिन्ट बढ़ाने की प्रतिबद्धता के तहत यह विस्तार किया है। द्व श्री जीकेआरएम टीवीएस में टीवीएस मोटर का सम्पूर्ण प्रोडक्ट पोर्टफोलियो उपलब्ध होगा जिसमें फ्लैगशिप टीवीएस अपाचे आरआर 310, टीवीएस आईक्यूब, टीवीएस जुपिटर, टीवीएस राइडर शामिल हैं। डीलरशिप सुनिश्चित करेगी कि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सभी सेगमेन्ट्स में मोबिलिटी के विश्वस्तरीय समाधान मिलें। इस नई डीलरशिप में ऑटोमेटेड सर्विस बे, एक प्रीमियम कस्टमर लाउंज और ईवी सर्विसिंग के लिए निर्धारित स्पेस भी होगा, ये सभी सुविधाएं उपभोक्ताओं को इनोवेशन्स से लाभान्वित करने की टीवीएस मोटर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती हैं।

उद्घाटन के अवसर पर श्री यू.बी. पांडेय, वाईस प्रेज़ीडेन्ट- सेल्स, टीवीएस मोटर कंपनी; श्री अरविंद कुमार गुप्ता, एसोसिएट वाईस प्रेज़ीडेन्ट एवं रीज़नल बिज़नेस हैड-नोर्थ ज़ोन, टीवीएस मोटर कंपनी मौजूद रहे।

## केडीआइसी नंदाभार में रक्षाबंधन हर्षोल्लास से मनाया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**चौक (महराजगंज)।** नंदाभार स्थित केडीआइसी विद्यालय में आज रक्षाबंधन का पर्व पारंपरिक उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर भाईचारे, स्नेह और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से सराबोर हो गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपने सहपाठी छात्रों को राखी बाँधी और उनकी लंबी उम्र तथा सफलता की कामना की। रक्षाबंधन समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रों और स्वागत गीतों के साथ हुई। छात्राओं ने रंग-बिरंगी राखियों से अपने ‘भाइयों’ की कलाई सजाई और उन्हें मिठाइयाँ खिलाईं। छात्रों ने भी अपनी ‘बहनों’ को उपहार देकर रक्षा का वचन निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने रक्षाबंधन के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि ÷रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति में



आपसी प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। विद्यालय में ऐसे आयोजनों से बच्चों में नैतिक मूल्यों और आपसी सम्मान की भावना को बल मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। छात्रों द्वारा तैयार किए गए पोस्टर, राखियाँ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम की विशेषता रहीं। बच्चों ने कविता, भाषण और नाटक के माध्यम से रक्षाबंधन के महत्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और पारंपरिक भावना की झलक देखने को मिली। इस दौरान प्रधानाचार्य एसके साहनी, जेपी गौतम, सुनील श्रीवास्तव, जितेंद्र मदेशिया, राजेश शर्मा, हरिपाल राव, अमित पाठक, मोनू शर्मा, पुष्पा मिश्रा, काजल द्विवेदी, मधु पटेल, नेहा, रीता सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### मिलावटी मिठाइयों का लगा भंडार जांच करने में अधिकारी लाचार

**सुबेहा बाराबंकी।** रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से मिष्ठान भण्डार की दुकानों पर केमिकल युक्त मिलावटी मिठाइयां धडल्ले से बेची जा रही है विक्रेता मनमानी कीमत वसूल कर दिन दूनी रात चौगुनी करने मे लगे हैं जिसे खाने के बाद लोग संक्रमण बीमारी की चपेट मे आ सकते हैं । आज शनिवार को क्षेत्र के तमाम चौराहों गांव गिराव में मिलावटी मिठाईयों की दुकानें सजी हुई है। सूत्रों का दावा हैं कि ग्रामीण इलाकों जैसे गेरावा,बलीगेरावा, बिशेनन पुरवा, सराय गोपी, सुबेहा, शनीबाजार, कमेला, शुक्ल बाजार रोड बीरभानपुरवा, चौबीसी, ओहरामऊं, बिददी पुरवा, समेत ग्रामीण क्षेत्र के तमाम चौराहों व नुक्कड़ों पर मिष्ठान भंडार की दुकान सजाकर दुकानदार केमिकल युक्त मिठाइयां मनमाने दामों पर बेचकर ग्राहकों को लूट रहे हैं अक्सर रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार के अवसर पर ख़रीदारों की भीड़ लगी रहती है जिसे खाने के बाद बीमार होना स्वाभाविक है।

## हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की हुई बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** भारतीय जनता पार्टी सिसवा मंडल की तिरंगा यात्रा को लेकर शुक्रवार को ब्लाक सभागार में कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सिसवा विधानसभा के वरिष्ठ नेता अजय श्रीवास्तव ने पार्टी के दिशा निर्देशों को लेकर कार्यकर्ताओं विस्तार पूर्वक चर्चा किया। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा फहराया जाना है और शाम को तिरंगा को ससंम्मान उतारना है।इसी के साथ किसी शहीद स्मारक के आसपास साफ़ सफाई,या शहीद परिवार को सम्मानित करना किया जाना है। इस अवसर पर सिसवा मंडल अध्यक्ष दिपक चौधरी आये सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक रणधीर सिंह ने सभी से अपील किया कि आप लोग अपने बुथ पर पंद्रह अगस्त को हर घर पर तिरंगा लगायेंगे और शाम को तिरंगे को सम्मान सहीत उतारेंगे। इस दौरान नागेन्द्र मल्ल , क्षेत्रीय मंत्री धर्मनाथ खरवार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दयाशंकर सिंह राकेश कन्नौजिया,मंडल महामंत्री राजू सिंह, रामेश्वर जयसवाल, मंडल उपाध्यक्ष राममिलन गुप्ता सुनील पाठक, राकेश दुबे,हरिकिशुन कुशवाहा, सुरेंद्र सिंह, सुनील पांडेय, पिंटु गुप्ता , श्रीराम शाही, प्रेम निषाद, सहीत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देश पंद्रह अगस्त 1947 को आजाद हुआ था : डीएम

- काकोरी कांड यानी काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर हुआ समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** काकोरी कांड यानी काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को तेजगढ़ गांव में स्थित अमर शहीद स्मारक स्थल पर एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और अमर शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और अमर शहीदों ने हमे आजादी दिलाया है। हमारा देश पंद्रह अगस्त 1947 को आजाद हुआ था।आज हम सब स्वतंत्र भारत के नागरिक है। काकोरी ट्रेन एक्शन के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत को हिला देने वाली घटना का अंजाम दिया था। आज यह कार्यक्रम उन्ही वीर सपूतों की याद में आयोजित हो रहा है। आप सभी देश की एकता और अखंडता को बनाए रखें।

उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि आप लोग भाग्यशाली हैं कि यह ग्राम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व द्वारिका प्रसाद यादव की जन्मस्थली है। ।जिलाधिकारी ने बच्चो से कहा कि हमारे जीवन में स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता अत्यन्त ही आवश्यक है। उन्होंने सभी छात्रों से कहा कि अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आईएएस, डाक्टर,वकील व अन्य उच्च पदों पर जाए जिससे आपके ग्राम व जनपद का नाम रोशन हो।जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामना दिया उन्होंने उपस्थित बच्चों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा करने की शुभकामना दिया।कार्यक्रम को बीडीओ कृतिका अवस्थी,पूर्व प्राचार्य के पी त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन धनंजय मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर व जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने द्वीप प्रज्वलितद्वीप प्रज्वलित कर किया । इसके बाद सभी ने वीर सपूत चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व द्वारिका प्रसाद यादव की समाधि पर पुष्प अर्पित किया । इसके बाद कम्पोजिट विद्यालय जनियाजोत के बच्चों ने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत, देशभक्ति गीत व नृत्य पेश किया जिसकी सभी ने सराहना किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर व जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के ध्रुवचन्द,कन्हैया, हरिपाल, रमेश, नरसिंह,रामप्रसाद, हरीश एवं भगौती को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम के अंत में काकोरी ट्रेन एक्शन ÷शताब्दी महोत्सव के अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से उपस्थित ग्रामवासियों को दिखलाया गया।

## दो साइकिल पर लदा सात बोरी यूरिया व एक बोरी डीएपी खाद किया बरामद

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** खुनुवां एंटी स्मगलिंग ड्राइव टीम ने शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे सीमा के नजदीक सटे स्थित परसौना गांव के पास नो मेंस लैंड के करीब कब्रिस्तान के पास से दो साइकिल पर लदा सात बोरी यूरिया व एक बोरी डीएपी खाद बरामद किया। लिखा-पढ़ी करके कस्टम को सुपुर्द कर दिया है।

तस्कर फरार होने में सफल रहे। खुनुवां पुलिस चौकी इंचार्ज ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली कि शुक्रवार की सुबह नो मेंस लैंड के नजदीक स्थित परसौना गांव के रास्ते खाद की तस्करी होने वाली है। इस सूचना पर ड्राइव टीम ने चिन्हित स्थान के रास्ते के किनारे प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल के पीछे छिपकर तस्करों का इंतजार करने लगी, कुछ देर बाद दो लोग दो साइकिल पर खाद लादकर सीमा की ओर जाते दिखाई दिए। टीम ने तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की तो तस्कर नो मेंस लैंड के नजदीक कब्रिस्तान के पास साइकिल व खाद छोड़कर नेपाल की सीमा में भाग गए।

# संस्था की महिलाओं और विद्यालय की बच्चियों ने प्रभारी निरीक्षक और कर्मियों को बांधी राखी

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली बांसी परिसर मे शुक्रवार को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एकल अभियान संच संस्था की महिलाओ तथा प्राथमिक विद्यालय बांसी प्रथम के नन्हे-मुन्ने बच्चें ने अपनी शिक्षिका के नेतृत्व में कोतवाली पर पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी और पुलिस कर्मियों को राखी बांधी।

इस आयोजन से केवल रक्षाबंधन के पर्व की गरिमा को ही नही बढ़ाया, बल्कि पुलिस और समाज के बीच प्रेम, विश्वास और सौहार्द के बंधन को और मजबूत किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बच्चों और उनकी शिक्षिका का स्वागत किया और उनके इस प्रेमपूर्ण प्रयास की सराहना की। अपने संबोधन में कोतवाल ने कहा राखी का यह पवित्र धागा केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि प्रेम और रक्षा का वचन है। इन छात्राओं व शिक्षिकाओं ने हमें राखी बांधकर यह विश्वास जताया है कि हम उनकी सुरक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने बच्चों को उनके स्नेह और विश्वास के लिए धन्यवाद दिया और उनकी शिक्षिका के इस पहल की प्रशंसा की जिन्होंने बच्चों को सामाजिक मूल्यों और आपसी भाईचारे का महत्व सिखाया ।यह आयोजन पुलिस और जनता के बीच सकारात्मक रिश्तों को प्रोत्साहित करने का एक शानदार उदाहरण है।

बांसी पुलिस ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समाज की सुरक्षा के प्रति विश्वास दिलाई। इस दौरान एकल अभियान की बहन सच प्रमुख श्रीमती सरोज जी और आचार्य बहनें जिसमें सुनीता पूनम सोनी सीमा पल्लवी सावित्री देवी शुक्ला सुमन सावित्री प्राथमिक विद्यालय बांसी प्रथम शिक्षक मूदिता सिंह सरिता जायसवाल, आलिया खातून, साधना शिक्षिका छात्राओं नाम प्रियांशी, सिवानी, राखी, ईनायत, सृष्टी, आलिया, गौरी, जोया, सीबा, पलक, महक,मौजूद रहे।

# खुशनसीब इंसान वो है जिसे हज़रत इमाम हुसैन अस की ज़ियारत का मिलता है मौका

- हल्लौर से कर्बला चेहलुम में शामिल होने के लिए रवाना हुआ दूसरा कारवां

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** इराक के पवित्र शहर कर्बला में हजरत इमाम हुसैन अस के रौजे पर चेहलुम में होने वाले कार्यक्रम और हजरत इमाम हुसैन अस व हज़रत अब्बास अलमदार के रौज़े की ज़ियारत के लिए में डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर से जायरीन का दूसरा कारवां शुक्रवार की शाम रवाना हुआ। रवानगी से पूर्व इमाम बरगाहे कला दरगाह चौक में मजलिस आयोजित की गई जिसमें मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने मजलिस को खिताब करते हुए नजफ़ से कर्बला तक की पैदल यात्रा और हज़रत इमाम हुसैन अस के मसायब बयान किया।

मजलिस से पूर्व पेशख़्वानी व मर्सियख्वानी हुई। मजलिस के बाद जायरीन से गले मिलकर विदा किया। सभी जायरीन लखनऊ से दिल्ली पहुंचकर हवाई जहाज से इराक के शहर नजफ पहुंचेंगे। वहां 86 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके कर्बला पहुंचने के साथ वे इमाम हुसैन अस के पवित्र स्थल कार्यक्रम में शामिल होंगे और मुकद्दस जगहों की ज़ियारत करेगे। अरबाईन को जाने वालों में तसकीन हैदर, अर्शी रिज़्वी आदि रवाना हुए है। जायरीन को रवाना करने के दौरान बेताब हल्लौरी, नियाज़ हैदर, कैफी रिज़्वी, मंज़र इमाम, शबीह हैदर, नफीस हैदर एडवोकेट, क़ायनात, रज्जन डिश, उम्मीद, आफ़ताब मीरा प्रेस, अली, साजिद मंटू, आसिफ नेता, गुडडेलाल असगर जमील बबलू शाहरुख सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# टाउन हॉल में आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

- काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण अध्याय है : डीएम

**गोंडा।** गांधीपार्क स्थित टाउनहॉल में काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों को सम्मानित कर देश की स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा को स्मरण किया गया।

इस गरिमामय अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन एवं भाजपा के प्रभारी जिलाध्यक्ष यशवंत लाल सोनकर ने अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के अदम्य साहस, बलिदान और देशप्रेम को नई पीढ़ी तक पहुँचाना। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि काकोरी कांड भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसने युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी सहित सभी क्रांतिकारियों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखा जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को शहीदों के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ एवं स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिसने माहौल को राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। सरफ़रोशी की तमन्ना जैसे गीतों एवं नृत्य-नाटिकाओं ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

# भाई-बहन के असीम प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन आज

- प्यार, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है, रक्षाबंधन
- इस बार ग्रह-नक्षत्रों की दृष्टि से अत्यंत दुर्लभ व शुभ संयोग वाला दिन

कैलाश द्विवेदी

### रक्षाबंधन पर तीन शुभ संयोग भी बन रहे

आचार्य आद्या प्रसाद के अनुसार राखी बांधने का सबसे शुभ समय सुबह 5-47 बजे से दोपहर 1-24 बजे तक रहेगा। इस दौरान कुल सात घंटे 37 मिनट तक बहनें भाई की कलाई पर राखी बांध सकते हैं। आचार्य ने बताया कि इस दिन सूर्य कर्क, चंद्र मकर, मंगल कन्या, बुध कर्क, गुरु और शुक्र मिथुन, राहु कुंभ और केतु सिंह राशि में रहेंगे। सौभाग्य योग, शोभन योग और सर्वार्थसिद्धि योग जैसे तीन शुभ संयोग बन रहे हैं। ये योग सभी राशियों के जातकों के लिए फलदायक रहेंगे।

**सिद्धार्थनगर।** भाई-बहन के असीम प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन इस बार नौ अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। शनिवार को श्रावण पूर्णिमा के दिन दिनभर शुभ योग बने रहेंगे। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा। बहनें दिन में कभी भी अपने भाई की कलाई पर राखी बांध सकेगी। बहनों को राखी बांधने के लिए लगभग सात घंटे का समय मिलेगा।

रक्षाबंधन भारत का एक प्रमुख त्यौहार है, जो भाई-बहन के प्यार, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व सिर्फ एक धागा बांधने का त्योहार नहीं है, बल्कि रिश्तों को और भी मजबूत करने का एक पवित्र अवसर है। इस साल इस दिन काफी शुभ योगों का भी निर्माण हो रहा है। इसके अलावा भद्रा और पंचक का साया भी नहीं रहेगा, जिससे बहनें अपने भाईयों की कलाई में सुबह से लेकर दोपहर तक आराम से राखी बांध सकती हैं।

रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है, जिसे पूरे भारत में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार भाई और बहन के प्रेम और सम्मान का प्रतीक है। रक्षाबंधन को सबसे खास इसलिए माना जाता है क्योंकि इसमें भाई-बहन के रिश्तों की मिठास झलकती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हर साल रक्षाबधंन का पर्व मनाया जाता है. इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर एक खास राखी बांधती हैं, जो सुरक्षा का प्रतीक होती है। राखी बांधने के बाद बहनें भाई की लंबी उम्र और खुशहाली की प्रार्थना करती हैं. बदले में भाई अपनी बहन को उपहार देते हैं।

आचार्य पंडित दयानन्द द्विवेदी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार जब भद्रा भूलोक पर होती है तब शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। इस बार ऐसी कोई स्थिति नहीं होगी। अतः बहनें दिनभर राखी बांध सकती हैं। इतना ही नहीं इस बार यह ग्रह-नक्षत्रों की दृष्टि से अत्यंत दुर्लभ व शुभ संयोग वाला दिन रहेगा। ऐसा संयोग कई वर्षों पूर्व बना था। बताया कि नौ अगस्त शनिवार को श्रवण नक्षत्र रहेगा।

# रक्षा बंधन के पावन पर्व पर बहनों व छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** रक्षा बंधन पर्व की गरिमा और भारतीय संस्कृति की परंपराओं को निभाते हुए, सरस्वती विद्या मंदिर, मालवी नगर, गोण्डा की छात्राओं व ब्रह्मकुमारी आश्रम गोण्डा की बहनों द्वारा एक भावनात्मक एवं अनुकरणीय पहल करते हुए पुलिस कार्यालय/कैम्प कार्यालय गोण्डा पहुंचकर उच्चाधिकारीगण को राखी बाँधी गई।

इस विशेष अवसर पर बालिकाओं/आश्रम की बहनों ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय की कलाई पर राखी बाँधकर उन्हें भाई का स्नेह और सुरक्षा का प्रतीक प्रदान किया। बालिकाओं/बहनों ने तिलक लगाकर एवं आरती उतारते हुए पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार रक्षा सूत्र बाँधा और उनके दीर्घायु, कुशल स्वास्थ्य एवं कर्तव्यों के सफल निर्वहन की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय की आचार्या अनुराधा शुक्ला, पूनम शर्मा, प्रियंका सिंह एवं शशि पांडेय सहित ब्रह्मकुमारी आश्रम की हेड बहन कुमारी चांदनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल के प्रति आभार प्रकट करना तथा बच्चों में सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान एवं आत्मीयता की भावना का विकास करना रहा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बालिकाओं/बहनों द्वारा प्रदर्शित इस स्नेह और सम्मान को अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि ''रक्षाबंधन जैसे पर्वों पर समाज के विभिन्न वर्गों से इस प्रकार का स्नेह मिलना पुलिस बल के मनोबल को और ऊँचा करता है। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज की रक्षा एवं सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहें।''

अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने भी बालिकाओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और विद्यालय परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस आयोजन ने समाज में ''रक्षक और संरक्षक'' के बीच आत्मीय संबंधों की भावना को और भी प्रगाढ़ किया है, जिससे न केवल बच्चों में नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का विकास होता है बल्कि पुलिस विभाग को भी समाज के साथ गहरे संवाद स्थापित करने का अवसर प्राप्त होता है।

## बलवा,मारपीट व जानलेवा हमला करने के 12 आरोपी को हुई सजा

**गोंडा।** थाना को0 देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चिस्तीपुर गोण्डा फैजाबाद मार्ग में दो पक्षों के मध्य जमीन में कब्जेदारी के विवाद को लेकर बलवा करते हुए मार पीट व जानेलवा हमला करने की घटना घटित हुई थी। जिसमें दोनो पक्षों के लोग घायल हो गए थे। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर दोनो पक्षों के मध्य सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा प्रथम पक्ष के 07 व द्वितीय पक्ष के 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेला भेजा गया था।

न्यायालय द्वारा दंडात्मक कार्यवाही हेतु पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे थाना को0 देहात में पंजीकृत अभियोगों मे पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रभारी मॉनिटरिंग सेल, लोक अभियोजक, कोर्ट मोहर्रिर व थाना को0 देहात के पैरोकार की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज प्रथम पक्ष के 7 आरोपी अभियुकतों को 7 वर्ष का कारावास व 64,250/- रू0 का अर्थदण्ड व द्वितीय पक्ष के 5 अभियुक्तों को 2 वर्ष का कारावास व 11,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

# पालिका अध्यक्ष शबाना नाज़ ने सफाई कर्मियों को वितरित किया सेफ़्टी किट



अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद टांडा द्वारा सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए। अध्यक्ष शबाना नॉज और अधिशासी अधिकारी अरविंद त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित किट वितरण कार्यक्रम में कुल 320 सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किट प्रदान की गई।

इस मौके पर कर्मचारियों को ग्लव्स, मास्क, जूते और अन्य सुरक्षा सामग्री से युक्त किट दी गई, जिससे वे अपने कार्य के दौरान सुरक्षित रह सकें।

कार्यक्रम के दौरान पालिका टांडा अध्यक्ष शबाना नॉज ने कहा कि सफाई कर्मी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ होते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा व सुविधा प्राथमिकता है। वहीं, एसडीएम/ईओ टांडा अरविंद त्रिपाठी ने कहा कि नगर पालिका द्वारा समय-समय पर कर्मचारियों के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि वे बेहतर और सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें। सभासद आशीष यादव मोहम्मद अशरफ लाल बाल मोहम्मद हुसैन सफ़ाई नायक मोहम्मद अहमद मेठ हरीशचंद्र पाठक रामचन्द्र आदि मौजूद रहे।

## नपं डुमरियागंज के ईओ ने रक्षाबंधन पर्व पर स्कूल की बच्चियों से बंधवाई राखी



**अवधनामा संवाददाता, डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर नगर पंचायत डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार एवं लिपिक सैश्व हसन ताकीब रिजवी ने एक भावनात्मक पहल करते हुए स्कूली बच्चियों से राखी बंधवाई। स्कूल की बच्चियों ने अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार के साथ साथ लिपिक सैश्व हसन ताकीब रिजवी, सभासद मनोज कुमार और अन्य कर्मचारियों को बड़े उत्साह के साथ कलाई पर राखी बांधी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्बास अली, नगर पंचायत के कर्मचारी अर्पित द्विवेदी, राजेश जायसवाल, हैदर अली, मिथुन, अनिल, विद्यालय के अध्यापकगण, गुड्डू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय के शिक्षिकाओं व छात्राओं ने थाना प्रभारी के कलाई पर बांधी राखी

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली लोटन परिसर मे शुक्रवार को रक्षाबंधन के पावन पर्व से एक दिन पहले कोतवली मे एक अनूठा आयोजन संपन्न हुआ। बगल के प्राथमिक विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी शिक्षिका के नेतृत्व में थाने पर पहुंच कर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज और पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। इस आयोजन से केवल रक्षाबंधन के पर्व की गरिमा को ही नही बढ़ाया, बल्कि पुलिस और समाज के बीच प्रेम, विश्वास और सौहार्द के बंधन को और मजबूत किया। इस दौरान थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने बच्चों और उनकी शिक्षिका का स्वागत किया और उनके इस प्रेमपूर्ण प्रयास की सराहना की। अपने संबोधन में थानाध्यक्ष ने कहा राखी का यह पवित्र धागा केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि प्रेम और रक्षा का वचन है। इन छात्राओं व शिक्षिकाओं ने हमें राखी बांधकर यह विश्वास जताया है कि हम उनकी सुरक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

# ग्राम पंचायत बैरिहवा और बैदौली में चौपाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बैरिहवा में शुक्रवार को ÷गाँव की समस्या गाँव में समाधान÷ करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत सचिव अनूप रावत ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है।

उक्त अवसर पर पंचायत सचिव अनूप रावत, ग्राम प्रधान अनिल कुमार पाण्डेय ,रोजगार सेवक दुखहरन, कोटेदार रामकुमार , पंचायत सहायक हर्षिता त्रिपाठी,आंगनबाड़ी गीता देवी, कोकिला देवी,गिरजा देवी, मनधारी, रंजीत कुमार ,राजेन्द्र कुमार, सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

वहीं ग्राम पंचायत बैदोली में पंचायत सचिव अवधेश कुमार यादव की अध्यक्षता में चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न हुई। जिसमें तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त अवसर पंचायत सचिव अवधेश कुमार यादव, प्रधान प्रतिनिधि धीरेन्द्र गोस्वामी, प्रमोद कन्नौजिया, विंदेश्वरी, राम किशोर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर तीन समितियों के सचिव तत्काल प्रभाव से निलंबित

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी द्वारा बीते गुरुवार को शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं के निरीक्षण दौरान उन्हें तीन साधन सहकारी समिति बंद मिली थी। तीनों समितियों के सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जबकि लोटन ब्लाक के साधन सहकारी समिति सेमरहना के बंद मिलने पर एडीओ सहकारिता की रिपोर्ट पर संबंधि सचिव के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई।

जिलाधिकारी ने पाया कि शोहरतगढ़ ब्लाक अंतर्गत साधन सहकारी समिति (बी.पैक्स) शोहरतगढ़, साधन सहकारी समिति (बी.पैक्स) दोहरिया खुर्द तथा बढ़नी ब्लाक अंतर्गत साधन सहकारी समिति (बी.पैक्स) परसा बंद पाया। डीएम के निर्देश पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने समिति बंद होने को लापरवाही मानते हुए शोहरतगढ़ के सचिव ज्वाला सिंह, दोहरिया खुर्द के सचिव शेषराम यादव, परसा के सचिव राम उजागिर को निलंबित कर दिया है।

# एस एस बी के जवानों को छात्राओं द्वारा बांधा गया रक्षाबंधन



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ठेठरी व सरस्वती शिशु मंदिर लोटन की छात्राओं द्वारा शुक्रवार के दिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान मे भाई बहन के पावन पर्व रक्षा बंधन के एक दिवस पूर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में स्कूल के छात्राओं ने हरिवंशपुर एस एस बी 66 वाहिनी के जवानों को जो देश की सेवा में रात दिन तैनात रहते भाई बहन के पावन पर्व पर अपने घर परिवार से दूर है घर नहीं पहुंच पा रहे है ऐसे जवानों को रक्षाबंधन बांध कर ये संदेश दिया गया की आप भी हमारे भाई और परिवार के सदस्य है आप की एक बहन भले ही आपसे दूर है आप नहीं घर जा सकते तो आप की दूसरी बहन आप के साथ है इस लिए शुक्रवार को एक दिवस पूर्व जवानों के कलाई पर रक्षाबंधन बांध कर उनकी लम्बी उम्र की कामन किया गया तथा जवानों ने भी बहनों के मान सम्मान की रक्षा के लिए बचन दिया। इस दौरान विभाग प्रचारक राजीव नयन,समाज सेवी डा. अशोक कुमार प्रजापति, प्रधानाचार्य आनंद, बब्लू पाण्डेय, रामसहाय, मनोज कुमार दिनेश पाण्डेय, अभिषेक मणि आदि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 29.08.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध अनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 09102025 दिनांक:-07.08.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 21-Sr-DEN-VI-LK0-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत एस.एस.ई/वर्क्स/प्रयाग तथा सहायक मण्डल इंजीनियर–उन्नाव के अन्तर्गत एस.एस.ई/वर्क्स/उन्नाव के अधीन पुलों की विविध मरम्मत का कार्य। |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs. 99,95,682.14 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 1,99,900.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 15.08.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 29.08.2025, 15:00 बजे |
| 9. | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

No: 48WA/Ten/Works/09102025/ Sr. DEN-VI/LKO/2025-26 दिनांक: 07.08.2025 2437/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के

## ट्रंप का तुगलकी टैरिफ

यह अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की कुंठा और हताशा हो सकती है। वह छह माह के कार्यकाल के बावजूद रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने में नाकाम रहे हैं। हालांकि उनका चुनावी दावा था कि राष्ट्रपति बनने के 24 घंटे में ही वह युद्ध रुकवा देंगे। रूस के राष्ट्रपति पुतिन पर भी उन्होंने कई टिप्पणियां की हैं, लेकिन पुतिन ट्रंप को लेकर बेपरवाह हैं। रूस पर ढेरों पाबंदियों के बावजूद अमरीका, रूस के साथ, व्यापार कर रहा है। अमरीका यूरेनियम और रसायनों का इतना बड़ा खरीददार है कि जून, 2025 में 3489 करोड़ रुपए का रूसी सामान खरीदा है। अमरीका के अलावा, चीन और तुर्किये भी रूस के साथ अच्छा-खासा व्यापार कर रहे हैं। चीन पर तो 30 फीसदी का ही टैरिफ अमरीका ने लगाया है। अमरीका का गुस्सा और उसकी खीझ उन देशों के प्रति क्यों नहीं है? राष्ट्रपति ट्रंप अचानक भारत के दोस्त के बजाय 'अशिष्ट' क्यों बन गए हैं? उन्होंने भारत के उत्पादों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ थोपने का कार्यकारी आदेश जारी किया है। हालांकि यह 25 फीसदी टैरिफ 21 दिनों के बाद लागू होगा। अमरीका ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने जुर्माने और प्रतिबंधों की बात भी कही है। आखिर निर्णय क्या रहता है, यह उनकी तुगलकी सोच पर आश्रित करता है, क्योंकि ट्रंप तुगलक की तरह बदलते रहते हैं। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप की रणनीति यह है कि यदि रूसी तेल के राजस्व को तोड़ दिया जाए, तो रूस को युद्ध समाप्त करने को विवश होना पड़ेगा। यह सोच ही कुंठित और अर्द्धसत्य की है, क्योंकि रूस को अमरीका से जो राजस्व मिल रहा है, क्या राष्ट्रपति पुतिन उसे तिजौरी में सजा कर रखेंगे? दरअसल अमरीका को भारत एक 'आसान निशाना' लगता है, लेकिन भारत ने 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ बढ़ाने के आदेश को गलत, अतार्किक और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि रूस के साथ तेल और हथियारों के व्यापार जारी रहेंगे, लेकिन अमरीका के साथ रणनीतिक साझेदारी पर कोई संकट नहीं मंडराएगा।

भारत की यह विनम्र नीति भी उचित नहीं है। अमरीका ने चीन पर जब 145 फीसदी का टैरिफ घोषित किया था, तो चीन ने पलटवार में प्रतिक्रिया जताई थी, नतीजतन राष्ट्रपति ट्रंप की 'हवा' निकल गई थी। अंततः उन्होंने टैरिफ 30 फीसदी तक लुढ़का दिया। यह भारत के साथ भी संभव है, यदि भारत कुछ कड़ा कदम उठाए और व्यापार समझौते को फिलहाल लटका दे। इन स्थितियों में द्विपक्षीय व्यापार समझौता संभव भी नहीं है। अमरीकी राष्ट्रपति फिलहाल बदहवासी मनोस्थिति में लगते हैं। यदि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया जाता है, तो भारत पर 3 लाख करोड़ रुपए का टैरिफ बढ़ेगा। हालांकि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर बहुत कम असर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और प्रमुख आर्थिक एजेंसियों के आकलन हैं कि 2025-26 के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर करीब 6.5 फीसदी रहेगी, जो विश्व में सर्वाधिक होगी। भारत की तरफ से कपड़ा, ऑटो, समुद्री उत्पाद, हीरा, सोना, मशीनरी, इस्पात-एल्युमीनियम, सिले हुए कपड़े आदि क्षेत्रों में निर्यात अमरीका को किया जाता रहा है। अमरीका में 47 फीसदी जेनेरिक दवाएं भारत से जाती हैं। फिलहाल उन पर कोई टैरिफ नहीं है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी-सी दी है कि आने वाले एक-डेढ़ साल में दवाओं पर 150 फीसदी तक टैरिफ लगाया जाएगा। प्रभावित क्षेत्रों में करोड़ों लोग काम करते हैं। यदि इन उत्पादों का निर्यात प्रभावित होता है और अमरीकी बाजार में भारतीय वस्तुएं महंगी मिलती हैं, तो एक नकारात्मक संदेश भी जाएगा। भारत में व्यापार भी प्रभावित होंगे, तो उत्पादन कम होगा, लिहाजा नौकरियों पर भी गाज गिर सकती है।

## चारबाग लखनऊ की पहचान, निर्माण की शान और सांस्कृतिक धरोहर

**ज़की नूर अज़ीम नदवी**

लखनऊ के हृदयस्थल में स्थित चारबाग रेलवे स्टेशन केवल एक यातायात केंद्र नहीं है, बल्कि यह शहर की एक अनोखी पहचान, भारतीय रेलवे के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय और अवध की समृद्ध तहज़ीब व संस्कृति का जीता-जागता प्रतीक भी है। सौ वर्षों से अधिक पुराने इस स्टेशन की दास्तान, एक ओर हमारे भव्य अतीत की साक्षी है, तो दूसरी ओर स्थापत्य कला और तकनीकी कुशलता का वह बेजोड़ संगम भी है, जो आज की आधुनिक दुनिया में भी अपनी विशिष्टता और सुंदरता से सबको चकित कर देता है।

चारबाग स्टेशन की आधारशिला सन् 1914 में रखी गई थी। उस समय जब सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप में रेलवे का जाल बिछ रहा था, लखनऊ जैसे सांस्कृतिक केंद्र को एक ऐसे रेलवे स्टेशन की आवश्यकता महसूस हुई, जो न केवल यात्रा की सुविधा प्रदान करे, बल्कि अपनी वास्तुकला, शैली और गरिमा में भी अद्वितीय हो। लगभग नौ वर्षों के बाद, 1 अगस्त 1925 को इस ऐतिहासिक इमारत का निर्माण पूरा हुआ और भारत को एक ऐसा स्टेशन मिला, जो स्थापत्य कला का अनुपम उदाहरण बन गया।

इस स्टेशन का सबसे पहला आकर्षण इसका अद्वितीय वास्तुशिल्प है। इसकी डिजाइन की ज़िम्मेदारी ब्रिटिश इंजीनियर जे. एच. हार्निमैन ने संभाली, जिन्होंने मुगल और राजस्थानी स्थापत्य शैली का ऐसा सुंदर मेल प्रस्तुत किया कि यह स्टेशन न केवल उस समय की तकनीकी ज़रूरतों को पूरा करता था, बल्कि सौंदर्यबोध और कला की दृष्टि से भी अद्वितीय बन गया। इसके गुम्बद, मेहराबें, मीनारें और संगमरमर से सजी सजावट लखनऊ की नफासत भरी तहज़ीब का प्रतीक बन गई और इसने शहर को एक नई पहचान दी, जो बाद में इसकी सांस्कृतिक धरोहर के रूप में देखी जाने लगी। चारबाग स्टेशन की सबसे खास विशेषता इसकी ध्वनि अभियंत्रण (acoustic engineering) है। कहा जाता है कि जब स्टेशन के भीतर कोई ट्रेन आती या जाती है, तो उसकी आवाज़ बाहर नहीं सुनाई देती। यह किसी साधारण डिज़ाइन का परिणाम नहीं, बल्कि एक ऐसी अद्भुत तकनीकी कुशलता है, जिसके चलते शोर एक सीमित क्षेत्र में ही सीमित रहता है। यह विशेषता आज भी विश्व के कई आधुनिक स्टेशनों में देखने को नहीं मिलती, जबकि चारबाग में यह सौ साल पहले से मौजूद है।

यह इमारत केवल एक स्टेशन नहीं, बल्कि इतिहास की एक जीवित पुस्तक, एक सांस्कृतिक अनुभव और एक स्मृति-स्थल है। रोज़ाना हज़ारों यात्री यहाँ से यात्रा करते हैं, लेकिन वे इसके ऐतिहासिक गौरव को अनदेखा नहीं कर सकते। स्टेशन के भीतर कई चित्र, शिलालेख और स्मृति-चिन्ह संजोए गए हैं, जो इसके गौरवशाली अतीत की गवाही देते हैं। इसकी कुछ गलियाँ आज भी जैसे बीते समय की धड़कनों को संजोए हुए हैं – दीवारों से टकराकर लौटती हर आहट में इतिहास की गूंज सुनाई देती है। 'चारबाग' नाम उस स्थान से जुड़ा है जहाँ कभी मुग़ल काल के चार भव्य बाग़ थे। उन्हीं बाग़ों के आधार पर इस क्षेत्र का नाम चारबाग पड़ा और जब यहाँ स्टेशन बना तो इस नाम को ऐतिहासिक पहचान और स्थायित्व मिला। आज यह स्टेशन केवल एक परिवहन केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मिलन का स्थल, स्मृतियों की भूमि और गुज़रे वक़्त की ख़ुशबू से भरी एक आत्मीय जगह है। चारबाग स्टेशन भारत के उन गिने-चुने स्टेशनों में से है जो अपनी भव्यता, विस्तार और ऐतिहासिक महत्त्व के कारण सदैव विशिष्ट स्थान रखते हैं। संगमरमर से सजी इसकी फ़र्श, मेहराबदार गलियाँ, विशाल हॉल की गूंज और स्थापत्य की बारीकियाँ – हर पहलू में एक गहरी कलात्मकता और सौंदर्यबोध झलकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**भारत के डेयरी, मुर्गीपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 1970 के दशक में शुरू हुई श्वेत क्रांति ने दूध उत्पादन को 20 मिलियन टन से बढ़ाकर 2023-24 तक 239 मिलियन टन कर दिया, जो पूरे यूरोप के बराबर है। 1980 के दशक की नीली क्रांति ने मछली उत्पादन को 2.4 मिलियन टन से बढ़ाकर 2024-25 तक 19.5 मिलियन टन कर दिया, जिससे भारत दूसरा सबसे बड़ा समुद्री खाद्य उत्पादक और निर्यातक बन गया। मुर्गीपालन, घरेलू गतिविधि से आगे बढ़कर एक उद्योग के रूप में विकसित हुआ।**

# भारत में कृषि क्रांति तेज गति से जारी


शिवराज सिंह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, निरंतर सुधारों और किसान-केंद्रित पहलों के कारण कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति हुई है और देश ने धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। कृषि वर्ष 2024-25 के लिए प्रमुख कृषि फसल उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, वर्ष 2024-25 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 353.96 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो अब तक का सबसे अधिक खाद्यान्न उत्पादन होगा और वर्ष 2014-15 (252.02 मिलियन टन) की तुलना में यह 40 प्रतिशत अधिक रहेगा। 1960 के दशक से पहले की जड़ता और खाद्य असुरक्षा को पीछे छोड़ते हुए आज भारतीय कृषि खाद्य अधिशेष प्राप्त करने की स्थिति में आ गयी है, जिससे माल्थस की यह धारणा गलत साबित होती है कि जनसंख्या वृद्धि, खाद्य उत्पादन की तुलना में अधिक हो जाएगी। 1967 में, विलियम और पॉल पैडॉक ने भारत में अकाल की भविष्यवाणी की थी। उनका दावा था कि देश अपनी बढ़ती आबादी का पेट नहीं भर पाएगा। उन्होंने खाद्य सहायता के खिलाफ विवादास्पद तर्क दिया था, क्योंकि उन्हें डर था कि इससे भविष्य में भुखमरी और बढ़ेगी। उच्च उपज वाले चावल और गेहूं की किस्मों, कृषि रसायनों और सिंचाई से संचालित हरित क्रांति ने पैडॉक की भविष्यवाणी को गलत साबित कर दिया। भारत का खाद्यान्न उत्पादन 1966-67 के 74 मिलियन टन से बढ़ाकर 1979-80 तक 130 मिलियन टन हो गया। वार्षिक वृद्धि 8.1 मिलियन टन (2014-2025) के शिखर-बिंदु को छूते हुए 354 मिलियन टन तक पहुंच गई। बागवानी फसलें भी 1960 के दशक के 40 मिलियन टन से बढ़कर 2024-25 में 334 मिलियन टन हो गई, जिसमें हाल ही में 7.5 मिलियन टन की वार्षिक वृद्धि हुई है। विपरीत परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम किस्मों और अनुकूल कृषि पद्धतियों में प्रगति के कारण फसल उत्पादन में भी अधिक स्थिरता आयी है।

भारत के डेयरी, मुर्गीपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 1970 के दशक में शुरू हुई श्वेत क्रांति ने दूध उत्पादन को 20 मिलियन टन से बढ़ाकर 2023-24 तक 239 मिलियन टन कर दिया, जो पूरे यूरोप के बराबर है। 1980 के दशक की नीली क्रांति ने मछली उत्पादन को 2.4 मिलियन टन से बढ़ाकर 2024-25 तक 19.5 मिलियन टन कर दिया, जिससे भारत दूसरा सबसे बड़ा समुद्री खाद्य उत्पादक और निर्यातक बन गया। मुर्गीपालन, घरेलू गतिविधि से आगे बढ़कर एक उद्योग के रूप में विकसित हुआ, जिसमें अंडों का उत्पादन 10 बिलियन से बढ़कर 143 बिलियन हो गया और इसी अवधि में मुर्गी के मांस का उत्पादन 113 हजार टन से बढ़कर 5,019 हजार टन हो गया।



2014-15 और 2023-24 के बीच, पशु-स्रोत से प्राप्त खाद्य के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई दूध में सालाना 10.2 मिलियन टन, अंडों में 6.8 बिलियन इकाई, ब्रॉयलर मांस में 217 हजार टन और मछली (मुख्य रूप से जलीय कृषि) में 0.78 मिलियन टन की वृद्धि हुई। प्रजनन, संसाधन प्रबंधन और कुशल जनशक्ति में तकनीकी प्रगति ने इस तेज वृद्धि को गति दी है। फल, सब्जियां और पशु उत्पाद जैसे उच्च-मूल्य वाले खाद्य पदार्थ अब खाद्यान्न वृद्धि से आगे निकल रहे हैं, जो कृषि विविधीकरण, बेहतर पोषण, किसानों की आय और जलवायु विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

भारत की खाद्य उत्पादन सफलता पोषण, किसानों की आय, जलवायु की विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता और निर्यात को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी व नीति की परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती है। आईसीएआर के शोध से पता चलता है कि कृषि में निवेश पर उच्च आय प्राप्त होती है- अनुसंधान और विस्तार पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये पर क्रमशः 13.85 रुपये और 7.40 रुपये। पीएमकेएसवाई (सिंचाई), पीएम-किसान (प्रत्यक्ष किसान सहायता), राष्ट्रीय पशुधन मिशन और नीली क्रांति जैसी हाल की सरकारी पहलों ने संसाधनों के उपयोग को बढ़ाकर, जोखिमों को कम करके और कृषि-खाद्य प्रणाली में प्रौद्योगिकी अपनाने को प्रोत्साहन देकर कृषि विकास को और मजबूती दी है। 2047 तक, भारत ने विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, इसलिए इसकी अर्थव्यवस्था को सालाना 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। अनुमान है कि 2047 तक देश की जनसंख्या 1.6 अरब हो जायेगी- जिसमें से आधी आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। इस बदलाव से खाद्यान्न की कुल मांग दोगुनी हो जाएगी, फलों, सब्जियों और पशु-आधारित खाद्य पदार्थों की मांग तिगुनी होने की उम्मीद है, जबकि अनाज की मांग स्थिर रहेगी, जिससे अधिशेष की स्थिति बनी रहेगी।

हालांकि, बढ़ते शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण कृषि भूमि 180 मिलियन हेक्टेयर से घटकर 176 मिलियन हेक्टेयर और औसत भूमि जोत 1 से घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाएगी। इससे जल और कृषि रसायनों पर दबाव बढ़ेगा, जिससे संसाधनों का क्षरण होने का खतरा होगा। जलवायु परिवर्तन और भी बड़ा जोखिम है, जो स्थायी कृषि और ग्रामीण आजीविका को खतरे में डालता है। भारत की उभरती कृषि-खाद्य चुनौतियां, उत्पादन-रणनीतियों में बदलाव की मांग करती हैं। प्रतिवर्ष 20 मिलियन टन चावल, जिसकी खेती में अधिक मात्रा में जल की जरूरत होती है, के निर्यात के बावजूद, भूजल की सतत उपलब्धता खतरे में है। इस बीच, भारत खाद्य तेलों और दालों के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, किसानों के हितों की रक्षा करने और संसाधनों के संरक्षण के लिए, फसल नियोजन में स्थायी कृषि पद्धतियों के साथ-साथ तिलहन और दलहन जैसी जल-कुशल फसलों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

विभिन्न बाधाओं के कारण कृषि कार्य में उपयोग न की जाने वाली 12 मिलियन हेक्टेयर चावल-परती भूमि पर भारत दलहन और तिलहन की खेती का विस्तार कर सकता है। हालांकि, कम पैदावार- तिलहन में 18-40 प्रतिशत और दलहन में 31-37 प्रतिशत का अंतर - तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान (वीकेएसए) 728 जिलों में 1.35 करोड़ किसानों तक पहुंचा, किसान-वैज्ञानिक प्रत्यक्ष बातचीत के माध्यम से बेहतर कार्यप्रणालियों को बढ़ावा मिला। उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए, सरकार ने मिशन-मोड में कई योजनाएं भी शुरू की हैं, जो तिलहन, दलहन और कपास के उच्च उपज वाले बीजों पर केंद्रित हैं।

# भारतीय हथकरघा के लिए नवाचार और स्थायित्व के साथ भविष्य बुनना

**हथकरघा क्षेत्र को अधिक लक्ष्य-उन्मुख और लाभदायक बनाने के लिए व्यवसाय-केंद्रित रणनीति आवश्यक है। को-ऑप्टेक्स, बोयानिका अथवा टाटा ट्रस्ट द्वारा अन्तरान जैसे हथकरघा मार्केटिंग संगठनों की केस स्टडी से पता चलता है कि व्यवस्थित योजना, चाहे वह समितियों, सहकारी समितियों के प्रोत्साहन के माध्यम से हो अथवा गैर-लाभकारी संस्थाओं के साथ सहयोग के माध्यम से हो, हथकरघा बुनकरों की आय और आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार ला सकती है।**


गिरिराज सिंह

हथकरघा क्षेत्र भारत में सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है। स्थानीय बुनकरों द्वारा नैतिक रूप से निर्मित हथकरघा और दस्तकारी वस्त्र, बड़े पैमाने पर उत्पादित फास्ट फैशन का एक सार्थक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। ऐसा करके, वे भारत की समृद्ध विरासत को आधुनिक विश्व के लिए एक व्यापक स्थिरता की कहानी में शामिल करते हैं।

टिकाऊ वस्त्र इको-सिस्टम के निर्माण के लिए ग्रामीण हथकरघा और हस्तशिल्प क्लस्टरों को सहायता देना महत्वपूर्ण है। ये क्लस्टर भारतीय शिल्पकला की उन जीवंत परम्पराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें परिवारों और समुदायों द्वारा पीढ़ियों से कायम रखा गया है। निजी क्षेत्र और सामाजिक उद्यमों ने इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। उनका कार्य पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के साथ नवाचार, स्थानीय स्रोत, रि-साईकिलिंग और अप-साईकिलिंग, तथा पारंपरिक प्रथाओं के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने तक फैला हुआ है। ये प्रयास सहयोग के माध्यम से कारीगर समुदायों को सशक्त बनाने, शिल्पकारों और डिजाइनरों के बीच साझेदारी बनाने, उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने और कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। जापान के ओसाका में आयोजित विश्व एक्सपो 2025 और अमेरिका के सांता फे में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लोक कला बाजार जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर भारतीय शिल्पकारों की हालिया भागीदारी उनकी अनुकूलनशीलता और वैश्विक अपील को दर्शाती है।

भारत सरकार अनेक योजनाओं और पहलों के माध्यम से वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र (टेक्सटाइल इको-सिस्टम) का समर्थन करती है। इनमें कच्चे माल की खरीद, करघों और सहायक उपकरणों आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहन, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पारंपरिक हथकरघों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मार्केटिंग प्रयास शामिल हैं। पर्यावरण-अनुकूल और सर्कुलर प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने, जैविक कच्चे माल तक पहुँच में सुधार लाने और नैतिक प्रथाओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने पर भी ज़ोर दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों ने हथकरघा बुनकरों के लिए अवसरों का काफी विस्तार किया है। 'कौशल भारत' और 'डिजिटल भारत' जैसे अन्य कार्यक्रम कारीगरों को अपने कौशल को अपग्रेड करने और अपने कार्यस्थलों से सीधे बड़े बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बना रहे हैं।

इस क्षेत्र के विकास को बनाए रखने के लिए हथकरघा परंपराओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण भी समान रूप से आवश्यक है। वस्त्र मंत्रालय के नेतृत्व में डिजिटल संग्रह, भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष, पारंपरिक और समकालीन



ज्ञान दोनों को संग्रहित करके इस उद्देश्य की पूर्ति करता है। यह मंच अनुसंधान डेटा, डिजाइनर और कारीगर प्रोफाइल, एक वर्चुअल संग्रहालय और डिजिटल प्रदर्शनियां उपलब्ध कराता है, जिससे यह विद्वानों, शिक्षार्थियों और शिल्प उत्साही लोगों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बन जाता है।

हथकरघा क्षेत्र को अधिक लक्ष्य-उन्मुख और लाभदायक बनाने के लिए व्यवसाय-केंद्रित रणनीति आवश्यक है। को-ऑप्टेक्स, बोयानिका अथवा टाटा ट्रस्ट द्वारा अन्तरान जैसे हथकरघा मार्केटिंग संगठनों की केस स्टडी से पता चलता है कि व्यवस्थित योजना, चाहे वह समितियों, सहकारी समितियों के प्रोत्साहन के माध्यम से हो अथवा गैर-लाभकारी संस्थाओं के साथ सहयोग के माध्यम से हो, हथकरघा बुनकरों की आय और आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार ला सकती है।

इसे हासिल करने के कई तरीके हैं। पारंपरिक और आधुनिक, दोनों बाज़ारों के लिए नए डिज़ाइन विकसित करने के साथ-साथ पारंपरिक डिज़ाइनों को पुनर्जीवित करना, खासकर थीम-आधारित प्रदर्शनियों के ज़रिए, ग्राहकों को शिक्षित करने और माँग बढ़ाने में मदद कर सकता है। अंगवस्त्रम, वेष्टी और मुंडू जैसे उत्पादों को भी प्रासंगिक बने रहने के लिए विचारशील डिजाइन नवाचार की आवश्यकता होती है। वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि केवल 22त्न हथकरघा बुनकर साड़ियां बनाते हैं और 19त्न अंगवस्त्रम और इसी तरह के उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे 59त्न ऐसे बुनकर बचते हैं जिन्हें घरेलू साज-सज्जा और वस्त्र सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित और सक्रिय किया जा सकता है। आधुनिक रुचियों के अनुरूप ढलते हुए, भारतीय हथकरघा को परिभाषित करने वाले अद्वितीय क्षेत्रीय कौशल और तकनीकों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। जैविक फाइबर, प्राकृतिक रंगों और टिकाऊ सामग्रियों के उपयोग से हथकरघा उत्पादों का मूल्य और आकर्षण और अधिक बढ़ सकता है। वस्त्र मंत्रालय संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार जैसे पुरस्कारों के माध्यम से बुनकरों के योगदान को सक्रिय रूप से मान्यता प्रदान कर रहा है और उन्हें पुरस्कृत कर रहा है। हाल के वर्षों में, नई श्रेणियां शुरू की गई हैं, जैसे कि महिला बुनकरों, जनजातीय कारीगरों, दिव्यांग बुनकरों, नवोन्मेषी उत्पादक समूहों और हथकरघा के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने वाले डिजाइनरों के लिए पुरस्कार। इसमें एक उल्लेखनीय बात यह है कि युवाओं को युवा बुनकर पुरस्कार भी दिया जाता है, जोकि 30 वर्ष से कम आयु के ऐसे कारीगरों को दिया जाता है, जिन्होंने पारंपरिक तकनीकों में निपुणता प्राप्त कर ली है तथा नवाचार अथवा उद्यमिता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं। ये पुरस्कार न केवल प्रतिष्ठित हैं बल्कि पारदर्शी और लोकतांत्रिक भी हैं, तथा इनके साथ नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिए जाते हैं। संत कबीर, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार विजेताओं को आजीवन 8,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाती है। इसका उद्देश्य हथकरघा के क्षेत्र में नवाचार, विशेष रूप से ऐसी तकनीकों और सौंदर्यबोध को बढ़ावा देना है, जिनकी मशीनों अथवा पावरलूमों द्वारा नकल नहीं की जा सकती है। भारतीय हथकरघा उद्योग का स्थायित्व बनाए रखने के लिए परंपरा और नवाचार दोनों को अपनाने की आवश्यकता है।

भारत कपास, रेशम, ऊन, जूट और नारियल के रेशों जैसे प्राकृतिक फाइबर से समृद्ध है, और यहाँ बाँस, केले के फाइबर, हेम्प और मिल्कवीड जैसी नई सामग्रियों की खोज तेज़ी से हो रही है। कृषि अपशिष्ट की एक बड़ी मात्रा भी अभी तक पूरी तरह से उपयोग में नहीं आ पाई है। इस प्रचुरता के बावजूद, वास्तव में टिकाऊ उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर यार्न और वस्त्र प्रसंस्करण को मजबूत करने की अभी भी आवश्यकता है। वस्त्र क्षेत्र में उद्यमों के सर्कुलर उत्पादन में तेजी आ रही है। वर्तमान समय में भारत की गहन भौतिक संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ रही है, यह केवल यार्न और फैब्रिक में ही नहीं, बल्कि परिधानों के सहायक उपकरणों में भी बढ रही है, जिनका पर्यावरणीय प्रभाव के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है।

# अमेरिकी दादागिरी पर मोदी की ललकार

**भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों और डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए अपना बाजार खोले। लेकिन देश की बड़ी आबादी खेती पर आश्रित है और किसान आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हैं। इसलिये वे सब्सिडाइज्ड अमेरिकी प्रॉडक्ट्स से होड़ नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के जरिये भारत का यही पक्ष एवं किसानों की चिन्ता को रखा है। लेकिन ट्रंप इस चिंता को शायद ही समझें, क्योंकि अब ऐसा लग रहा है कि अपनी हर नाकामी का ठीकरा फोड़ने के लिए उन्हें कोई देश चाहिए।**


ललित गर्ग

देश के अग्रणी कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि-क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ललकारभरे शब्दों में अमेरिकी टैरिफ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा, भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत का द्योतक है। ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ को भारत ने अनुचित एवं दुर्भावनापूर्ण बताया है। भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने के दबाव कभी नहीं आयेगा क्योंकि भारत के लिये यह एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा है। इस समारोह में मोदी ने जो शब्द कहे, वे केवल एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि नये भारत, सशक्त भारत की एक स्पष्ट नीति का घोषणा पत्र है, भारत की नई कृषि रणनीति, आत्मनिर्भरता की भावना और अमेरिकी टैरिफ की दादागिरी को खुली चुनौती है। भारत अब पीछे हटने वाला नहीं है और दुनिया की कोई भी ताकत उसे नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी टैरिफ पर पहली बार प्रतिक्रिया दी, और अमेरिका या डॉनल्ड ट्रंप का नाम लिए बगैर कहा कि किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ भारत कभी समझौता नहीं करेगा। भारत ने इससे पहले ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ को अनुचित, अन्यायपूर्ण और तर्कहीन बताया था। यह विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण है कि ट्रंप बातें रूस की कर रहे हैं, लेकिन यह समझना आसान है कि उनकी निराशा के मूल में भारत के साथ अटकी कृषि ट्रेड डील भी है। वह चाहते हैं कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों और डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए अपना बाजार खोले। लेकिन देश की बड़ी आबादी खेती पर आश्रित है और किसान आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हैं। इसलिये वे सब्सिडाइज्ड अमेरिकी प्रॉडक्ट्स से होड़ नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के जरिये भारत का यही पक्ष एवं किसानों की चिन्ता को रखा है। लेकिन ट्रंप इस चिंता को शायद ही समझें, क्योंकि अब ऐसा लग रहा है कि अपनी हर नाकामी का ठीकरा फोड़ने के लिए उन्हें कोई देश चाहिए। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का दबाव व यूक्रेन युद्ध न रुकवा पाने की हताशा ट्रंप के फैसलों में बौखलाहट के रूप में झलक रही है। पहले उन्होंने चीन पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जब वहां से 'रेयर अर्थ मिनरल्स' के रूप में झटका लगा, तो भारत और रूस से अपनी बात मनवाना चाहते हैं।

हाल ही में अमेरिका द्वारा भारतीय कृषि उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा को प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल अनुचित और एकतरफा करार दिया,



बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब वैश्विक मंच पर दबाव में आने वाला नहीं है। अमेरिका की यह टैरिफ नीति, डब्ल्यूटीओ के सिद्धांतों के विरुद्ध और विकासशील देशों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार का प्रतीक है। भारत पर विशेषकर चावल, गेहूं, दलहन, और मसालों के निर्यात में टैरिफ लगाना सीधे-सीधे भारतीय किसानों की आय पर प्रहार है। ऐसे समय में जब भारत कृषि निर्यात को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है, अमेरिका की यह नीति दादागिरीपूर्ण व्यापारवाद का उदाहरण है। भले ही ट्रंप की टैरिफ पैंतरों ने दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी हो, लेकिन भारत ऐसी चुनौतियों के सामने झुकने वाला नहीं है।

भारत अब केवल अमेरिका या यूरोप पर निर्भर नहीं रहना चाहता। अफ्रीका, खाड़ी देशों, दक्षिण एशिया और पूर्वी एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय कृषि व्यापार समझौते तेजी से किए जा रहे हैं। स्थानीय उत्पादन का प्रोत्साहन, 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' के तहत कृषि प्रसंस्करण इकाइयों को बल दिया जा रहा है, जिससे निर्यात योग्य उत्पादों का मूल्यवर्धन हो सके। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, तकनीक के माध्यम से किसानों को वैश्विक बाजार की जानकारी, टैरिफ डाटा और निर्यात संभावनाओं से जोड़कर किसानों की ताकत को बढ़ाया जा रहा है। भारत टैरिफ के जवाब में टैरिफ की राह पर बढ़ते हुए यदि आवश्यकता पड़ी, तो प्रतिस्पर्धी टैरिफ नीति के तहत अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने से नहीं हिचकिचाएगा। भारत डब्ल्यूटीओ और जी20 आदि मंचों पर आक्रामक कूटनीति का सहारे लेकर अब विकासशील देशों की आवाज बनकर, अमेरिका की एकतरफा नीतियों का जवाब दे रहा है।

देश को धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिये ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ आंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन-यापन का भी प्रश्न है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिये खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिये प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है।

एम.एस. स्वामीनाथन का नाम आते ही भारतीय कृषि का वह स्वर्णिम अध्याय सामने आता है, जब देश अन्न के लिए विदेशों पर आश्रित था और अकाल एक आम त्रासदी हुआ करती थी। 1960 के दशक में स्वामीनाथन ने नॉर्मन बोरलॉग के साथ मिलकर उच्च उपज वाली किस्मों (एचवाईवी), उर्वरकों और सिंचाई तकनीक का ऐसा संगम किया जिसने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुरू हुई हरित क्रांति ने न केवल खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि भारत की कृषि पहचान को वैश्विक पटल पर स्थापित किया। उनकी रिपोर्टें, विशेष रूप से स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें, आज भी किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें बाजार से न्याय दिलाने की कुंजी मानी जाती हैं। उन्होंने 'किसान केंद्रित कृषि नीति' का विचार दिया, जिसमें किसानों को केवल उत्पादनकर्ता नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माता माना गया।

# बांके बिहारी कॉरिडोर मामला- क्या मंदिर आ रहे दर्शनार्थियों को मरने दें : सुप्रीम कोर्ट

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 के तहत गठित राज्य सरकार की समिति के कामकाज को स्थगित रखा जाएगा, जिसे वृंदावन के मंदिर के प्रबंधन का अधिकार दिया गया था। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को हाईकोर्ट में चुनौती देने की अनुमति दी और कहा कि हाईकोर्ट के फैसले तक राज्य की समिति को स्थगित रखा जाएगा। इस बीच, एक अंतरिम समिति बनाई जाएगी, जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश करेंगे और इसमें सरकारी अधिकारी व मंदिर के पारंपरिक सेवायत (गोस्वामी) शामिल होंगे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह भी कहा कि मई



15 के फैसले को कुछ हिस्से को वापस लिया जाएगा, जिसमें राज्य को मंदिर कोष का उपयोग पुनर्विकास कार्यों में करने की अनुमति दी गई थी। भारत सरकार के अधिवक्ता के एम नटराज की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित संबंधित याचिका की कार्यवाही पर रोक लगाई जाने की मांग की गई और इसे डिवीजन बेंच को सौंपने का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दिवान, कपिल सिब्बल और गोपाल शंकरनारायणन पेश हुए, जबकि उत्तर प्रदेश की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल

■ **बांके बिहारी मंदिर का प्रबंधन अब रिटायर्ड हाई कोर्ट जज संभालेंगे**

के.एम. नटराज ने पक्ष रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि वह उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 के तहत गठित समिति के संचालन पर स्थगित करने का आदेश पारित करेगा। इस अध्यादेश के तहत मथुरा, वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर का प्रबंधन सरकार को सौंपा गया था। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को इस अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने के लिए हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया जाएगा और जब तक हाईकोर्ट इस मामले का निपटारा नहीं कर देता, तब तक समिति का संचालन निलंबित रहेगा। मंदिर के सुचारू प्रशासन के लिए इस बीच एक नई समिति का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के पूर्व जज करेंगे। इस समिति में कुछ सरकारी अधिकारी और मंदिर के पारंपरिक संरक्षक गोस्वामी समुदाय के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आदेश कल तक अपलोड कर दिया जाएगा।

जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं से कहा- हम आपको हाईकोर्ट में अध्यादेश को चुनौती देने की अनुमति देंगे। अध्यादेश के तहत बनी समिति का गठन स्थगित किया जाएगा, ताकि हाईकोर्ट के फैसले तक इसे लागू न किया जाए। इस बीच हम हाईकोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में एक समिति बनाएंगे। इसमें कुछ सरकारी अधिकारी होंगे और आपमें से भी कुछ लोग होंगे। हम आपको ब्रोडली बता रहे हैं। हम समिति के अध्यक्ष को अधिकृत करेंगे कि वह कुछ गोस्वामियों को भी शामिल करें। यह समिति क्षेत्र में विकास संबंधी कार्य देखेगी।

## रक्षाबंधन पर रोड़वेज की शुरू हुई महिलाओं के लिए निःशुल्क सेवा

**मथुरा।** रक्षाबंधन पर शुक्रवार से महिलाओं के लिए रोडवेज की निःशुल्क बस सेवाओं का शुरू हो गई। नया बस अड्डे पर रोडवेज बस में सवार महिलाओं को फूल देकर मथुरा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा व परिचालकों ने स्वागत किया। उनके साथ चार साल तक का बच्चा व एक सहयात्री को मुफ्त यात्रा का लाभ दिया जा रहा है। परिचालकों ने महिलाओं को शून्य रुपये का टिकट काटकर दिया।

मथुरा डिपो के पास यूपी परिवहन निगम की 100 व 6 एसी बसें हैं। जबकि 64 बसें अनुबंधित हैं। शासन के निर्देश पर शुक्रवार की सुबह छह बजे से महिलाओं के साथ चार साल का बच्चा व एक सहयात्री को मुफ्त यात्रा का लाभ देना शुरू कर दिया। परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा में आज प्रातः मथुरा केनया बस अड्डे पहुंचकर यात्रा करने वाली बहनों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। एआरएम मदन मोहन शर्मा ने परिचालकों को निर्देश दिए कि बहनों को किसी प्रकार की दिक्कत न होनी चाहिए।

# रक्षाबंधन व जन्माष्टमी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापामार कार्रवाई

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के आदेश पर रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद में अभियान चलाकर कुल 16 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गये।

तहसीलों के खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने कसाई पाड़ा पाण्डे वाली गली गोवर्धन से खोआ व घेवर, नौहझील से घेवर व बर्फी, कोसीकलां से घेवर व बर्फी, बल्देव क्षेत्र से घेवर, राया से सोनपपड़ी व घेवर, दाऊजी की बगीची वृन्दावन से मलाई लड्डू, रूकमणी बिहार वृन्दावन से तैयार सब्जी, डीग अड्डा गोवर्धन स्थित डेयरी से खोआ, मंडी चौराहा मथुरा से सरसों का तेल, मसानी लिंक रोड मथुरा से मोतीकंद और नमकीन,



यमुना विहार लक्ष्मी नगर से कुल्फी के नमूने संग्रहित किये गये। वृन्दावन में बांके बिहारी मंदिर के सामने स्थित मिठाई की दुकान में अस्वच्छकर दशा में बिक्री हेतु भंडारित लगभग 10 किग्रा दूषित पेड़े नष्ट कराये गये। सचल दल का खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह, मोहर सिंह कुशवाह, अरूण कुमार, दलवीर सिंह, राम नरेश, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह एवं रीना शर्मा ने अपने अपने क्षेत्रो में अभियान चलाया।

सहायक आयुक्त ने बताया कि

■ **विभिन्न नगरों व दर्शनीय स्थलों के बाजारों से लिए 16 खाद्य के नमूने**

■ **बांके बिहारी मंदिर के सामने से 19 किग्रा दूषित पेड़े कराए नष्ट**

संग्रहित किये गये उपरोक्त नमूने विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि गत 28 जुलाई से चलाये जा रहे विशेष अभियान में अभी तक कुल 71 खाद्य एवं पेय पदार्थों के नमूने संग्रहित किये जा चुके हैं। खाद्य एवं पेय पदार्थो विशेषकर-खोआ, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां व अन्य खाद्य पदार्थ यथा कुट्टू का आटा, बेसन, मैदा आदि में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान जन्माष्टमी पर्व तक जारी रहेगा।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समापन समारोह के उपलक्ष में आज प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन काकोरी में हुआ जिसमें मुख्यमंत्री सम्मिलित हुए। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में किया गया जिसकी मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा रहीं। कार्यक्रम के पूर्व जिलाधिकारी अनुनय झा, अन्य अधिकारियों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गाँधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने माननीय मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। माननीय मुख्य अतिथि व जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सहित सभी अन्य अतिथियों, अधिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, स्कूली बच्चों ने मुख्य कार्यक्रम के सजीव प्रसारण व माननीय मुख्यमंत्री के सम्बोधन को देखा। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग हमें ज्ञान प्राप्ति के लिए करना चाहिए। हमें अपने शहीदों को नमन करना चाहिए जिनका जीवन देश के नाम बलि चढ़ गया।

## मानसी गंगा में एक दूसरे को बचाने में दो परिक्रमार्थी दोस्त डूबे

**गोवर्धन( मथुरा)।** मानसी गंगा में स्नान करते समय दो नाबालिग दोस्त डूब गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने घटना की जानकारी तत्काल परिजनों को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतपुर के डीग निवासी 16 वर्षीय कृष्णा और फरह निवासी 14 वर्षीय अमन और मोनू तीनों दोस्त एक साथ भरतपुर में पढ़ते है। कल रात को तीनों गोवर्धन परिक्रमा करने के लिए गए थे। परिक्रमा सुबह समाप्त के बाद मानसी गंगा कुंड में स्नान करने चले गये। मानसी गंगा में सर्व प्रथम मोनू स्नान कर बाहर आ गया। उसके बाद कपड़े उतारकर अमन स्नान करने के कुंड में उतरा। स्नान के दौरान अमन का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। अमन में बचाओ..बचाओ चिल्लाया। अपने दोस्त को बचाने के लिए कृष्णा भी पानी में कूद गया।

# हर्षोल्लास से मनाया गया डा. भारती गाँधी का जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रख्यात शिक्षाविद् एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी का 92वाँ जन्मदिवस आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आध्यात्मिकता व ईश्वरीय एकता के सद्भावना पूर्ण माहौल में मनाया गया।

सी.एम.एस. हेडक्वार्टर में आयोजित इस विशेष समारोह में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन, डा. सुनीता गाँधी, श्री विनय गाँधी, श्रीमती मोना गाँधी, श्री राबर्ट गाँधी एवं सी.एम.एस. कार्यकर्ताओं के अलावा साहित्यकार श्री हरि ओम शर्मा व अन्य प्रमुख हस्तियों ने डा. भारती गाँधी को जन्मदिवस की बधाईयाँ देते हुए उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया तो वहीं दूसरी ओर सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में



सी.एम.एस. की सुपीरियर प्रिन्सिपल एवं क्वालिटी अश्योरेन्स एवं इनोवेशन विभाग की हेड सुश्री सुष्मिता घोष के साथ विद्यालय के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों ने डा. भारती गाँधी को बधाईयाँ देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। इसके अलावा, आज दिन भर डा. भारती गाँधी को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस में अध्ययनरत 63000 छात्रों ने भी अपने-अपने विद्यालय प्रांगण में अपनी आध्यात्मिक अभिभावक एवं प्रेरणास्रोत डा. गाँधी का जन्मदिन मनाया और बधाई कार्ड बनाकर अपनी भावनाओं को उकेरा।

इस अवसर पर सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए डा. भारती गाँधी ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि सी.एम.एस. के सभी कार्यकर्ता, शिक्षक व छात्र बड़े मनोयोग से एक ऐसे विश्व के नवनिर्माण में जुटे हैं जिसमें आध्यात्मिकता एवं चारित्रिक उत्कृष्टता की भावना समाहित है। उन्होंने कहा कि सी.एम.एस. के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं, शिक्षकों व छात्रों की बदौलत 'विश्व एकता की गूंज' अब सारे विश्व में सुनाई देने लगी है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूली बच्चों की ने निकाली प्रभात फेरी



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन के उपलक्ष में आज कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ हुई। यह सोल्जर बोर्ड चौराहा, अटल चौक, गांधी भवन से होते हुए वापस कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों में काफी जोश दिखा। उन्होंने देशभक्तिपूर्ण नारे लगाए। सबसे आगे बैंड वाले बच्चे चल रहे थे। पीछे देशभक्तिपूर्ण नारे लिखी तख्तियां व तिरंगा झंडा लेकर अन्य बच्चे जोश के साथ चल रहे थे। प्रभात फेरी का नेतृत्व नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, पीडी अशोक मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम प्रकाश, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जन सुनवाई में प्राप्त हुई 50 शिकायतें



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा सहयोगी अधिकारियों की उनकी टीम ने बड़ी संख्या में आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई के दौरान कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। पात्रों का वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन हेतु आवेदन कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाये गए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों में देरी न की जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। चकरोड पर अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेकर कार्रवाई की जाये।

### एसआरएम पब्लिक स्कूल में मनाया गया राखी उत्सव



**बिलग्राम (अवधनामा संवाददाता)।** सदरपुर बिलग्राम स्थित श्री रामलाल सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन से पूर्व राखी उत्सव मनाया गया। पूरे विद्यालय ने खूब हर्षोल्लास के साथ मनाया। विद्यालय के कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए राखी मेकिंग कम्पटीशन आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं ने सुंदर-सुंदर राखियाँ बनाई। उन्हें अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर बाँधा। सभी बच्चों ने मिलकर रक्षा बंधन से जुड़ी कविताएँ, नाटक और गीत प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की प्री प्राइमरी की छात्राओं ने विद्यालय के प्रबंधक महोदय श्री रजनीकांत सिंह को राखी बाँधी और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। प्रबंधक रजनीकांत सिंह ने इस स्नेह और सम्मान के प्रतीक पर्व की सराहना करते हुए कहा कि रक्षा बंधन केवल एक पारंपरिक त्योहार नहीं।

# सोसल मीडिया पर गौशाला की फोटो और वीडियो वायरल

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** नगर पालिका की गौशाला और बाजार में घूम से भयावह सांड चर्चा का विषय बने हुए है। पालिका पर लापरवाही, अव्यवस्था के आरोप लगे है। गौवंशों की लगातार मौतें और सड़ते शवों से उठती दुर्गंध की पर आस पास के गांवों ने एतराज जताया है। सोसल मीडिया पर भी गौशाला के फोटो और वीडियो वायरल हो रहे है।

पालिका संचालित कान्हा गौशाला सेवा नहीं, सिर्फ शव दिखाई दे रहे हैं। जारी वायरल वीडियो में मृत गायों के शरीर पर कीड़े पड़ चुके हैं और पास का एम.आर.एफ. सेंटर, जो कभी कूड़ा निस्तारण स्थल था, अब 'गौकब्रिस्तान' बन चुका है।

दिखाया गया है। जबकि पालिका उसे बेहतर व्यवस्था की गौशाला बता रही है। वीडियो वायरल होने के बाद शुक्रवार को जेसीबी से खुदाई हुई।



### बाजार में घूम रहे सैकड़ो सांडो से जान का खतरा

**बिलग्राम।** बिलग्राम सदर बाजार में इन दिनों भयावह सांड कर घूम रहे हैं। सावन का महीना चल रहा है, कांवड़ यात्रा चल रही है, हजारों लोग निकल रहे हैं, इस बीच में और भारी भरकम नुकीले सींग वाले सांड लोगों को दौड़ा रहे हैं। पालिका का दावा है कि सारे सांड गौशाला में बंद है। व्यापारी राजपाल ,अनिल का कहना है कई सांड़ तो इस तरह घूम रहे है जैसे पालिका ने परमिट जारी किया हो। गुरुवार को सांडों ने बिलग्राम चौराहे पर उत्पाद मचाया कई लोग इसमें घायल हो गए।

और उनमे म्रत गौवंशो को दफनाया गया। सवाल यह है कि बीमार गायों का समय पर इलाज नहीं किया। भाकियू टिकैत के मंडल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह यादव ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी।

## शेरगढ़ से मथुरा आते डीएम को मार्गों पर मिले गंदगी के ढ़ेर

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को विकास खण्ड छाता की ग्राम पंचायत शेरगढ़ की ओर से जनपद मुख्यालय आते हुए विभिन्न ग्राम पंचायतों में गंदगी व प्लास्टिक के कूड़े का ढ़ेर मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिए की ग्राम पंचायतों सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांवों के मैन मार्गो पर कहीं भी कूड़े व प्लास्टिक के ढ़ेर आगे दिखाई नहीं देने चाहिए। आगे से लापरवाही मिली तो दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने सभी एडीओ और ग्राम पंचायतों के सचिवों को लिखे पत्र में कहा है कि इससे स्पष्ट होता कि सफाई कर्मियों द्वारा ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं किया जा रहा है। उनका पर्यवेक्षण संबंधित सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा नहीं किया जा रहा है।

# महासभा की 141वी गोमती महाआरती व सनातन समागम

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या की श्रावण पूर्णिमा पर आयोजित सनातन समागम एवं 141वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी व पूर्व आईएएस आशा सिंह के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व श्रावण पूर्णिमा पर रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर प्रकृति की रक्षा हेतु वृक्षो को रक्षासूत्र बांधकर गोमती नदी व वृक्षो की रक्षा का संकल्प लिया गया और इसके बाद समाजसेवी सविता दीक्षित के नेतृत्व में वृक्षारोपण भी किया गया और श्री गणेश वंदना के साथ नशा

■ **रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर प्रकृति की रक्षा हेतु वृक्षो को रक्षासूत्र बांधकर लिया संकल्प**

व अपराध मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया महाआरती के बाद संकल्पों के साथ 101 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। कार्यक्रम के बाद में भक्तों ने गुरु पूर्णिमा के प्रसाद ग्रहण किया। हर बार की तरह बाद में 11 सनातन पदाधिकारियों व सदस्यों को गंगाजल व कृपाण व तलवार देकर धर्म विस्तार हेतु संकल्पित कराया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरू, सुधांशु शुक्ल, तेजस्वी गिरी, रमेश चन्द्र बेरी, अंजनी पांडेय, रामकिशोर शुक्ल, शैलेन्द्र, संजीव पांडेय, विजय मिश्र, पूनम शर्मा, शक्ति सिंह, आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा श्रवण से जीवन बदल जाता है : बाल भरत

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में चल रही भागवत् कथा के दूसरे दिन अयोध्या के कथा व्यास बाल भरत जी महाराज ने भाई भाई के प्रेम की कथा सुनाई। गोकर्ण धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि भाई कैसा भी हो लेकिन यदि वह संकट में हो तो उसकी सहायता करना दूसरे भाई का परम कर्तव्य है वही कार्य गोकर्ण जी महाराज ने किया अर्थात धुंधकारी के घोर पापी होने के पश्चात गोकर्ण जी महाराज ने धुंधकारी के लिए गया श्राद्ध के साथ साथ उसके नाम से श्री मद्भागवत कथा का आयोजन भी किया अतः आज कल छोटी छोटी बातों को लेकर एक एक इंच जमीन को लेकर जो सगे भाई आपस में अदालत में केस लड़ते हैं उनके लिए बहुत बड़ा सन्देश है जबकि धुंधकारी तो गोकर्ण का सगा भाई भी नही था।



इसी क्रम में धुंधकारी की मुक्ति की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण के पश्चात धुंधकारी को श्री ठाकुर जी ने सारूप्य मुक्ति प्रदान की जो एक पापी प्रेत था लेकिन श्रीमद्भागवत कथा के प्रभाव से भगवान के स्वरूप में आ गया जैसा कि श्रीमद्भागवत माहात्म्य में वर्णित है। बाल भरत जी महाराज ने कहा कि कोई कितना भी बड़ा अपराधी हो दुष्ट हो लेकिन धुंधकारी के जैसे सत्संग में माध्यम से वह अपने आप को बदल सकता है। इसी क्रम में श्रीमद्भागवत कथा सुनने का विधान सुनाया जिसमें वक्ता और श्रोता दोनों के लिए उचित नियम पालन का विधान बताया।

## भारतीय संस्कृति, संस्कारों व राष्ट्र पर है गर्व : विनोद

**मथुरा।** काकोरी ट्रेन एक्शन के संबंध में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में महापौर विनोद अग्रवाल के साथ जिले जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने देखा। कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में काकोरी ट्रेन एक्शन के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी का महापौर विनोद कुमार एवं विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

महापौर ने कहा कि 9 अगस्त का दिन देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले भारत मां के वीर सपूतों को नमन करने का दिन है। जिन शहीदों ने हमें आजादी दिलाई, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए आज यह कार्यक्रम किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति हमें राष्ट्र के प्रति प्रेम करना सिखाती है। भारतीय संस्कृति, भारतीय संस्कारों व भारतीय राष्ट्र पर गर्व है। भावी पीढ़ी को इससे सीख लेनी चाहिए।

# जन्माष्टमी पर आने वाले श्रद्धालुओं को होगा सुखद अनुभव: जग प्रवेश

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दृष्टिगत नगर आयुक्त जग प्रवेश ने शुक्रवार को राधिका विहार और पालीखेड़ा वार्ड क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष बल देते हुए लापरवाह 10 कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि व्यवस्थाए इस तरह की जाए कि जन्माष्टमी पर मथुरा वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभव हो।

गौरतलब रहे कि नगर आयुक्त द्वारा विभिन्न वार्डो एवं प्रमुख मार्गो का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए जा रहे हैं। शुक्रवार को नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 44 (राधिका विहार), वार्ड संख्या 33 (पालीखेड़ा), मंडी चौराहा तथा इससे जुड़े मुख्य मार्गो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडी चौराहा फ्लाईओवर के नीचे सौंदर्यीकरण को

■ **प्रमुख मार्गो का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश**

पौधारोपण, गमले लगाने तथा दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग कराने के निर्देश अवर अभियंता (निर्माण) को दिए गए, ताकि जन्माष्टमी पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभव हो। एमआरएफ टायर एजेंसी के पास कच्ची एवं टूटी सड़क पाए जाने पर उसे शीघ्र पक्का करने के निर्देश दिए गए। हल्दीराम प्रतिष्ठान के सामने स्थित डलाव घर को व्यू कटर लगाकर कवर करने के निर्देश नेचर ग्रीन कंपनी को दिए गए, जिससे गंदगी का दृश्य बाधित हो और स्वच्छता व सुंदरता बनी रहे। नगर आयुक्त ने मंडी चौराहा एवं जुड़े सभी प्रमुख मार्गो पर श्रद्धालुओं एवं नागरिकों के लिए यातायात सुविधा के दृष्टिगत अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका की जांच में वार्ड संख्या 33 में 4 कर्मी एवं वार्ड संख्या 44 में 6 कर्मी अनुपस्थित पाए गए। इनके विरुद्ध एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। साथ ही वार्ड 44 की उपस्थिति पंजिका में ओवरराइटिंग पाए जाने पर संबंधित सुपरवाइज़र को नोटिस जारी करने एवं पुनरावृत्ति पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस दौरान नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षक को मंडी चौराहा एवं आसपास के सभी मार्गो पर उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, जिससे किसी भी प्रकार की गंदगी दिखाई न दे। स्पष्ट किया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर नगर निगम द्वारा साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, सड़क मरम्मत एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरी की जाएंगी जिससे नागरिकों एवं आगंतुक श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर वातावरण प्राप्त हो सके।

# तकनीकी युग में ज्ञान के संग-संग व्यावहारिक दक्षता भी ज़रूरी: प्रो. द्विवेदी



**अवधनामा संवाददाता**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज़ एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉज़ी-सीसीएसआईटी में जूलिया प्रोग्रामिंग द्वारा आंकड़ा विज्ञान, एंड्रॉइड ऐप विकास (कोटलिन), सीसीएनए नेटवर्किंग, पीएचपी द्वारा वेब विकास, ओरेकल में एसक्यूएल, क्वेरी लेखन, जावा प्रोग्रामिंग, पाइथन प्रोग्रामिंग, आईओटी, ग्राफिक्स डिज़ाइन और मशीन लर्निंग मॉडलिंग सरीखे तकनीकी रूप से समसामयिक विषयों पर प्रोफेशनल शॉर्ट टर्म वैल्यू ऐडेड कोर्सेस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रोफेशनल शॉर्ट टर्म वैल्यू ऐडेड कोर्सेस में थ्योरी और प्रैक्टिकल में अधिकतम 75 छात्रों को प्रति कोर्स 80 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें जिसमें 40 घंटे सैद्धांतिक और 40 घंटे व्यावहारिक शिक्षण शामिल रहा। साथ ही स्टुडेंट्स ने डेटा विश्लेषण, मोबाइल ऐप्स, वेब अनुप्रयोग, नेटवर्किंग, डेटाबेस प्रबंधन, कोडिंग, सेंसर-आधारित स्मार्ट डिवाइस, और मशीन लर्निंग के व्यावहारिक पहलुओं पर कार्य किया। स्टुडेंट्स ने परियोजनाओं, प्रेजेंटेशन और केस स्टडीज़ के माध्यम से अपने नवाचार और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

# जय बुंदेलखंड! हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे



- यूथ फॉर बुंदेलखंड ने सहस्त्रलिंगेश्वर मंदिर में किया रुद्राभिषेक
- पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की प्रार्थना
- पर्यटन, पुरातत्व और युवाओं के रोजगार के लिए पृथक राज्य जरूरी : पुष्पेन्द्र

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** यूथ फॉर बुंदेलखंड संगठन के तत्वावधान में चांदपुर जहाजपुर स्थित प्राचीन सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की प्रार्थना की गई। युवाओं ने संकल्प लिया कि जब तक बुंदेलखंड को उसका हक नहीं मिलता, यह शांतिपूर्ण जनआंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान उपस्थित युवाओं ने स्पष्ट किया कि बुंदेलखंड में पर्यटन, पुरातत्व और सांस्कृतिक धरोहरों की अपार संभावनाएं हैं, परंतु आज भी क्षेत्र बेरोजगारी, पलायन और उपेक्षा का शिकार है। पृथक राज्य ही इसका स्थायी समाधान है। एड. शंकरलाल कुशवाहा ने कहा कि यह आंदोलन किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि यहां के हर युवा, किसान और मजदूर की आत्मा की आवाज है। प्रशासनिक रूप से सक्षम बुंदेलखंड राज्य अब आवश्यकता बन चुका है। एड. पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि बुंदेलखंड की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गरिमा को संरक्षित करने तथा युवाओं के भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए पृथक राज्य निर्माण अनिवार्य है। मुकेश लोधी ने कहा कि आज जब देश के कई छोटे राज्य विकास की मिसाल बन चुके हैं, तब बुंदेलखंड को उसके हिस्से का न्याय न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिषेक के दौरान भगवान शिव से प्रार्थना की गई कि शासन-प्रशासन को सद्बुद्धि मिले और यह मांग जल्द ही नीति-निर्धारकों तक पहुंचे। इस दौरान एड. शंकरलाल कुशवाहा, एड. बृजेन्द्र सिंह चौहान, सचिन जैन, शेरसिंह यादव, रामबाबू चौबे, गौपुत्र प्रशांत शुक्ला, मनीष दुबे दरौनी, आकाश झा, विकास झा, कमलेश लोधी, आशीष साहू, मुकेश लोधी, धर्मेंद्र लोधी, बलराम कुशवाहा, शिवम विश्वकर्मा आदि। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में नारा दिया कि जय बुंदेलखंड! हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे!

# महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधी के स्मृति द्वार पर लगे बैनर से आक्रोश



- लोधी जागृति मंच ने डीएम को भेजा ज्ञापन, 16 अगस्त तक द्वार दुरुस्त कराने की मांग

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधी की स्मृति द्वार एवं लोधी समाज के महापुरुषों के सम्मान को लेकर शुक्रवार को लोधी जागृति मंच के बैनर तले युवाओं ने एकत्र होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की महानायिका महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधी की स्मृति द्वार पर कावड़ यात्रा के दौरान सम्बन्धित एक बैनर लगाया गया है। इस पर मंच ने कहा कि यह स्थान महापुरुषों की स्मृति और सम्मान का प्रतीक के इसलिए यहां किसी भी आयोजन का बैनर या पोस्टर लगाना उचित नहीं है। विगत दिनों निकाली गयी यात्रा के दौरान लगाये गये इस बैनर लगाये जाने से समाज की भावनाएं आहत हुयीं हैं। बताया कि 16 अगस्त 2025 को महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधी का जन्म दिवस है। इससे पूर्व स्मृति द्वार को पूर्ण रूप से दुरुस्त कराये जाने की मांग उठायी गयी है। मंच ने तीन सूत्रीय मांगों को उठाते हुये उनके जल्द निस्तारण की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय भूपेन्द्र सिंह लोधी सूर्या, शशिकान्त राजपूत एड., देवसिंह राजपूत, असवेन्द्र राजपूत, डा.सुरेन्द्र सिंह राजपूत, निहालसिंह लोधी, रहीश सिंह, रामनिवास, हरीबाई लोधी, राव रविन्द्र सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# कचनौंदा बांध डूब क्षेत्र के किसानों ने मांगा पुर्नवास योजना का लाभ

- पात्रों किसानों ने योजना का लाभ दिलाने के लिए किया प्रदर्शन
- डीएम को ज्ञापन भेजकर उठायी जल्द सर्वे कराकर आख्या मंगवाने की मांग



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कचनौंदा बांध परियोजना में डूब क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले किसानों को पुर्नवास को लेकर पूर्व में 24 नवम्बर 2024 को डीएम को पत्र देने के बावजूद भी आज तक मौके की जांच आख्या न आने को लेकर किसानों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजते हुये जांच आख्या मंगवाते हुये किसानों को पुर्नवास योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में किसानों ने जिला प्रशासन को अवगत कराया कि महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम दैलवारा में रहने वाले किसानों की जमीनें जो कि आबादी में थीं कचनौंदा बांध के भराव क्षेत्र में पूर्ण रूप से डूब चुकी है। लेकिन शासन द्वारा स्वीकृत पुर्नवास योजना के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को योजना का लाभ नहीं मिला है। जबकि उपरोक्त बांध में लगभग तीन वर्षों से मकान डूबे हुये हैं। इस सम्बन्ध में किसानों द्वारा मांग उठाने पर सिंचाई निर्माण खण्ड प्रथम के अधिकारी लगातार आश्वासन देते रहे, लेकिन आज तक लाभ नहीं मिला। पात्रता की श्रेणी में आने के बावजूद भी किसानों को लाभ दिलाया जाना न्याय संगत है। किसानों के मुताबिक 28 नवम्बर 2024 को तत्कालीन डीएम को पत्र दिया था, जो 2 दिसम्बर 2024 को एसडीएम महरौनी को जांच कर स्पष्ट आख्या तीन दिन में भिजवाने के लिए आदेश थे। बावजूद इसके आज तक कोई जांच मौके पर नहीं की गयी है। अब ग्रामीणों ने कचनौंदा बांध डूब क्षेत्र के पात्रों को योजना का लाभ दिलाये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय रामकुमार, कमलेश, आजाद, बालचंद्र, अनिकेत, सुनील कुमार, मानकलाल, मुकेश, मनीराम, संजू, देवेन्द्र, गंगाराम, रवि, मुलायम, दीपक, मंत्री, सजय, राहुल, रोहित, जीतन, कृष्णा, मानवेन्द्र, कुन्दन, गब्बर, सिकन्दर, नीलू, मुरारी, सोनू, रामकुमार, बालचंद्र, देशराज, महेश, पवन के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

# पोषण आहार किट का टी.बी. मरीजों को किया वितरण



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी शाखा द्वारा जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र में वर्तमान में उपचार प्राप्त कर रहे क्षयरोगियों के पोषण हेतु टी.बी. मरीजों को पोषण आहार किटों का वितरित किया गया। इस दौरान सोसायटी सचिव डा.एस.पी. पाठक ने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है और पोषक आहार मिलने से टी.बी. मरीज जल्द ठीक होने लगते हैं। क्षयरोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है इससे समाज में बहुत ही धनात्मक ऊर्जा का संचार होगा। कहा कि हम सभी का प्रयास है कि क्षयरोगी जल्दी से स्वस्थ हों और स्वस्थ होकर अन्य लोगों की भांति समाज की मुख्य धारा में जीवनयापन कर सके। यह भी कहा कि अधिक से अधिक क्षयरोगियों का चिन्हित कर उन्हें उपचार पर लाना है, ताकि वर्ष 2025 में भारत को टीबी मुक्त बनाने के अभियान को अधिक गतिशील किया जा सके। उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैद्य ने कहा कि मरीज अपने मुंह पर मास्क अवष्य लगायें, इससे अन्य लोगों को टीबी के संक्रमण से बचाया जा सकता है। इस दौरान क्षयरोग अधिकारी डा.आर.एन.सोनी, डा. एम.एस. तोमर, डा.अजय जैन, डा.शशांक पाठक, डा.अनूप श्रीवास्तव, डा. हुसैन खान, डा. अवधेश यादव, डा.सौरभ सक्सेना, डा. राजेश भारती, उप संरक्षक राजेश लिटौरिया, जिला प्रभारी रेडक्रॉस सोसायटी अजय बरया उपस्थित रहे।

## प्रजापिता ब्रम्हकुमारी विश्वविद्यालय नंदन वन में मनाया गया रक्षाबंधन

**उन्नाव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नंदनवन के सभागार में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। केंद्र संचालिका बीके कुसुम ने रक्षाबंधन पर्व को लेकर बताया कि भारतवर्ष में मनाए जाने वाले पर्व त्यौहार वैज्ञानिक आध्यात्मिक रहस्य से भरे हुए हैं। रक्षाबंधन पर्व एक बहन द्वारा भाई को रक्षा सूत्र बांधकर अपने जीवन की सुरक्षा की गारंटी प्राप्त हो जाने का नहीं है क्योंकि क्या भाई सदा अपनी बहन की भौतिक रूप से सुरक्षा देने में सक्षम व व्यावहारिक है। विवाह बंधन में बंध जाने के बाद वह और भाई तो पृथक पृथक ही रहते हैं और एक अल्पायु का भाई बड़ी बहन के साथ होते हुए भी दुष्टों से रक्षा करने में क्या सक्षम है? हर कल्प में संगम युग में परमात्मा शिव अवतरित होकर विषय विकारों के बंधनों में फसी आत्मा को उनकी सत्य पहचान बताकर और कर्मों के गहन गति का ज्ञान देकर राज योग की शिक्षा देकर कर्मेंद्रियों को संयमित नियंत्रित करने की विधि बताकर स्नेह पवित्रता सूचक रक्षा सूत्र राखी शिव शक्तियों ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा बंधवाते हैं और बहने सभी आत्माओं भाई व बहनों से पवित्र और आत्मिक स्वरूप में रहने का व्रत लेती हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

- पत्थर मंडी कबरई में पर्याप्त बिजली न मिलने का मुद्दा छाया रहा



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से रैपुरा क्षेत्र तथा कबरई स्थित क्रशर मंडी में विद्युत सप्लाई ठीक न होने का प्रकरण व महोबा कबरई के बीच नेशनल हाईवे अथॉरिटी के रोड को मोटरेबल बनाने, जनपद महोबा में पड़ोसी राज्य से खनिजों के अवैध परिवहन तथा कबरई कस्बे में पेयजल की आपूर्ति से संबंधित व जनपद के खनिज न्यास निधि से कराए गए कुछ कार्यों की गुणवत्ता खराब होने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग, एनएचएआई छतरपुर के उपस्थित साइट इंजीनियर, वरिष्ठ खान अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता जल निगम ;नगरीयद्ध को प्रकरणों में समय सीमा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। अगली बैठक से पूर्व प्रगति के बावत अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी नें अधिशाषी अभियंता एनएचएआई छतरपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि कबरई से महोबा को जोड़ने वाली सड़क के गड्ढे शीघ्र भरे जाएं। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि क्रशर से निकलने वाले जिन लोड वाहनों से गिट्टी, डस्ट सड़क पर गिरती है, ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। डीएम ने अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि क्रशर मंडियों के पास अभियान चलाकर बिजली ब्रेकर लगवाए जाएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, महोबा को निर्देशित करते हुए कहा कि राम कथा मार्ग व सुभाष चौकी मार्ग की नालियों की सफाई व्यवस्था की प्रगति फोटो सहित अगली बैठक से पहले प्रस्तुत किए जाएं। बैठक का समन्वय उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज तथा सहायक आयुक्त व्यापार कर प्रशांत राय द्वारा किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश व अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उद्यमी संगठन की तरफ से राम किशोर सिंह, रामजी गुप्ता आदि ने प्रतिभाग किया।

# खुले स्थान पर कूड़ा फेंकने पर होगी जुर्माना की कार्रवाई

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा-कचरा फेंकने वालों पर अब कार्रवाई की जाएगी। उन्होनें स्पष्ट किया कि कूड़ा कचरा निस्तारण अधिनियम 2000 के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति सड़क, नाली, गली या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंकता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध जुर्माना लगाया जाएगा। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार नें बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा साफ-सफाई को लेकर नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है, बावजूद इसके कुछ लोग लापरवाही बरतते हुए सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैला रहे हैं। ईओ ने बताया कि कूड़ा प्रबंधन को लेकर घर-घर से कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था की गई है, फिर भी यदि कोई जानबूझकर सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होनें नागरिकों से अपील की कि वे नगर पालिका की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करें और सूखें व गीले कचडे को अलग अलग पालिका की गाडी में ही डालें। कहा कि पालिका प्रशासन द्वारा नियमित निरीक्षण के साथ साथ प्रथम बार में पॉच हजार रुपये का जुर्माना अथवा एक माह कैद, दूसरी बार में दस हजार रुपये जुर्माना अथवा छह माह कैद की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। यह कदम नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की दिशा में उठाया गया है।

# अधिकारियों ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

- प्रधान प्रतिनिधि व सचिव ने ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत जुनैदपुर में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। चौपाल में ग्रामीणों ने कई महत्वपूर्ण समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

शुक्रवार को विकास खण्ड तालग्राम एडीओ परवेज कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप चौपाल के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार, सचिव सुभाष चंद्र वर्मा, प्रधानाचार्य नूरूल हसन, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन लता व यशोदा ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और अपील की कि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठाएं। चौपाल के दौरान मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान नीतू सिंह, विमला देवी, ममता, रामशरण, कैलाश चंद्र, अवधेश, भैया लाल, सतीश चंद्र, श्याम पाल सिंह, सुनील गौतम, प्रकाश पाल, मुन्नू सिंह ठाकुर, बृजपाल सिंह, जयवीर, अमित कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत

**उन्नाव।** सरस्वती मेडिकल कॉलेज मे इंटर्नशिप कर रही मेडिकल छात्रा की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मेडिकल स्टूडेंट पूर्वी यूरोप स्थित जॉर्जिया नेशनल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद हाल ही में 28 जून को इंटर्नशिप के लिए सरस्वती मेडिकल कॉलेज में आई थी। घटना के समय डॉक्टर त्रिचिका श्रीवास्तव पुत्री धीरज श्रीवास्तव निवासी तहसीनगंज लखनऊ अपने एक साथी के साथ बाइक से ड्यूटी पूरी कर लखनऊ लौट रही थीं। लखनऊ के अमौसी क्षेत्र के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे त्रिचिका की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। त्रिचिका के निधन पर उन्नाव के सोहरामऊ क्षेत्र मे स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. आर.एन.श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# कजली मेला में ड्यूटी लगाए गए पुलिस कर्मचारियों को दिए निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** ऐतिहासिक कजली महोत्सव को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए पुलिस फोर्स की ब्रीफिंग की गई। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने उन्हे ड्यूटी संबंधी दिशा निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस कर्मचारियों को ड्यूटी के बावत ब्रीफिंग की। कजली मेला महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिये एसपी के निर्देशन पर सुरक्षा के व्यापक स्तर पर पुलिस व्यवस्थापन किया गया है, सुरक्षा को अचूक बनाये रखने के लिये अस्थाई रुप से एक मेला कोतवाली भी बनाई गई। जिसके प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी बनाये गये हैं साथ ही अस्थाई रुप से तीन चौकियां बनाई गयी है इसके अतिरिक्त सादे वस्त्रों (एल.आई.यू.) में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान अग्नि सुरक्षा से बचाव के लिए उच्च क्षमता वाले फायर टेण्डर को अलर्ट मोड में रखा जायेगा, इसके अतिरिक्त जनपद में यातातायत व्यवस्था के लिए आयोजन स्थल के आस.पास सुरक्षा के मद्देनजर यातायात डायवर्जन किया गया है, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिए यातायात पुलिस अधिकारियों , कर्मचारियों की ड्यूटी महत्वपूर्ण प्वाइंटो में लगायी गयी है।

## दलित महिला को घर में घुसकर पीटा दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम तेरारब्बू निवासी पुष्पा देवी जाटव पत्नी संतोष कुमार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 04 मई 2025 को 11 बजे वह अपने घर में थी। तभी गांव के ही अखिलेश पुत्र मटरू लाल, पिंकी उर्फ अनु पत्नी अखिलेश एवं ग्राम जलेसर निवासी गौरव आये और रंजिश के चलते जाति सूचक गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो वायरल करनें का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद के ग्राम दुर्गपुर सुल्तान पट्टी निवासी नीरज पुत्र राम औतार ने पूर्व में उसकी 19 वर्षीय पुत्री का इंस्टाग्राम पर पीछा किया तथा उसके घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसके बाद उसकी पुत्री के मोबाईल का सारा डाटा अपने मोबाइल में ले लिया और इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त युवक नें गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# छात्राओं द्वारा राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** ब्राह्मण महिला सभा की ओर से रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में सनातन पब्लिक स्कूल में कक्षा छह ,सात और आठ की छात्राओं द्वारा राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई जिसमें सभी छात्राओं ने अनिवार्य रूप से भाग लिया ।सभी ने बहुत सुंदर सुंदर राखियां बनायी जिसमें निर्णय करना लगभग असंभव था। जिसमें प्रथम स्थान कक्षा छह की छात्रा खुशबू कक्षा सात की छात्रा आदिया तथा कक्षा आठ की छात्रा खुशी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कक्षा छह की छात्रा अंशिका कक्षा सात की छात्रा हर्षिता तथा कक्षा आठ की छात्रा आराध्या ने प्राप्त किया । तृतीय स्थान कक्षा छह की छात्रा मानवी कक्षा सात की छात्रा सुमेधा तथा कक्षा आठ की परी ने प्राप्त किया । इसके अलावा कविता , ईश्वी ,कनिष्का ,आध्या ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया । श्वेता तिवारी ने अपने संबोधन में बच्चों से कहा कि वे संस्कृति को नहीं भूल चाहिए और इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए इस प्रकार की छोटी छोटी प्रतियोगिताओं से बच्चों में त्योहारों के प्रति उत्साह दोगुना बढ़ जाता है। सीमा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से बच्चों में रचनात्मकता का विकास होता है सरोज हटवाल द्वारा सभी को पुरस्कार वितरित किए गए पुरस्कार प्राप्त करके बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे कार्यक्रम में शालिनी गुप्ता, शशांक त्यागी ,शेफाली रस्तोगी ,ममता रस्तोगी ,हिमांशु गुप्ता मौजूद रहे इस अवसर पर सनातन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजीव चावाका विशेष सहयोग रहा।

## पांच माह से बीमार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मरौंदा

**उन्नाव।** सरकार जन आरोग्य योजना चलाकर गरीब परिवार की सेहत की फिक्र भले ही की है लेकिन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में दवा व संसाधनों का अभाव बना हुआ है। दवा समेत संसाधनों का टोटा होने के कारण व्यवस्था से लोगों का मोहभंग हो रहा है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मरौंदा का हाल बदहाल है। इलाज के लिए इलाके के लोग परेशान हैं। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मरौंदा गांव में संसाधनों व दवाइयो की कमी बनी हुई है। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मरौंदा में कई महीनों से दवाइयो की कमी बनी हुई है मगर आयुर्वेदिक अधिकारी मौन साधे हुए है। इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है। ग्रामीणों को इलाज कराने के लिए गांव में झोलाछाप की शरण में जाना पड़ता है। शंकरलाल, छुन्नू, रामखेलावन, रमेश, नरेश, सुरेश, आदि ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। आयुर्वेद डॉ.रीना वर्मा ने बताया की 6 महीनो से दवाई पर्याप्त मात्रा में नहीं उपलब्ध हो पा रही हैं।

# आपसी रंजिश में युवक की चाकू से गोदकर नृशंस हत्या, भाई घायल

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** गंगाघाट थाना क्षेत्र में बुधवार रात आपसी रंजिश और बहन से जबरन बातचीत के दबाव को लेकर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई जबकि उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल है।

जानकारी के अनुसार कमल हसन ने बुधवार रात अपने दोस्त सुल्तान 23 को रुपए के लेन-देन का हिसाब करने के बहाने बुलाया। मौके पर कमल और उसके मामा के बेटे भूरे से कहासुनी शुरू हो गई। सुल्तान ने तत्काल अपने छोटे भाई फैज 18 को फोन कर बुलाया। फैज के पहुंचते ही आरोपियों ने सुल्तान पर चाकू और हथौड़ी से हमला कर दिया। भाई को बचाने आए फैज पर भी बर्बर हमला किया गया। हमले में उसकी आंते बाहर आ गई और हाथ बुरी तरह कट गया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों ने दोनों भाइयों को पहले पास के एक प्राइवेट अस्पताल और फिर कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार सुबह फैज की मौत हो गई, जबकि सुल्तान की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। मृतक की बहन शीबा ने बताया कि आरोपी कमल हसन लंबे समय से उनकी बहन किस्मत पर गलत नजर रखता था। किस्मत की शादी कानपुर निवासी मोहम्मद साकिर से हो चुकी है और वह दो बेटियों की मां है। आरोप है कि कमल किस्मत को पति और बच्चों को छोड़कर उसके साथ रहने का दबाव बना रहा था। इस बात की जानकारी सुल्तान और फैज को दी गई थी, जिन्होंने आरोपी को समझाया भी था लेकिन कमल इस बात को लेकर रंजिश रखने लगा। पीड़ित परिवार मूल रूप से बलिया का रहने वाला है और उन्नाव में किराए के मकान में रह रहा है। पिता पीर मोहम्मद मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। फैज एक काठ की फैक्ट्री में काम करता था, जबकि सुल्तान की शादी हो चुकी है और वह दो बच्चों का पिता है। मां और बहनों ने रो-रोकर न्याय की मांग की है। उनका कहना है कि बेटे निर्दोष थे और हमलावरों को फांसी मिलनी चाहिए। सीओ सिटी दीपक सिंह ने बताया कि गंगाघाट थाने में कमल हसन, भूरे, मनीष, एजाज और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही पूरे मामले की विवेचना गंभीरता से की जा रही है।

# भारत की वास्तविक ताकत उसकी विविधता में एकता है

**अवधनामा संवाददाता**

- बदलते वैश्विक हालात में भारत की दिशा- एकता, सम्मान और प्रगति की अपील

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने आज बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत की दिशा को लेकर अपनी आधिकारिक स्थिति प्रस्तुत की। संगठन ने कहा कि भारत की वास्तविक ताकत उसकी विविधता, एकता और समावेशिता में निहित है, और यही उसे हर वैश्विक चुनौती से पार पाने में सक्षम बनाती है। महाज़ ने अपने वक्तव्य में कहा कि नए टैरिफ, व्यापारिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक बदलाव के इस दौर में भारत को धैर्य, संयम और आपसी भाईचारे के साथ आगे बढ़ना होगा। किसी भी परिस्थिति में देश के मान, सम्मान और संप्रभुता से समझौता नहीं होना चाहिए। **महाज़ का दृष्टिकोण-** भारत को अपनी आंतरिक राजनीति में विभाजनकारी एजेंडे को त्यागकर एकता और स्थिरता को बढ़ावा देना होगा। आर्थिक विकास, वैश्विक निवेश और औद्योगिक प्रगति के लिए सामाजिक शांति और कानून का राज अनिवार्य है। हर नागरिक, चाहे उसका धर्म, जाति या पृष्ठभूमि कुछ भी हो, समान अवसर और सम्मान का अधिकारी है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद युनुस ने कहा भारत का भविष्य तभी सुरक्षित होगा जब यह सभी नागरिकों के लिए समान अवसर, न्याय और सुरक्षा की गारंटी देगा। नफरत की राजनीति समाज को कमजोर करती है और देश की वैश्विक छवि को नुकसान पहुँचाती है। हमें एकजुट होकर यह संदेश देना होगा कि भारत सबका है और सबके लिए है। राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने कहा बदलते वैश्विक हालात में भारत के पास अवसर है कि वह विश्व में नेतृत्वकारी भूमिका निभाए। यह तभी संभव है जब हम धर्म, जाति और नफरत की राजनीति से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और भाईचारे की राह चुनें। दुनिया भारत को तभी सम्मान देगी जब हम अपने नागरिकों को सम्मान देंगे। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने दोहराया कि वह नफरत, हिंसा और विभाजन को पूरी तरह खारिज करता है। संगठन का लक्ष्य एक ऐसा भारत बनाना है जो अपनी विविधता को ताकत बनाए और हर नागरिक को समान सम्मान और अवसर दे।

## हाथों की ढीली स्किन बनेगी कोमल और मुलायम, टाइट और शाइनी बनेगी त्वचा

**नई दिल्ली।** अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे।

आजकल की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल की वजह से खानपान और त्वचा से जुड़ी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्किन केयर के लिए महिलाएं कई महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन हाथों की केयर करने के बारे में भूल जाती हैं। जिसकी वजह से हाथों की स्किन ढीली और बेजान नजर आने लगती हैं। इस वजह से महिलाएं उम्र से पहले बूढ़ी नजर आने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे।

बता दें कि बादाम स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है और बादाम का तेल स्किन के लिए लाभकारी होता है। बादाम के तेल में कई गुण और विटामिन पाए जाते हैं। बादाम का तेल स्किन की नमी बनाए रखने और त्वचा में कसाव लाने का काम करता है।

एलोवेरा जेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं और यह सभी गुण त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। एलोवेरा जेल में एंटी-ऑक्सीडेंट और मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं। जोकि स्किन पर ग्लो लाने का काम करते हैं। साथ ही यह स्किन को टाइट और कोमल बनाने में सहायता करते हैं।

सबसे पहले हाथों को अच्छे से साफ कर लें। उसके बाद एलोवेरा पत्ते से जेल निकालें अब इस जेल को हाथों पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद अपने हाथों को ठंडे पानी से धो लें। इस उपाय को सप्ताह में दो बार करना चाहिए।

## एजिंग स्किन की केयर कर सकती है सौंफ, बस इन तरीकों से करें इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक



नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है।

सौंफ को डाइजेशन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि सौंफ आपकी स्किन के लिए भी उतनी ही फायेदमंद है। खासतौर से, सौंफ आपकी स्किन को लंबे समय तक यंगर बनाए रखने में मददगार है। दरअसल, सौंफ में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, विटामिन सी और कई ज़रूरी मिनरल्स पाए जाते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, जो स्किन की झुर्रियों, ढीलापन और बेजानपन के पीछे का बड़ा कारण होते हैं।

यही वजह है कि अपनी स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है। इतना ही नहीं, आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में कई अलग-अलग तरीकों से शामिल भी कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि एजिंग स्किन की देखभाल के लिए आप सौंफ को किस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं- यह एक नेचुरल एंटी-एजिंग टोनर की तरह काम करता है। सौंफ के बीज में फ्लेवोनॉयड्स और विटामिन सी होते हैं, जो स्किन को टाइटन करने, फाइन लाइन्स को कम करने और स्किन की रंगत को एकसमान बनाने में मदद करते हैं।

1 चम्मच सौंफ के बीज को 1 कप गर्म पानी में 30 मिनट तक भिगोकर रखें। फिर छानकर इसे स्प्रे बोतल में भरकर फ्रिज में रखें। इसे चेहरे पर ताजगी देने वाले मिस्ट या टोनर के रूप में इस्तेमाल करें।

सौंफ फ्री रेडिकल्स से लड़ने के साथ-साथ कोलेजन को बढ़ाता है, जबकि दही स्किन को हाइड्रेट करती है और लैक्टिक एसिड की मदद से हल्के से एक्सफोलिएट करता है। यह मिश्रण स्किन को ताजगी और चमक देता है। चम्मच सौंफ के बीज को पीसकर पाउडर बना लें। इसे 1 चम्मच दही के साथ मिला लें और चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर धो लें।यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाने और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करता है। जिसकी वजह से आपकी स्किन ज्यादा चमकदार और जवां दिखने लगती है। सौंफ के एंटी-एजिंग गुण समय के साथ उम्र के धब्बों को कम करने में मदद करते हैं। एक चम्मच सौंफ के बीज को मोटे तौर पर पीसकर शहद या एलोवेरा जेल में मिला लें और इसे एक हल्के स्क्रब के रूप में हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करें।

## बसंती हवाओं में रूखी हो गई है स्किन तो फॉलो करें ये टिप्स, ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी त्वचा

**नई दिल्ली।** स्किन को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्कि इससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी।

बसंत का मौसम आने पर बड़ा बदलाव होता है, लेकिन यह बदलाव स्किन के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। इस मौसम में बसंती हवाएं हमारी स्किन की नमी को छीन लेती हैं, जिससे हमारी त्वचा बेजान, रूखी और संवेदनशील हो जाती



है। स्किन को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्कि इससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे स्किन स्किन केयर टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

इस मौसम में स्किन की नमी को बनाए रखना जरूरी होता है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए हाइड्रेटिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। आप स्किन को हेल्दी और नमी बनाए रखने के लिए ह्यूलोरोनिक एसिड युक्त सीरम या फिर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। यह स्किन में नमी बनाए रखता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले गहरी मॉइस्चराइजिंग क्रीम लगाएं, जिससे आपकी स्किन रातभर रिपेयर हो सके।

मौसम बदलने के साथ ही आपको स्किन की सफाई के तरीके में भी बदलाव करना चाहिए। इस दौरान स्किन को रसायनों से भरे क्लींजर से धोने से बचना चाहिए। इसलिए आप प्राकृतिक क्लींजर का इस्तेमाल करें, जो स्किन को गहराई से साफ करें और स्किन में नमी बरकरार रखें।

बता दें कि रूखी स्किन में डेड स्किन सेल्स अधिक जमा हो जाते हैं। जिसकी वजह से हमारी स्किन बेजान दिखती है। इसलिए सप्ताह में एक बार स्क्रब से स्किन को एक्सफोलिएट करें। जिससे स्किन पर जमा डेड स्किन सेल्स हटेंगे और नई त्वचा को सांस लेने का मौका मिलेगा।

रात के समय हमारी स्किन को देखभाल की खास जरूरत होती है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले सीरम या फिर अच्छे फेस ऑयल का इस्तेमाल करें। विटामिन-ई और सी युक्त प्रोडक्ट्स स्किन की मरम्मत में सहायता करते हैं और स्किन को कोमल और नरम बनाता है।

बसंत के मौसम में सूरज की किरणें हमारी स्किन पर गहरा असर डालती हैं। इसलिए बाहर निकलने से पहले हमेशा सनस्क्रीन जरूर लगाएं। आप 30 स्क्रस्न या उससे अधिक वाले ब्रॉड स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। यह आपक ी स्किन को यूवी किरणों से बचाने के साथ डार्क स्पॉट्स और एजिंग से भी सुरक्षित रखेगा।

स्किन को नेचुरल रूप से पोषण देने के लिए होममेड फेस पैक का इस्तेमाल करें। इसलिए आप शहद और दही का पैस लगा सकते हैं। दरअसल, दही स्किन को मॉइस्चराइज करता है और शहद स्किन पर चमक बनाए रखता है। इसलिए इस फेसपैक को फेस पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद धो लें।

बसंती मौसम में स्किन पर कठोर रसायन युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसकी जगह आप नेचुरल और सौम्य प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दें। अगर आपकी स्किन अधिक सेंसिटिव है, तो स्किन एक्सपर्ट से परामर्श लें और उनकी सलाह पर प्रोडक्ट का चयन करें।

## गर्मियों में ट्राई करें 4 लाइट कलर के खूबसूरत कुर्ता सेट, एलिगेंट लगेगा आपका लुक



**नई दिल्ली।** इस गर्मी में भी आप अपने लुक को एलिगेंट बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे कुर्ता सेट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करके आप गर्मियों के मौसम में अपना कूल लुक क्रिएट कर सकती हैं। गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है। वहीं तेज धूप के कारण और गर्मी से बचने के लिए लड़कियां ढीले और हल्के कपड़े पहनना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप भी गर्मियों के मौसम में खूबसूरत आउटफिट की तलाश कर रही हैं, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि इस गर्मी में भी आप अपने लुक को एलिगेंट बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे कुर्ता सेट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करके आप गर्मियों के मौसम में अपना कूल लुक क्रिएट कर सकती हैं। अगर आप गर्मी के मौसम में रोजाना ऑफिस या कॉलेज जाती है और ऐसे में कंफर्टेबल आउटफिट पहनना पसंद कर रही है, तो आपके लिए यह स्टाइलिश लाइट पर्पल कलर स्ट्रेट कुर्ता बेस्ट हो सकता है। इस कुर्ते के साथ आप वाइट कलर की पेंट या प्लाजो शामिल कर सकती हैं। यह कुर्ता आपको ऑनलाइन 700 रुपए तक मिल जाएगा।

अगर आप गर्मियों में कोई फंक्शन अटेंड करने वाली हैं, या फिर आप कंफर्टेबल कुर्ता देख रहे हैं।

तो आप राउंड नेक स्ट्रेट कट स्टाइल कुर्ता कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप वाइट कलर की पैंट या फिर प्लाजो पहनकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसको आप 700 रुपए तक ऑनलाइन खरीद सकती हैं।

अपने लुक को एलिगेंट टच देने और तेज गर्मी से बचने के लिए इस तरह के लाइट ब्लू वी नेक कुर्ता ट्राई कर सकती हैं। आप ऑफिस या कॉलेज भी इस तरह के कुर्ते पहनकर जा सकती हैं। इसके साथ आप एक्सेसरीज और हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को एलिगेंट टच दे सकती हैं। यह कुर्ता आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। ऑनलाइन खरीदने पर यह ुर्ता आपको 700 रुपए तक मिल जाएगा।

गर्मियों में आप राउंड नेक ब्लू कलर स्ट्रेट कुर्ते भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के कुर्ते को आप वाइट पेंट या प्लाजो के साथ पेयर कर अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। आप चाहें तो इस कुर्ते को एक्सेसरीज में भी शामिल कर सकती हैं। इसको आप ऑफिस या फिर कॉलेज के अलावा किसी फंक्शन में भी ट्राई कर सकती हैं। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों जगहों से यह कुर्ता खरीद सकती हैं।

## एलोवेरा से करें सेंसिटिव स्किन की केयर, जानें इस्तेमाल का तरीका



**नई दिल्ली।** एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी।

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आपको किसी भी प्रोडक्ट को बहुत ही सोच-समझकर इस्तेमाल करना होता है। अगर जरा सी भी लापरवाही बरती जाए तो इससे आपकी स्किन को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल स्किन पर जेंटल होता है, बल्कि इससे स्किन को ठंडक भी मिलती है। साथ ही साथ, बिना किसी साइड इफेक्ट के यह आपकी स्किन को ठीक भी करता है। चाहे सनबर्न हो, रैश हो या पूरे दिन की थकान, एलोवेरा आपकी स्किन की हर समस्या से निजात दिला सकती है।

एलोवेरा का इस्तेमाल करना भी बेहद आसान है। आप घर पर ही एलोवेरा के पौधे से जेल निकालकर उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इससे फेस मास्क बना सकते हो, मिस्ट की तरह स्प्रे कर सकते हो या रोज़ मॉइस्चराइज़र की तरह भी लगा सकते हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किन तरीकों से कर सकते हैं- एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी। एलोवेरा जेल गर्मी के दिनों में आपकी स्किन के लिए एक बेहतरीन फेस मिस्ट भी साबित हो सकता है। इसके लिए आप 1 हिस्सा एलोवेरा जेल .2 हिस्से गुलाब जल लेकर मिक्स कर लें। अब इसे स्प्रे बोतल में भर लो।

## स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

**नई दिल्ली।** अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।



बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं। अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं। मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइल स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं।

## छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट, इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज



**नई दिल्ली।** अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

यह एक बेहद ही छोटा लेकिन अच्छा तरीका है बोल्ड प्रिंट्स में लंबा नजर आने का। ध्यान रखें कि बोल्ड प्रिंट्स वैसे ही ध्यान खींचते हैं। अगर कपड़ा बहुत ढीला या बहता हुआ हो, तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए फिटिंग वाले टॉप्स, बेल्ट वाली ड्रेस या स्ट्रेट फिट बॉटम्स पहनें ताकि बैलेंस बना रहे।

कुछ ड्रेस में प्रिंट नीचे की ओर ज्यादा होता है या रैंडम फैला होता है। ऐसे कपड़े चुनें जिनमें प्रिंट बॉडी को फ्लैटर करे, जैसे कंधों के पास हल्का प्रिंट और नीचे डार्क।

## सफर में हों या ऑफिस हर महिला के बैग में होने चाहिए ये मेकअप प्रोडक्ट्स, दिनभर बना रहेगा ग्लो

**नई दिल्ली।** अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

ब्यूटी की मतलब सिर्फ मेकअप से नहीं होता है, बल्कि हर तरफ से अपने फेस को सही रखना होता है। जब भी हम कहीं बाहर जाने का प्लान करते हैं, तो सोचते हैं कि बैग में ऐसा क्या रखें कि हमारा चेहरा सुंदर दिखे। लेकिन अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे



हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

सफर के दौरान फेस की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी स्किन को साफ रखना होता है। दिनभर की धूल-मिट्टी, ऑयल और मेकअप हटाने के लिए सबसे अच्छा फेस वॉश या क्लींजर जरूरी है। इसलिए आप अपनी स्किन टाइप का क्लींजर और फेस वॉश जरूर रखें।

बाहर की धूप और धूल की वजह से फेस पर गंदगी की परत जम जाती है। इसलिए आप अपनी पर्स में फेस मास्क जरूर रखें। यह आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है। फेस के साथ-साथ होंठों की देखभाल करना बेहद जरूरी है। ड्राय और फटे होंठ दर्द देते हैं। साथ ही फटे होंठ हमारे लुक को भी खराब कर देते हैं। इसलिए अपनी पर्स में लिप बाम जरूर रखें। आप विटामिन श्र और स्क्व युक्त लिप बाम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

स्किन को कोमल और मुलायम बनाए रखने के लिए आपको अपनी पर्स में मॉइस्चराइजिंग क्रीम रखना चाहिए। इसलिए बाहर जाते समय इसको लेना न भूलें।

रात में हमारी स्किन रिपेयर होती है, इसलिए रात में सोने से पहले आपको किसी अच्छी नाइट क्रीम या सीरम अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए। इससे अगली सुबह आपका फेस फ्रेश और ग्लोइंग रहेगा।

# क्या ट्रंप की वजह से सबसे खराब दौर में हैं भारत-अमेरिका के रिश्ते

**नई दिल्ली।** भारत की आजादी के बाद से ऐसे कई मौके आए हैं, जब अलग-अलग कारणों से भारत-अमेरिका के रिश्ते या तो रुखे रहे हैं। इतना ही कुछ मौके तो ऐसे थे, जब दोनों देश दुश्मनी की राह तक पर बढ़ चुके थे। आइये जानते हैं ऐसे ही कुछ घटनाक्रमों के बारे में, जब भारत और अमेरिका सीधी टक्कर लेने की स्थिति में आ गए थे... अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 7 अगस्त से 25 फीसदी आयात शुल्क लागू कर दिया है। इसके अलावा रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर27 अगस्त से 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की भी घोषणा की गई है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रंप के इन कदमों ने अमेरिका और भारत के रिश्तों को दो दशकों में सबसे निचले स्तर पर ला दिया है। दूसरी तरफ भारत ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसलों को लेकर सख्त रुख अपनाने के संकेत दे दिए हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब भारत और अमेरिका के बीच किसी बात को लेकर तनातनी की स्थिति बनी है। भारत की आजादी के बाद से ऐसे कई मौके आए हैं, जब

**आजादी**

**अमेरिका और भारत के बीच शुरुआत से ही कुछ चीजें समान रहीं। जैसे उपनिवेशवादी ताकतों से लंबी लड़ाई के बाद आजादी, लोकतंत्र, आदि।**



अलग-अलग कारणों से भारत-अमेरिका के रिश्ते या तो रुखे रहे हैं। इतना ही कुछ मौके तो ऐसे थे, जब दोनों देश दुश्मनी की राह तक पर बढ़ चुके थे। आइये जानते हैं ऐसे ही कुछ घटनाक्रमों के बारे में, जब भारत और अमेरिका सीधी टक्कर लेने की स्थिति में आ गए थे... अमेरिका और भारत के बीच शुरुआत से ही कुछ चीजें समान रहीं। जैसे उपनिवेशवादी ताकतों से लंबी लड़ाई के बाद आजादी, लोकतंत्र, आदि। हालांकि, इसके बावजूद भारत ने स्वतंत्रता के बाद किसी एक पक्ष की तरफ झुकाव नहीं रखा। ऐसे में जब भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 1949 में अपने पहले अमेरिका दौरे पर पहुंचे तो उनका स्वागत तो जोरदार तरीके से हुआ, लेकिन दौरा खत्म होते-होते वह समझ गए कि अमेरिका से उनकी करीबी ज्यादा समय तक नहीं चलेगी। दरअसल, जब नेहरू अमेरिका पहुंचे तो वे राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने एयरपोर्ट पहुंचकर उनका स्वागत किया था। नेहरू का कहना था कि दो गणतंत्र, एक पश्चिमी दुनिया का और एक पूर्वी दुनिया का, साथ में दोस्ताना सहयोग के कई रास्ते खोज लेंगे, जिससे दुनिया और मानवता का भला होगा। हालांकि, जैसे-जैसे दौरा बीता नेहरू के इस दौरे को मुश्किलों भरा कहा जाने लगा। अमेरिकी राजदूत हेनरी एफ. ग्रेडी ने एक समय नेहरु से यहां तक कह दिया था कि उन्हें तुरंत लोकतांत्रिक पक्ष की तरफ आ जाना चाहिए। हालांकि, नेहरु हमेशा से बहुध्रुवीय दुनिया के पक्ष में रहे थे और सोवियत संघ को भी मिलाकर चलना चाहते थे। इसके चलते वे सिर्फ अमेरिका की तरफ झुकाव के लिए तैयार नहीं दिखे।

# यूपी सरकार के अध्यादेश से गठित समिति को निलंबित करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मंदिर के प्रशासन को सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह एक और समिति गठित करेगा, जिसकी अध्यक्षता उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश करेंगे। समिति में सरकारी अधिकारी और मंदिर के पारंपरिक संरक्षक गोस्वामियों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बांके बिहार मंदिर मामले पर सुनवाई के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश के जरिए नियुक्ति समिति को निलंबित करने के लिए वे जल्द ही आदेश पारित करेंगे। यह समिति बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन के लिए बनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने के लिए वे याचिकाकर्ताओं को उच्च न्यायालय जाने को कहेंगे। जब तक उच्च न्यायालय इस मामले का फैसला नहीं सुना देता, तब तक अध्यादेश से गठित समिति निलंबित रहेगी। इस बीच, मंदिर के प्रशासन को सुनिश्चित करने के लिए, न्यायालय ने कहा कि वह एक और समिति गठित



करेगा, जिसकी अध्यक्षता उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश करेंगे। समिति में सरकारी अधिकारी और मंदिर के पारंपरिक संरक्षक गोस्वामियों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इसे लेकर कल आदेश अपलोड किया जाएगा। पीठ ने अध्यादेश को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सुनवाई पर भी रोक लगाने का आदेश पारित किया। पीठ ने मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया कि इस मामले को एक खंडपीठ को सौंप दिया जाए, क्योंकि कानूनों की संवैधानिकता से संबंधित मामलों की सुनवाई खंडपीठों द्वारा की जाती है। बांके बिहारी मंदिर से जुड़ा विवाद मंदिर के सेवायतों के दो संप्रदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहा है। लगभग 360 सेवायतों वाले इस मंदिर का प्रबंधन ऐतिहासिक रूप से स्वामी हरिदास जी के गोस्वामी वंशजों और अनुयायियों द्वारा निजी तौर पर किया जाता है। 15 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2023 के आदेश में संशोधन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को मंदिर के धन का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए मंदिर के आसपास की 5 एकड़ भूमि अधिग्रहित करने की अनुमति दी, इस शर्त पर कि अधिग्रहित भूमि देवता के नाम पर पंजीकृत होगी। हाल ही में, राज्य ने 2025 का अध्यादेश जारी किया, जिसका उद्देश्य मंदिर का बेहतर प्रशासन है। अध्यादेश के तहत, मंदिर का प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जिम्मेदारी श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास द्वारा संभाली जाएगी। 11 न्यासी मनोनीत किए जाएंगे, जबकि अधिकतम 7 सदस्य पदेन हो सकते हैं।

# वकीलों की दलीलें और न्याय का अनुभव हमेशा याद रहेगा, विदाई समारोह में बोले जस्टिस धूलिया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सुधांशु धूलिया ने सेवानिवृत्ति से पहले भावुक विदाई भाषण दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा 'मेरा हिंदुस्तान' याद आएगा। इसे वे सुप्रीम कोर्ट में रोजाना वकीलों और विविध केसों के ज़रिए अनुभव करते थे। सीजेआई गवई और अन्य वरिष्ठ वकीलों ने उनकी निष्पक्षता, मानवीय सोच और साहित्यिक रुचियों की सराहना की। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया ने शुक्रवार को अपने विदाई समारोह के दौरान बेहद भावुक अंदाज में कोर्ट और देश के प्रति अपने जुड़ाव को बयां किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी ने पूछा कि क्या चीज सबसे ज्यादा याद आएगी? इसपर मैंने जवाब दिया- मेरा हिंदुस्तान। इससे उनका इशारा था देश की विविधता की ओर जो सुप्रीम कोर्ट में हर दिन वकीलों की दलीले होती हैं या फिर केसों के जरिए, वहां जो माहौल दिखाई देता है। जस्टिस धूलिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट एकमात्र ऐसा मंच है, जहां देशभर से केस और वकील आते हैं। उन्होंने कहा कि हर सुबह मुझे मेरा हिंदुस्तान सामने दिखता था। उसकी विविधता, तर्क और सोच। अब यह सब छूट जाएगा, यही सबसे बड़ा अफसोस रहेगा। यह भावुक बयान सुनकर कोर्ट रूम में सन्नाटा और सम्मान का माहौल बन गया। चीफ जस्टिस बी आर गवई ने जस्टिस धूलिया की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ठोस और सोच-समझकर फैसले दिए। वे एक साहित्य प्रेमी, थिएटर के शौकीन और उत्साही पाठक रहे हैं। सीजेआई ने कहा कि जस्टिस धूलिया से उन्हें किताबों के रूप में कई यादगार तोहफे मिले। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब दिल्ली में और वक्त बिताने का मौका मिलेगा। एटॉर्नी जनरल आर वेंकटारमणि और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस धूलिया के फैसलों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि उनके निर्णयों में मानवीय दृष्टिकोण झलकता था और वे कभी पूर्वधारणाओं से ग्रसित नहीं रहे। वे उर्दू गजलों के भी शौकीन थे, लेकिन उन्होंने कभी निजी पसंद को न्यायिक प्रक्रिया में आड़े नहीं आने दिया।

जस्टिस धूलिया का जन्म 10 अगस्त 1960 को हुआ था। उनके पिता इलाहाबाद हाईकोर्ट में जज रहे, मां शिक्षाविद और दादा स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देहरादून, इलाहाबाद और लखनऊ से पढ़ाई की, 1981 में स्नातक और 1986 में एलएलबी की डिग्री ली। वे 2000 में उत्तराखंड हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट बने और 2008 में न्यायाधीश पद पर नियुक्त हुए।

# शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें या फिर देश से माफी मांगें, राहुल को चुनाव आयोग की दो टूक




**नई दिल्ली।** इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को %वोट चोरी% के दावे को दोहराते हुए कहा कि समय बदलेगा और इस धांधली में शामिल लोगों को सजा जरूर मिलेगी। गुरुवार को भी राहुल गांधी ने कहा था कि कर्नाटक के बंगलूरू मध्य लोकसभा क्षेत्र के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए 1,00,250 नकली वोट बनाए गए। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पलटवार किया है। राहुल ने बीते दिन चुनाव आयोग पर वोट चोरी और भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया था।

इस पर चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि अगर कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता अपने विश्लेषण पर विश्वास करते हैं और मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर राहुल ऐसा नहीं करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण, निष्कर्षों और बेतुके आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। इसलिए उनके पास दो विकल्प हैं- या तो घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें या चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें।


कंपहले कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी के राहुल के आरोपों का संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें शपथ-पत्र देकर सबूत पेश करने को कहा था। इसके अलावा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में धोखाधड़ी के राहुल के आरोपों के संबंध में वहां के राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विपक्ष के नेता से एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने और मतदाता सूची में कथित रूप से मतदाताओं के नाम शामिल करने या हटाने के प्रमाण प्रदान करने को भी कहा था। इससे पहले बीते दिन दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया था कि भारत के चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना तीसरा कार्यकाल मिला।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी सिर्फ 25 सीटों के अंतर से प्रधानमंत्री बने। चुनाव आयोग भाजपा को भारत में चुनावी व्यवस्था को नष्ट करने में मदद कर रहा है। चुनाव आयोग हमें महादेवपुर (कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र) में आंकड़े नहीं दे रहा है। अगर हम अन्य लोकसभा सीटों पर भी ऐसा करें, तो हमारे लोकतंत्र की सच्चाई सामने आ जाएगी।

## मारबी में भारी वाहनों और कार की टक्कर; चार लोगों की जलकर मौत

**मोरबी।** पुलिस अधीक्षक राहुल त्रिपाठी ने बताया कि एक कंटेनर गलत दिशा से सड़क पर आया और पलट गया। इसके बाद एक ट्रक और कार की इससे टक्कर हो गई और कार में आग लग गई। गुजरात के मोरबी जिले में एक राजमार्ग पर दो भारी वाहनों और एक कार की टक्कर में दो बच्चों समेत चार लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह दुर्घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे हरिपर गांव के पास एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए राजकोट भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक राहुल त्रिपाठी ने बताया कि एक कंटेनर गलत दिशा से सड़क पर आया और पलट गया।

# दुष्कर्म के दोषी ऑस्ट्रेलियाई सांसद ने दिया इस्तीफा, दो युवकों के शोषण के आरोप



**मेलबर्न।** गैरेथ वार्ड को सितंबर में दोषी ठहराया गया है। पिछले हफ्ते वार्ड की जमानत रद्द हो गई थी, जिससे उन्हें जेल जाना पड़ा। हालांकि उन्होंने जेल में भी न्यू साउथ वेल्स सीट से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया।

ऑस्ट्रेलिया के एक राज्य सांसद ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। सांसद को दो युवकों से दुष्कर्म का दोषी पाया गया है और फिलहाल वह जेल में बंद हैं। दोषी सांसद को पद से हटाने के लिए सदन में शुक्रवार को मतदान होना था, लेकिन मतदान से कुछ क्षण पहले ही सांसद ने खुद इस्तीफा दे दिया। न्यू साउथ वेल्स राज्य के निर्दलीय सांसद गैरेथ वार्ड को जुलाई में दो युवकों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। हालांकि दोषी ठहराए जाने के बावजूद वार्ड ने अपनी सीट से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था।

शुक्रवार को जब सांसद को पद से हटाने के लिए असेंबली में मतदान होना था तो वार्ड ने कानूनी दांवपेंच से इसे रोकने की कोशिश की, लेकिन जब यह कोशिश असफल रही तो वार्ड ने खुद ही इस्तीफा देने का फैसला किया। 44 वर्षीय वार्ड पर साल 2015 में एक संसदीय कार्यक्रम के बाद एक युवक का यौन उत्पीड़न किया था। वार्ड पर साल 2013 में भी यौन दुर्व्यवहार का आरोप लगा। बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के एक मामले और अश्लील हरकतें करने के तीन मामलों में गैरेथ वार्ड को सितंबर में दोषी ठहराया गया है। पिछले हफ्ते वार्ड की जमानत रद्द हो गई थी, जिससे उन्हें जेल जाना पड़ा। हालांकि उन्होंने जेल में भी न्यू साउथ वेल्स सीट से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। वार्ड के इस कदम की खूब आलोचना हुई।

सदन के नेता रॉन होएनिग ने कहा कि यह शर्मनाक है कि वार्ड को इस्तीफा देने में इतना समय लगा। उन्होंने कहा कि %मुझे लगता था कि दुष्कर्म का दोषी होना ही सदन से निष्कासित होने के लिए काफी है। न्यू साउथ वेल्स सीट पर गैरेथ वार्ड का दबदबा रहा है और वह साल 2011 से ही इस सीट पर काबिज थे। साल 2022 में जब दुष्कर्म के आरोपों के चलते वार्ड को सदन से निलंबित कर दिया गया था तो उसके बाद साल 2023 में हुए चुनाव में फिर से वार्ड ने जीत हासिल कर सभी को चौंका दिया था। वार्ड को 14 साल जेल की सजा सुनाई जा सकती है।

## भारत रणनीतिक साझेदार, हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं, टैरिफ की धमकियों के बीच बदले अमेरिका के सुर

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन।** एक अन्य प्रश्न कि क्या भारत के साथ अमेरिका के संबंधों में गिरावट और दिल्ली के चीन की ओर अधिक झुकाव की संभावना को लेकर कोई चिंता है? पिगॉट ने कहा कि यह इस प्रशासन की वास्तविक चिंताओं के बारे में एक ईमानदार, पूर्ण और स्पष्ट बातचीत है, जिसे राष्ट्रपति ने बहुत साफ तौर पर उजागर किया है और अपने कार्यों के माध्यम से संबोधित कर रहे हैं। टैरिफ की धमकियों को लेकर भारत के सख्त और स्पष्ट रुख को देखते हुए अमेरिका के रुख बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। इसी बदलते सुर के मद्देनजर अमेरिका ने भारत को अपना रणनीतिक साझेदार बताया है। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ अमेरिका पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है।

# टैरिफ को लेकर अपने ही घर में घिरे ट्रंप, अमेरिकी सांसद ने भारत से संबंधों को लेकर दी हिदायत



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50त्न तक के आयात शुल्क को लेकर अमेरिकी सांसद ग्रेगरी मीक्स ने चेतावनी दी है कि यह फैसला वर्षों की अमेरिका-भारत साझेदारी को खतरे में डाल सकता है। विशेषज्ञों ने भी माना कि मोदी-ट्रंप के व्यक्तिगत रिश्तों के बावजूद यह फैसला द्विपक्षीय संबंधों पर असर डालेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए नए आयात शुल्क को लेकर अब अमेरिका में ही घिरते ही नजर आ रहे हैं। एक अमेरिकी सांसद ग्रेगरी मीक्स ने भारत पर बढ़ते टैरिफ को लेकर चिंता जताई है। साथ ही ट्रंप को भारत के साथ संबंधो पर हिदायत भी दी। उन्होंने कहा है कि ट्रंप की यह टैरिफ तानाशाही वर्षों से तैयार की जा रही अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को नुकसान पहुंचा सकती है। मीक्स अमेरिका की हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेटिक रैंकिंग मेंबर हैं। दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में भारत पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाया है, जो सात अगस्त से लागू हो गया है। इसके अलावा भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाया गया है, जो 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से प्रभावी होगा। इस तरह भारत पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो अमेरिका की ओर से किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक टैरिफ में से एक है।

मीक्स ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच गहरे रणनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध हैं। ऐसे में किसी भी विवाद या चिंता का समाधान लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत आपसी सम्मान के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने चेताया कि ट्रंप की यह कठोर नीति उन रिश्तों को नुकसान पहुंचा सकती है, जो वर्षों की मेहनत से बने हैं।

न्यूयॉर्क के भारतीय-अमेरिकी उद्यमी और भू-राजनीतिक विश्लेषक अल मेसन ने कहा कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच संबंध सिर्फ औपचारिक नहीं हैं, बल्कि दोनों नेताओं के विचार और रणनीति एक जैसी हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक राजनीति के मंच पर ऐसे रिश्ते स्थायी होते हैं और असहमति के बावजूद टिके रहते हैं क्योंकि ये आपसी सम्मान और साझा उद्देश्यों पर आधारित होते हैं।


मेसन ने कहा कि अमेरिका और भारत के रणनीतिक हित आज की दुनिया में एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।

यह रिश्ता अब सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि वैश्विक स्थिरता और लोकतंत्र के लिए एक आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों देशों का संबंध न केवल द्विपक्षीय फैसलों को प्रभावित करेगा, बल्कि यह पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय कर सकता है।

## दलाई लामा के पुनर्जन्म पर चीन ने किया दावा

**बीजिंग।** तिब्बत पर चीन की सत्तावादी पकड़ का प्रदर्शन करते हुए बीजिंग ने एक बार फिर दलाई लामा की पुनर्जन्म प्रक्रिया पर पूर्ण नियंत्रण का दावा किया है। उसने इस मामले पर आध्यात्मिक नेता के अधिकार को खारिज कर दिया है। तिब्बत एन रिव्यू की रिपोर्ट के अनुसार, यह बयान तथाकथित तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) के अध्यक्ष गामा सेडैन ने टीएआर की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर बीजिंग में हुए एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिया। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की टीएआर समिति के उप-सचिव, सेडैन ने घोषणा की कि दलाई लामा के पुनर्जन्म के बारे में चीन सरकार का निर्विवाद रूप से अंतिम निर्णय होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह प्रक्रिया घरेलू स्तर पर कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा स्वीकृत विधियों के जरिये और सिर्फ बीजिंग की स्पष्ट स्वीकृति के साथ ही पूरी की जानी चाहिए।

# अमेरिका में जन्म के बाद मिलने वाली नागरिकता छीनने पर फिर फंसे ट्रंप, अमेरिकी अदालत ने चौथी बार लगाई रोक




**वॉशिंगटन।** अमेरिका की मैरीलैंड अदालत ने ट्रंप के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें अवैध या अस्थायी प्रवासियों के बच्चों को नागरिकता से वंचित करने की बात कही गई थी। जज डेबोरा बोर्डमैन ने इसे संविधान के 14वें संशोधन का उल्लंघन बताया। यह चौथी बार है जब किसी अदालत ने इस नीति को खारिज डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को एक और बड़ा झटका लगा है। मैरीलैंड की संघीय अदालत ने ट्रंप के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि अमेरिका में अवैध या अस्थायी रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को नागरिकता नहीं दी जाएगी। यह फैसला देशभर में चौथी बार आया है जब ट्रंप की जन्माधिकार नीति को न्यायालय ने अवैध बताया है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बावजूद हुआ, जिससे पूरे देश में इस आदेश के लागू होने पर प्रभाव पड़ा

मैरीलैंड की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज डेबोरा बोर्डमैन ने साफ किया कि ट्रंप का आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में जन्म लेने वाले सभी बच्चे, चाहे उनके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो, नागरिकता के हकदार हैं। अदालत ने यह आदेश 19 फरवरी 2025 के बाद जन्म लेने वाले सभी बच्चों पर लागू किया है, जिन्हें इस आदेश से नुकसान हो सकता था।

इससे पहले, जून में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि निचली अदालतें सामान्य रूप से राष्ट्रव्यापी निषेधाज्ञा जारी नहीं कर सकतीं। इसके बावजूद, बोर्डमैन ने अपने निर्णय में कहा कि चूंकि यह मामला एक वर्ग-कार्रवाई मुकदमा है, इसलिए इसका प्रभाव पूरे देश पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रंप का आदेश लागू हुआ तो इससे प्रभावित बच्चों को अपूरणीय नुकसान होगा।

ट्रंप का जनवरी में जारी किया गया आदेश अवैध प्रवासियों या अस्थायी निवासियों के बच्चों को नागरिकता देने से रोकने के लिए था। यह आदेश प्रवासी नीतियों को सख्त बनाने की उनकी रणनीति का हिस्सा था। परंतु मानवाधिकार संगठनों और कई अमेरिकी राज्यों ने इसका विरोध किया और इसे अमानवीय बताया। कोर्ट में दायर याचिकाओं में इसे संविधान विरोधी करार दिया गया।

बोर्डमैन इससे पहले फरवरी में भी इसी तरह की एक अस्थायी निषेधाज्ञा जारी कर चुकी थीं। बाद में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के चलते यह निषेधाज्ञा अस्थिर हो गई थी। अब चौथी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने मामला फिर से बोर्डमैन को सौंपा, और उन्होंने इस पर अंतिम निर्णय दिया। हालांकि व्हाइट हाउस ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन संभावना है कि ट्रंप प्रशासन इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकता है।

# अमेरिका ने फिर अलापा पुराना राग



**वॉशिंगटन।** रुबियो ने कहा, हाल ही में कंबोडिया और थाईलेंड, अजरबैजान और आर्मेनिया, उम्मीद है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य-रवांडा के बीच भी संघर्ष विराम हो सकता है। रुबियो ने कहा कि कांगो और रवांडा के संघर्ष में बीते 30 वर्षों में करीब 70 लाख लोग मारे गए।

अमेरिका का ट्रंप प्रशासन कई बार दावा कर चुका है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने में उनकी भूमिका है। हालांकि भारत सरकार की तरफ से इस दावे को खारिज कर दिया गया लेकिन फिर भी बार-बार राष्ट्रपति ट्रंप और उनके प्रशासन के मंत्री वही दावा कर रहे हैं। अब एक बार फिर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ तो अमेरिका उसमें सीधे तौर पर शामिल हुआ था और राष्ट्रपति ट्रंप दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच शांति स्थापित करने में सफल रहे।

10 मई को भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम के बाद से राष्ट्रपति ट्रंप 30 से ज्यादा बार दोनों देशों में संघर्ष विराम कराने का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के समाधान में मदद की और दोनों देशों से कहा कि अगर वे संघर्ष रोक दें तो अमेरिका उनके साथ व्यापार बढ़ाएगा। हालांकि भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी।

अब अमेरिका के रुबियो ने गुरुवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं और वे शांति के राष्ट्रपति हैं और इसलिए, जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ, तो हमने सीधे तौर पर इसमें भाग लिया और राष्ट्रपति ट्रंप शांति स्थापित करने में सफल रहे। इसके साथ ही रुबियो ने अन्य संघर्षों का भी जिक्र किया, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें सुलझाने में मदद की।

रुबियो ने कहा, हाल ही में कंबोडिया और थाईलैंड, अजरबैजान और आर्मेनिया, उम्मीद है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य-रवांडा के बीच भी संघर्ष विराम हो सकता है। रुबियो ने कहा कि कांगो और रवांडा के संघर्ष में बीते 30 वर्षों में करीब 70 लाख लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि अमेरिका को इन प्रयासों पर गर्व है और हम और भी ऐसे प्रयासों की उम्मीद कर रहे हैं। रुबियो ने रूस और यूक्रेन के भी युद्धविराम कराने की उम्मीद जताई। रुबियो ने कहा, हम युद्धों को रोकने और उन्हें समाप्त करने में काफी समय लगाते हैं।

# डीएम, सीडीओ और पुलिस के जवानों ने बंधवाई रखी

- काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव पर प्रदर्शनी का अवलोकन
- वीर सपूतों को याद कर किया गया नमन
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों का किया गया सम्मान
- स्वच्छता की दिलाई शपथ



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रान्ति के अद्वितीय अध्याय काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगाठ के शताब्दी महोत्सव के समापन कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह ''प्रिन्सू'', जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र सहित अन्य गणमान्य के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सदस्य विधान परिषद के द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्रान्ति के अद्वितीय अध्याय काकोरी ट्रेन एक्शन की प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। उन्होने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। लखनऊ में आयोजित काकोरी महोत्सव के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया और मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम भूतपूर्व सैनिक कैप्टन अजीत पांडे, राजबहादुर पाल, के.के. सिंह, लालचन्द मौर्य, संतोष कुमार यादव, देवेन्द्र कुमार सिंह, पन्ना लाल, राम निरंजन सहित अन्य भूतपूर्व सैनिको और स्वतन्त्रता सेनानी के परिजनों और एनसीसी के अधिकारियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सदस्य विधान परिषद ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना अंग्रेजो को चुनौती देने वाली घटना थी। इस घटना ने पूरे भारत को एक सूत्र में पिरो कर राष्ट्रवाद और स्वतन्त्रता के लिए सबको प्रेरित किया। जन-जन में देश के आजादी के लिए एक भावना जागृत किया कि देश को आजाद कराना ही है। जिलाधिकारी ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना अंग्रेजों के लिए एक चुनौती थी। हमारे देश के वीरों ने अपने प्राणों को राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। उस दौर को याद करने पर हमारी आंखो में आंसू आ जाएंगे। हम सभी आज उन वीर सपूतों, शहीदों स्वतत्रंता संग्राम सेनानियों को नमन करते है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आज का दिन उन वीरों को याद करने का दिन है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने देश भक्ति गीत ''ए मेरे प्यारे वतन तुझपे दिल कुर्बान'' और ''हर करम अपना करेंगे, ए वतन तेरे लिए'' गाकर सबको राष्ट्रप्रेम से ओत प्रोत कर दिया। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलायी गई। विवेक मिश्रा वरदान, कुसुमलता, विकास सिंह रागी और टीडी इन्टर कालेज की अनुराधा ने देश भक्ति गीत गाया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इन्दनन्दन सिंह, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित भूतपूर्व सैनिकगण सहित अन्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर उ0प्र0 राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के तत्वाधान में रक्षाबन्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और छात्राओं ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस के जवानों की कलाईयों में राखी बांधते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान नवचयनित पुलिस के लगभग 1000 जवानों के कलाइयों में राखी बांधी गई। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बी0ए0 प्रथम वर्ष प्रवेश 10 अगस्त से

**प्रयागराज।** प्राचार्या, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज, प्रयागराज के अनुसार महाविद्यालय में सत्र 2025-26 बी0ए0 प्रथम वर्ष का प्रवेश कार्य 10 अगस्त से प्रारम्भ होगा। वे सभी छात्राएं जिन्होंने सीयूईटी (यूजी)-2025 परीक्षा दी है एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है, साथ ही साथ ऐसी छात्राएं जिन्होंने महाविद्यालय की वेबसाइट से नान-सीयूईटी हेतु गूगल फार्म द्वारा पंजीकरण किया है, उन्हें महाविद्यालय की वेवसाइट पर जाकर 10 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर पंजीकरण कराना होगा।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सीटों की उपलब्धता तक लगातार चलती रहेगी। पंजीकृत छात्राओं की मेरिट के अनुसार ऑफलाइन काउंसिलिंग की सूचना उन्हें अलग से दी जाएगी व काउंसिलिंग का समय 10ः00 बजे से 11ः30 बजे प्रातः वतायी गयी तिथि के अनुसार रहेगा। काउंसिलिंग की सूचना महाविद्यालय की वेवसाइट एवं प्रवेश पोर्टल पर अद्यतन की जाती रहेगी। अभ्यर्थियों को स्क्रू एवं प्रवेश पोर्टल के माध्यम से काउंसिलिंग तिथि एवं विषय आवंटन की सूचना दी जायेगी।

# क्षेत्र की शान 'लक्ष्मी' हाथी को नम आंखों से दी विदाई

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिले में मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के करमौवा गांव निवासी हिमताज परिवार की लोकप्रिय हाथी लक्ष्मी की अचानक मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। वर्षो से लोगों के दिलों में खास जगह बनाने वाली लक्ष्मी को क्षेत्र की आन-बान और शान माना जाता था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लक्ष्मी के अंतिम दर्शन और विदाई के समय सैकड़ों लोग एकत्र हुए। सभी की आंखें नम थीं और माहौल गमगीन था। हिमताज परिवार के लिए यह क्षति अपूरणीय है, क्योंकि लक्ष्मी उनके परिवार का अभिन्न हिस्सा थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि साथ परिवार के वरिष्ठ सदस्य रहे ओम नारायण पांडेय ने 1980 में इस हाथी को अपने घर लाये थे, उस समय यह बिल्कुल बच्चा और छोटी थी, उसका नाम लक्ष्मी रखा गया। लक्ष्मी केवल एक हाथी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की पहचान बन चुकी थी। वह सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में आकर्षण का केंद्र रहती थी। आज से लगभग 30 वर्ष पूर्व यह हाथी लक्ष्मी चोरी हो गई थी, जिसे चित्रकूट धाम मंडल के अतर्रा में बरामद किया गया, तो वहां के पुलिस अधिकारियों ने ओम नारायण पांडेय से कहा कि कैसे साबित होगा कि हाथी आपकी है, तो पांडेय ने उस समय वहां के पुलिस अधिकारियों से कहा कि आप हाथी को पीछे छुपा दीजिए, मैं उसे नाम लेकर बुलाऊंगा, यदि वह बोल देगी तो आप जान जाएगा कि हाथी मेरा है और नहीं तो दूसरे का। हाथी को एक दीवाल के पीछे खड़ा किया गया और ओम नारायण पांडेय ने उसका नाम लेकर पुकारा की लक्ष्मी कहां हो इतना सुनते ही हाथी लक्ष्मी जोर से दहाड़ मारी, फिर उन्होंने कहा कि आओ मैं आ गया हूं उनकी आवाज सुनकर वह वहां से चल दी और उनके पास आकर के उन्हें प्यार से सूंड में लपेटकर अपने ऊपर बैठा लिया, यह देखकर वहां के पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वास्तव में लक्ष्मी इन्हीं की हाथी है तो इन्हें सौंप दिया। उसकी मृत्यु का समाचार फैलते ही आसपास के गांवों से भी लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे। यह क्षति लंबे समय तक सभी के दिलों में याद रहेगी।

## भगवान प्रसाद अध्यक्ष, अजमत उपाधक्ष बने

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयकर कर्मचारी महासंघ इलाहाबाद शाखा का चुनाव हुआ। गुरुवार देर रात तक चली गिनती में नए पदाधिकारियों का ऐलान किया गया। वर्ष 2025 के चुनाव में चुनाव संयोजक संजय मेहता तथा प्रेक्षक प्रेम चन्द की देखरेख में हुए चुनाव में शाखा अध्यक्ष कामरेड भगवान प्रसाद पटेल बने। इसी प्रकार शाखा उपाध्यक्ष अजमत हुसैन हुए। जीत के बाद पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों में शाखा अध्यक्ष भगवान प्रसाद पटेल, शाखा उपाध्यक्ष अजमत हुसैन, शाखा सचिव श्रीयांक आनन्द, शाखा संयुक्त, सचिव विपिन कुमार मिश्रा और शाखा कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार चुने गए। चुनाव परिणाम के बाद आयकर भवन के भूतल पर आयोजित सभा में जोनल सचिव कामरेड नागेन्द्र यादव ने सभा का संचालन किया। कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई। आयकर कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ी जाएगी। पूर्व चुनाव संयोजक कामरेड रघुलाल प्रजापति ने पदाधिकारियों को माला पहनाते हुये नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। सभा को कामरेड भगवान प्रसाद पटेल, श्रेयांक आनन्द, अजमत हुसैन, विपिन मिश्रा और शैलेन्द्र कुमार ने संबोधित किया।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व सैनिकों को छात्राओं ने बाँधी राखी

- फार्मेसी संस्थान में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक भावनात्मक और प्रेरणादायी कार्यक्रम फार्मेसी संस्थान में शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की छात्राओं ने पूर्व सैनिकों को राखी बांधकर उनके बलिदान और देशभक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों के योगदान को नमन करना और युवा पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल बनाना था। छात्राओं ने रक्षा बंधन के पावन पर्व पर पूर्व सैनिकों के हाथों में राखी बांधकर यह संदेश दिया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान की डोर सदैव मजबूत रहेगी। इस मौके पर डॉ. वनिता सिंह ने रक्षा बंधन की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए कहा, रक्षा बंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि यह विश्वास, सुरक्षा और एक-दूसरे के प्रति कर्तव्य का पर्व है। जब हम पूर्व सैनिकों को राखी बांधते हैं, तो हम उनके साहस, त्याग और राष्ट्र की रक्षा के संकल्प को प्रणाम करते हैं। यह परंपरा हमें याद दिलाती है कि हम सभी एक बड़े परिवार का हिस्सा हैं और हमारे सैनिक उस परिवार की सुरक्षा के प्रहरी हैं। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने भी विश्वविद्यालय परिवार का धन्यवाद व्यक्त किया और युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। इस अवसर पर प्रो. राकेश यादव, डॉ. पूजा मिश्रा, डॉ जया शुक्ला, डॉ. अनुराग मिश्रा समेत विश्वविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया।

# अनेक बहनों को मिला जीवन ज्योति रक्षा सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** भाई-बहन के प्रेम और विश्वास के पर्व रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर आज जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन द्वारा रामनगर, ब्लॉक सुईथाकला, शाहगंज, जौनपुर में आयोजित सम्मान समारोह में अनेक बहनें जीवन ज्योति रक्षा सम्मान से सम्मानित हुईं। समारोह में जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह को रामनगर, ब्लॉक सुईथाकला, शाहगंज, जौनपुर की 500 से अधिक बहनों ने प्रेम और विश्वास के प्रतीक रक्षा सूत्र को बांध कर अपना असीम स्नेह और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में जितेन्द्र कुमार सिंह ने क्षेत्र की अनेक बहनों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, मिष्ठान और स्मृति चिन्ह भेंट कर जीवन ज्योति रक्षा सम्मान से सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र की बहनों ने आज रक्षा सूत्र बांध कर जो स्नेह प्रदान किया है, उसका मैं सदैव ऋणी और उनकी सभी समस्याओं के लिए तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर ज्योति सिंह अध्यक्ष जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन, राकेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा जौनपुर, अवधेश दुबे अर्शिया मंडल अध्यक्ष भाजपा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बलिदानियों की गाथा में है, देशभक्ति का जीवंत संदेश : प्रो. वंदना सिंह

- काकोरी शताब्दी समारोह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की ऐतिहासिक घटना काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह का समापन हुआ।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि भारत की आज़ादी अनगिनत ज्ञात और अज्ञात शहीदों के बलिदान का परिणाम है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि इस आज़ाद देश की रक्षा करें और इसके विकास में सक्रिय योगदान दें। कहा कि अमर बलिदानियों की गाथा सिर्फ इतिहास नहीं, बल्कि देशभक्ति का जीवंत संदेश है।

उन्होंने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान एवं राजेंद्र लाहिड़ी जैसे काकोरी के वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुलपति के साथ कुलसचिव विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक गण ने मातादीन, बल्लू राम, बांके मार्ग पर स्थित शहीद मार्ग पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. राकेश यादव, डॉ. राज बहादुर यादव, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. चंदन सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. अंकित सिंह, डॉ. रजित राम सोनकर, डॉ. अवधेश कुमार, तथा सुशील प्रजापति सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अतुलानंद, न्याय नगर और सनबीम सनसिटी विजेता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद पब्लिक स्कूल चौफटका सूबेदारगंज में सीबीएसई क्लस्टर-5 बैडमिंटन प्रतियोगिता में संत अतुलानंद वाराणसी, न्याय नगर पब्लिक स्कूल प्रयागराज और सनबीम सनसिटी वाराणसी की टीम ने क्रमशः बालक अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग का खिताब अपने नाम किया। इलाहाबाद पब्लिक स्कूल चौफटका में शुक्रवार को संपन्न हुई प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग में संत अतुलानंद कान्वेंट वाराणसी विजेता, सनबीम सनसिटी वाराणसी, उपविजेता, अंडर-17 बालक वर्ग में न्यायनगर पब्लिक स्कूल प्रयागराज विजेता, सनबीम सनसिटी वाराणसी उपविजेता, अंडर-19 बालक वर्ग में सनबीम सनसिटी वाराणसी विजेता, संत अतुलानंद कान्वेंट वाराणसी उपविजेता रही। मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन विजय नारायण पाण्डेय ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किये। विद्यालय की प्रबन्धक मधु पाण्डेय, प्रधानाचार्या प्रतिमा पाण्डेय ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया।

# बाढ़ के पानी से गिरे शहर में वर्षा के जल का जल भराव

- शहर के कई इलाके हुए जलमग्न, आवागमन बाधित

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** प्रयागराज इन दिनों बाढ़ से घिरा है। इसी बीच शुक्रवार तड़के से बारिश शुरू हुई। छह घंटे से ज्यादा हो गया, झमाझम बारिश हो रही है। बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया है।

प्रयागराज में 7 अगस्त तक स्कूलों में छुट्टी थी। 8 अगस्त को स्कूल तो खुले, लेकिन सुबह हो रही तेज बारिश की वजह से ज्यादातर बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। कई स्कूलों ने छुट्टी का मैसेज भेज दिया। यही हाल शहर के प्रमुख बाजारों का है। दुकानें देर से खुलीं, बाजारों में भीड़ नहीं है। निरंजन डॉट पुल का रास्ता बारिश का पानी भरने से बंद हो गया। जनपद में 1 जून से 7 अगस्त तक 500.2 मिमी बारिश हुई। हालांकि, मौसम विभाग ने 379.4 मिमी बारिश का अनुमान जताया था। ऐसे में प्रयागराज में औसत से 32 प्रतिशत ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई।

भर से शुरू हुई बारिश दोपहर तक जारी रही जमकर हुई। बारिश से शहर के अधिकतम मोहल्ले जलमग्न हो गए। शहर के अल्लापुर, छोटा बघाड़ा, बड़ा बघाड़ा, बक्शी बांध, सलोरी, राजापुर नेवादा, दारागंज, सदियापुर, करेलाबाग, शुक्ला मार्केट, बक्शी, बंधवा, शिवकुटी आदि इलाकों में बारिश से जलभराव हो गया है। प्रयागराज जंक्शन के सामने, बेनीगंज, नखास कोहना,

## फ्लड पम्पिंग स्टेशन को पूरी क्षमता के साथ चालू रखें- डीएम



डीएम मनीष कुमार वर्मा ने नगर आयुक्त सांई तेजा के साथ शुक्रवार को शहर में भारी वर्षा के पश्चात जल-जमाव न होने पाये, के दृष्टिगत बक्शीबांध एवं मम्फोर्डगंज में कलश चौराहें के पास बनाये गये फ्लड पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर की जल निकासी की व्यवस्था को देखते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फ्लड पम्पिंग स्टेशन अपनी पूरी क्षमता से कार्य करता हुआ मिला और शहर की जल निकासी व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही थी। जिलाधिकारी ने फ्लड पम्पिंग स्टेशन से प्रति घण्टे कितना पानी निकाला जा सकता है तथा किन क्षेत्रों से पानी यहां आता है एवं फ्लड पम्पिंग स्टेशन की अन्य तकनीक के बारे में पूछा, जिसपर सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने फ्लड पम्पिंग स्टेशन को पूरी क्षमता के साथ लगातार क्रियाशील रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने वर्षा के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों को एलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए है।

## जलभराव की समस्या पर कांग्रेसियों ने मंत्री को भेजा पत्र

शुक्रवार को लगातार तेज बरसात होने के कारण शहर के अधिकतर इलाकों में जल भराव हो गया। इसको लेकर कांग्रेसियों ने चौक स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक कर नगर विकास मंत्री को पत्र लिखा। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने बताया की बारिश ने ड्रेनेज सिस्टम की खामियों को भी फिर से उजागर कर दिया। इलाके के नाले, सीवर और नालियों की सफाई के नगर निगम के दावे धरे के धरे रह गए। आलम यह रहा कि नालों और सीवरों के ओवरफ्लो होने से दारागंज, सलोरी, मेहंदौरी, कटरा, मेडिकल चौरहा समेत कई रिहायशी इलाकों में घरों में भी पानी भर गया। बताया की रास्तों व मोहल्लों में इतना अधिक जलभराव हो गया है कि लोगों को आने-जाने में उनके कपड़े आदि भी भीग जा रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया की पुराने शहर के जानसेनगंज, चौक, कोठा पार्चा, नाखास कोना, मीरापुरा, बहादुरगंज, खुल्दाबाद, लूकरगंज आदि क्षेत्रों में जल भराव होने से सड़को का पानी लोगो के घरों में पहुंच गया। जिससे गन्दगी और बीमारी का खतरा बढ़ गया। कांग्रेसियों ने शहर की नाली नालियों की सफाई में अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है बैठक में मुकुंद तिवारी, हसीब अहमद, दीपचन्द्र शर्मा, मोहम्मद हसीन, मानस शुक्ला, मनोज पासी, राकेश पटेल, हाजी सरताज, राम मनोरथ सरोज, नफीस कुरैशी समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नागरिकों के स्वास्थ्य समाधान हेतु चर्चा का आयोजन

**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** नागरिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति द्वारा नागरिकों के स्वास्थ्य समाधान हेतु स्वास्थ्य चर्चा का आयोजन डॉ बी0एन0 गौड ने बताया कि तेल मसाले व्हाट्सएप प्रयास करें कम से कम इस्तेमाल करें और हरी सब्जी व सलाद को अधिक अधिक से इस्तेमाल करें निर्देशन में राहुल सांकृत्यायन जन इंटर कॉलेज के सेमिनार हॉल में किया गया। स्वास्थ्य समाधान चर्चा में प्रमुख रूप से डॉक्टर आर0बी0 त्रिपाठी , डा0 बी0 एन0 गौड , डा0 अभिमन्यू जी, डा0 अक्सी जी द्वारा गंभीर रोगों से बचाव व निवारण संबंधित अलग-अलग विषयों पर प्रकाश डालें। अंत में संस्था के अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा जी ने सबका आभार प्रकट किया और सभी को धन्यवाद दिए।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देशानुसार आजमगढ़ जिले के हरिहरपुर कंपोजिट विद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय के बच्चो ने विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर अतिथि पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतियोगिता का अवलोकन कर बच्चो का उत्साहवर्धन किया। इस अभियान के तहत हर घर पर तिरंगा फहराने के बारे में विस्तार से चर्चा भी किया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में देश के प्रति राष्ट्रभक्ति की भावना और स्वतंत्रता के महत्व को समझना था। इस दौरान कार्यालय सहायक राजन शुक्ला, प्रधानाध्यापक उपेंद्र दत्त शुक्ल, सहायक अध्यापक अमरनाथ शर्मा, वरिष्ठ अध्यापिका सुमन सिंह, अनुपमा सिंह, सरोज सिंह, अर्चना भट्ट, रीना यादव, ऐश्वर्या दीक्षित, नीलम, इंदु मौर्या, विनीता यादव सहित विद्यालय की समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

### मंत्री नंदी ने दिलाई पीडीए कर्मचारी संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण कर्मचारी संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का आज भव्य शपथ ग्रहण समारोह प्राधिकरण के प्रांगण में आयोजित हुआ। कर्मचारी संगठन के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', विशिष्ट अतिथि पीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. अमित पाल शर्मा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीत कुमार सिंह ने की। प्रयागराज विकास प्राधिकरण कर्मचारी संगठन का चुनाव 23 जुलाई को संपन्न हुआ था। आज कैबिनेट मंत्री नंदी ने भव्य समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष आलोक अग्रवाल,महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवचरण पाल, उपाध्यक्ष प्रथम मनीष कुमार, उपाध्यक्ष द्वितीय छवि कुमार शर्मा, लेखा परीक्षक रमेश कुमार यादव, संयुक्त मंत्री प्रवेश कुमार शर्मा, संगठन मंत्री धर्मेंद्र मौर्य, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार और प्रचार मंत्री पुरुषोत्तम पाल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राधिकरण के कर्मचारियों बड़ी संख्या मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री नंदी ने कहा कि यह खुशी और गर्व का क्षण है। अध्यक्ष आलोक अग्रवाल सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मैं अपनी और प्रदेश सरकार की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं।

# डीएम व एसएसपी ने किया बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण

- बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तत्पर है : जिलाधिकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सगड़ी के अन्तर्गत बाढ़ से सबसे पहले प्रभावित होने वाले ग्राम चक्की हाजीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चक्की हाजीपुर के ग्राम वासियों से वार्ता कर बाढ़ से बचाव के सम्बन्ध में की गयी तैयारियों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयारियों में लगा हुआ है। ग्राम वासियों ने प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त किया। ग्राम वासियों द्वारा जिलाधिकारी को झुके हुए विद्युत पोलों और लटकते हुए तारों एवं प्रापर विद्युत की आपूर्ति आदि समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मौके पर उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारी को झुके हुए पोल एवं लटकते हुए तारों को ठीक कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से पीएम सूर्य घर योजना के बारे में जानकारी है या नहीं, के बारे में पूछा। ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि इस योजना के बारे में जानकारी नही है।

# क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लें युवा: विधायक

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह कार्यक्रम में उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काकोरी में आयोजित कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन, जिला पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, शहीदों, स्वतत्रंता संग्राम सैनानियों के परिजनों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव राम नरेश अग्निहोत्री ने कहा कि लंबे संघर्षो, असंख्य बलिदानों, त्याग के उपरांत आजादी मिली, असंख्य बलिदानों के बाद हमारा देश स्वतंत्र हुआ लेकिन आज हमारे देशवासियों में जोश, जज्बा दिखाई नहीं देता, आज कुछ लोग चंद लालच में देश के प्रति गद्दारी कर रहे हैं, कुछ लोग पैसे के लिए देश को बेचने का काम कर रहे हैं, यह भावना विनाशकारी है, इस भावना को कुचलना होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग विदेशी मानसिकता से प्रभावित होकर देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं, ऐसे लोगों का खुलकर विरोध करें, उन्हे समाज में अपमानित करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि राम प्रसाद बिस्मिल जब जेल में थे और उन्हें जिस दिन फांसी लगने वाली थी, उस दिन सुबह व्यायाम कर रहे थे, सिपाहियों ने पूछा कि आपको कुछ समय बाद फांसी लगेगी तो व्यायाम क्यों कर रहे हो, उनका जवाब था कि भारत माता के चरणों में आज एक फूल चढ़ने जा रहा है और वह फूल मुरझाया, कुमलाया न हो इसलिए मैं कसरत कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह गति रुके नहीं, देश के विकास की गति को रोकने के लिए तमाम शक्तियां लगी हुयीं हैं, दुनिया के कई देश भारत के बढ़ते कदमों को रोकने में लगे हुये हैं, हमें देश विरोधी ताकतों से सावधान रहना होगा, अपने दायित्वों का निर्वहन कर देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने में निभाना होगा। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि ''शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले'' ''वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा''। उन्होने कहा कि यदि हम सबसे कोई पूछे कि जीवन की सबसे मूल्यवान वस्तु क्या है तो सभी का एक ही जवाब होगा कि जीवन की सबसे मूल्यवान वस्तु प्राण है, हमारे शहीदों ने अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। उन्होने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने वालों को अच्छी तरह मालूम था कि विद्रोह का परिणाम मृत्यु हो सकता है और यह जानते हुये भी स्वाधीनता सैनानियों ने बार-बार अंग्रेजों के विरूद्ध आन्दोलन किये। उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति देने वालों को नमन करे, शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करें। उन्होने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों, जन-प्रतिनिधियों से कहा कि देश की युवा पीड़ी, बच्चों को स्वाधीनता के शानदार इतिहास, अतीत के बारे में जानकारी देना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। श्री सिंह ने कहा कि हम सबको गर्व होना चाहिए कि जनपद मैनपुरी के वीर शहीदों का स्वाधीनता आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान रहा है, काकोरी ट्रेन एक्शन स्वाधीनता आंदोलन की स्वर्णिम घटना रही है।



# जीआई टैगिंग उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड की पहल, 4000 एमएसएमई फर्म्स को मिलेगा लाभ

**मुंबई।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड ) जल्द ही ग्रामीण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए राष्ट्रीय कौशल विभाग के साथ मिलकर 4000 एंटरप्राइजेज के लिए योजना शुरू कर रहा है। इसमें ग्रामीणों को कारोबारी ट्रेनिंग देने, रिफाइनेंसिग करने, उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिग के साथ उनके उत्पादों के बेचने के लिए मदद करेगा। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. बीआर प्रेमी ने अमर उजाला से बातचीत में बताया कि नाबार्ड अब एमएसएमई क्षेत्र पर फोकस कर रहा है। हम पहले से ही ग्रामीण संस्थाओं एवं सहयोगी संस्थाओं के जरिए यहां के कृषि और गैर कृषि क्षेत्रों से जुड़े इंटरप्राइजेज को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही अब हम ग्रामीण एंटरप्राइजेज और ग्रामीण क्षेत्र के एमएसएमई को जोड़ रहे हैं। इसके लिए नाबार्ड ने अपनी गाइडलाइन को रिवाइज किया है और ग्रामीण एमएसएमई पॉलिसी शुरू की गई है।

**ग्रामीण एमएसएमई क्षेत्र को**

**फोकस**

**नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. बीआर प्रेमी ने अमर उजाला से बातचीत में बताया कि नाबार्ड अब एमएसएमई क्षेत्र पर फोकस कर रहा है।**

**जोड़ने की योजना**

प्रेमी ने बताया कि हम सरकार के राष्ट्रीय कौशल विभाग के साथ मिलकर 4000 रूरल इंटरप्राइज प्रोमोशनल ऑर्गेनाइजेशन योजना शुरू कर रहे हैं। इसमें लगभग डेढ़ लाख लोगों को जोड़ा जाएगा। इसमें उनको उद्यम पोर्टल पर कारोबार पंजीकृत करने, उत्पादों की ब्राडिंग और मार्केटिंग करने, मैन्यूफेक्करिंग करने, उत्पादों की टेस्टिंग करने के साथ




उनकों रिफाइनेंस की सहायता दी जाएगी। इस योजना के तहत एमएसएमई को रिफाइनेंस किया जाएगा, जिसमें में 40 प्रतिशत सरकार और 60 प्रतिशत नाबार्ड की ओर ऋण सहायता मिलेगी।

**क्षेत्रिय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 100 जीआई टैगिंग हो चुकी हैं**

बीआर प्रेमी बताते हैं कि नाबार्ड ने जीआई ( भौगोलिक संकेत ) टैगिंग में अहम भूमिका निभा रहा है। हमने 7 हजार संस्थाओं के साथ जुड़कर 100 उत्पादों की जीआई टैगिंग पूरी की है। नाबार्ड के पास इसके लिए 12 योजनाएं हैं। इसमें रूरल इंटरप्राइज प्रोमोशनल ऑर्गेनाइजेशन योजना मुख्य है। इसके जरिए बुनकर, स्टार्टअप, किसान और लेबर हमसे जुड़ते हैं। इन योजनाओं में उत्पादन क्षमता को बढ़ाने, मार्केटिंग करने, उत्पादन और जीआई टैग के लिए पंजीकृत होने में सहायता की जाती है। इनमें हेंडलूम, खिलौने, फुटवियर सहित फूड प्रोसेसिंग उत्पाद शामिल हैं। इन उत्पादों की अपनी क्षेत्रिय विशेषता होती है, जिसको बनाने में काफी समय लगता है। इनकी मांग घरेलू बाजार के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में होती है, जिनकों खरीदने के लिए काफी पैसे भी लगते हैं। इन उत्पादों को जीआई टैगिंग होने के बाद कई बार बढ़ावा नहीं मिलता इसके लिए नाबार्ड बाजार दिलवाने, उद्यमों और किसानों को इसके बारे में परामर्श और वित्तीय सहायता और मार्केटिंग करने में नाबार्ड सहायता कर रहा है।

**40 प्रतिशत एमएसएमई को 1200 करोड़ रुपये का सीधा ऋण**

प्रेमी कहते हैं कि जैसे की सब जानते है कि नाबार्ड सीधा फाइनेंस नहीं देता है, हम रिफाइनेंस करते हैं। हमारे कुल ऋण में 40 प्रतिशत ऋण एमएसएमई क्षेत्र के लिए है। इसमें कृषि क्षेत्र , महिलाओं के सहकारी संस्थाएं, बुनकर, फूड प्रोसेसिंग और ग्रामीण स्टार्टअप्स जैसे कई क्षेत्र शामिल हैं।

# रक्षाबंधन पर केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला, पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दे दी। रक्षाबंधन से ठीक पहले लिए गए इस फैसले से 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कैबिनेट में लिए इन फैसलों की जानकारी दी। देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए मई 2016 में पीएमयूवाई योजना शुरू की गई थी। 1 जुलाई तक, भारत में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल (और 5 किलोग्राम सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से) के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। इस पर 12,000 करोड़ रुपये का व्यय होगा। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को समावेशी विकास के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का उद्देश्य जनता के जीवन में बदलाव लाना है। अब तक 10.33 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पीएम उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए 12,060 करोड़ रुपये की सहायता को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को तमिलनाडु में मरक्कनम-पुडुचेरी राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन का बनाने की परियोजना को मंजूरी दे दी। इस परियोजना पर कुल 2,157 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। फिलहाल, चेन्नई, पुडुचेरी विलुप्पुरम और नागपट्टिनम के बीच संपर्क मौजूदा 2-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग 332 और उससे जुड़े राज्य राजमार्गों पर निर्भर है। इस पर भारी यातायात के कारण, विशेष रूप से घनी आबादी वाले इलाकों और गलियारे के साथ प्रमुख कस्बों में, काफी भीड़भाड़ हो जाती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मरक्कनम से पुडुचेरी तक एनएच-332ए के लगभग 46 किलोमीटर हिस्से को 4-लेन में अपग्रेड किया जाएगा। कैबिनेट में लिए गए फैसलों के बारे में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी एक्स पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, श्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्वच्छ खाना पकाने की ऊर्जा को हर घर तक पहुंचाने के लिए एक व्यापक पहल की है। नरेंद्र मोदी जी, ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों के लिए प्रति वर्ष अधिकतम नौ रिफिल (और 5 किलो के सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से) पर ₹300 प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी को मंजूरी दी है।

# बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की

**लखनऊ।** प्रीसिजन इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड ''कंपनी या बीएफआईएल बीएसई 531112 7 एनएसईः बालूफोर्ज ने 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के लिए एकीकृत आधार पर अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. परिचालन से प्राप्त राजस्व सालाना आधार पर 33 फीसदी बढ़कर 233.2 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी द्वारा क्षमता और सामर्थ्य बढ़ाने साथ-साथ वैल्यू-ऐडेड उत्पादों के बेहतर मिक्स और परिचालन के बेहतर लेवरेज से इसमें मदद मिली। सकल लाभ सालाना आधार पर 50.1 फीसदी बढ़कर 89.1 करोड़ रुपये हो गया. इसमें उत्पादों की बेहतर कॉम्पलेक्सिटी और प्रीसिजन इंजीनियरिंग एप्लिकेशंस में विस्तार से मदद मिली। एबिटा सालाना आधार पर 67.3 फीसदी बढ़कर 72.3 करोड़ रुपये हो गया. इससे पता चलता है कि विनिर्माण क्षमता बेहतर हुई है और हाई-मार्जिन मशीनिंग को एकीकृत करने से लाभ हुआ है टैक्स के बाद लाभ सालाना आधार पर 66.9 फीसदी बढ़कर 57 करोड़ रुपये हो गया। यह मार्जिन के विस्तार, स्थिर लागत नियंत्रण और बाहरी अनिश्चितताओं के बावजूद वैश्विक बाजार हिस्सेदारी में निरंतर वृद्धि के कारण संभव हुआ. बीएफआईएल के कार्यकारी निदेशक जसपाल सिंह चंदॉक ने प्रदर्शन के बारे में कहा वैश्विक प्रीसिजन इंजीनियरिंग परिदृश्य एक परिवर्तनकारी बदलाव के दौर से गुजर रहा है। यह बदलाव बढ़ते स्वचालन और उन्नत विनिर्माण तकनीकों को अपनाने के कारण हो रहा है।

भारत में जैसे-जैसे हम पारंपरिक विनिर्माण से रियल टाइम मॉनिटरिंग की ओर बढ़ रहे हैं, प्रीसिजन इंजीनियरिंग इस बदलाव का आधार बन रही है।

# जुलाई में घर में बना भोजन 14 फीसदी सस्ता, सब्जियों के भाव भी काबू में

**नई दिल्ली।** चालू कैलेंडर वर्ष के दौरान खाद्य वस्तुओं की कीमतें काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही हैं। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।केंद्र सरकार वस्तुओं की कीमतों पर सक्रिय रूप से नजर रखती है और जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप करती है। जुलाई 2025 में घर में थाली की लागत में 14त्न की कमी आई। यह महीने के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति में निरंतर कमी को दर्शाती है।

इसमें कहा गया कि देश भर के कई केंद्रों पर टमाटर की खुदरा कीमतें किसी बुनियादी मांग-आपूर्ति असंतुलन या उत्पादन की कमी के बजाय अस्थायी स्थानीय कारकों से प्रभावित होती हैं।

भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) 4 अगस्त, 2025 से आजादपुर मंडी से टमाटर खरीद रहा है। और उन्हें न्यूनतम मार्जिन के साथ कीमतों पर उपभोक्ताओं को बेच रहा है।

आज तक, एनसीसीएफ ने खरीद लागत के आधार पर 47 रुपये से 60



रुपये प्रति किलोग्राम तक के खुदरा मूल्य पर 27,307 किलोग्राम टमाटर बेचे हैं।

खुदरा बिक्री नेहरू प्लेस, उद्योग भवन, पटेल चौक और राजीव चौक पर एनसीसीएफ के स्टेशनरी आउटलेट्स के माध्यम से की जा रही है। साथ ही शहर भर में विभिन्न स्थानों पर संचालित 6-7 मोबाइल वैन के माध्यम से भी की जा रही है।

दिल्ली में टमाटर का वर्तमान औसत खुदरा मूल्य 73 रुपये प्रति किलोग्राम है। यह मुख्य रूप से जुलाई के अंतिम सप्ताह से देश के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा का परिणाम है।

मौसम संबंधी इस व्यवधान के कारण जुलाई के अंत तक कीमतें 85 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं।

हालांकि, पिछले सप्ताह आजादपुर मंडी में दैनिक आवक में सुधार और स्थिरता के साथ, मंडी और खुदरा दोनों कीमतों में गिरावट शुरू हो गई है। इसके विपरीत, चेन्नई और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों में, जहां हाल के सप्ताहों में असामान्य मौसम की स्थिति नहीं देखी गई है और कीमतों में समान वृद्धि नहीं देखी गई है। चेन्नई और मुंबई में टमाटर की वर्तमान औसत खुदरा कीमतें क्रमशः 50 रुपये प्रति किलोग्राम और 58 रुपये प्रति किलोग्राम हैं। यह दिल्ली में प्रचलित कीमत से काफी कम है।

वर्तमान में, टमाटर की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 52 रुपये प्रति किलोग्राम है। यह पिछले साल के 54 रुपये प्रति किलोग्राम और 2023 में 136 रुपये प्रति किलोग्राम से अभी भी कम है। विभाग ने बताया कि पिछले वर्षों के विपरीत, इस मानसून सीजन में आलू, प्याज और टमाटर जैसी प्रमुख सब्जियों की कीमतें नियंत्रण में हैं।

आलू और प्याज के संबंध में, 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन पर्याप्त आपूर्ति और काफी कम खुदरा मूल्य सुनिश्चित करता है। इस वर्ष, सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए 3 लाख टन प्याज खरीदा है। बफर से प्याज का संतुलित और लक्षित वितरण सितंबर, 2025 से शुरू होने की उम्मीद है।

# 9 अगस्त को द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर रक्षाबंधन का खास सेलिब्रेशन होगा



**लखनऊ।** 9 अगस्त को द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर रक्षाबंधन का खास सेलिब्रेशन होगा, वो भी बिल्कुल बॉलीवुड स्टाइल में जिसमें होगी भाई-बहनों की मस्ती, थोड़ी मिठास, थोड़ी तकरार और ढेर सारा मसाला! इस शनिवार, शिल्पा और शमिता शेट्टी, और हुमा कुरैशी और साकिब सलीम हाथ में राखियां लेकर शो में नजर आएंगे और अपनी दिलचस्प बातों से सबका दिल जीतेंगे बिना किसी फिल्टर के, पूरे मजे के साथ !शिल्पा खुद कहती हैं कि वो अब 90 के दशक की अपनी पुरानी छवि से भी बेहतर हैं, और फिर शमिता की लव लाइफ को लेकर उसे छेड़ती हैं - तो ये सब हँसी और प्यार से भरा होता है। शमिता कहती हैं कि सच्चा प्यार पाना आसान नहीं है, और शिल्पा चाहती हैं कि वो किसी ऐसे लड़के को पसंद करे जिसमें दिमाग भी हो और बाइसेप्स भी !हुमा अपने साथ कपिल के लिए एक बड़ी सी राखी लेकर आती हैं, क्योंकि किसी न किसी को तो हमारे फेवरेट इनहाउस आशिक यानी कपिल को राखी बांधना ही था! जहाँ तक उसके और साकिब के भाई-बहन के रिश्ते की बात है वह मज़ेदार भी है और प्यारा भी। साकिब खुद मानते है कि कभी-कभी उसे अपनी बहन से कुछ बातें छुपानी पड़ती हैं, और हुमा उसे अपना बेस्ट फ्रेंड भी कहती है और सबसे खराब विंगमैन भी!

# विदेशी मुद्रा भंडार 9.32 अरब डॉलर घटकर 688.87 अरब डॉलर पर, रिजर्व बैंक ने जारी किए आंकड़े




**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक अगस्त को समाप्त होने वाले हफ्ते के दौरान 9.322 अरब डॉलर कम होकर 688.871 अरब डॉलर रह गया। यह हाल के दिनों में हुई सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है। आरबीआई ने शुक्रवार को फॉरेक्स रिजर्व से जुड़े आंकड़े जारी किए। आइए देश के विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़ों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक अगस्त को समाप्त होने वाले हफ्ते के दौरान 9.322 अरब डॉलर कम होकर 688.871 अरब डॉलर रह गया। यह हाल के दिनों में हुई सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है। आरबीआई ने शुक्रवार को फॉरेक्स रिजर्व से जुड़े आंकड़े जारी किए।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में समग्र विदेशी मुद्रा भंडार 2.703 बिलियन डॉलर बढ़कर 698.192 बिलियन डॉलर हो गया था। केंद्रीय बैंक ने अपने आंकड़ों में बताया कि एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 7.319 अरब डॉलर घटकर 581.607 अरब डॉलर रह गईं।

डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.706 अरब डॉलर घटकर 83.998 अरब डॉलर रह गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 237 मिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 18.572 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गए।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ में भारत की आरक्षित स्थिति भी 59 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 4.694 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गई।

# सिम्बायोसिस के एमबीए प्रोग्राम के लिए एसएनएपी टेस्ट 2025 की एडमिशन विंडो खुली

**लखनऊ/ कानपुर।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट टेस्ट 2025 के लिए ऐप्लीकेशन की आधिकारिक शुरूआत कर दी है। यह एमबीए में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। एसएनएपी 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन एवं पेमेंट विंडो की शुरूआत 1 अगस्त 2025 (शुक्रवार को हुई, जो 20 नवम्बर 2025 (गुरूवार) तक खुली रहेगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का आयोजन तीन तारीखों पर होगा, यानि उम्मीदवार तीन बार तक परीक्षा दे सकते हैं। इनमें से प्रवेश प्रक्रिया के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाएगा। एसएनएपी टेस्ट 01:6 दिसम्बर 2025 (शनिवार) एसएनएपी टेस्ट 02:14 दिसम्बर 2025 (रविवार) एसएनएपी टेस्ट 03: 20 दिसम्बर 2025 (शनिवार) परिणामों की घोषणाः 9 जनवरी 2026 (शुक्रवार) एसएनएपी 2025 का सचांलन देश के 79 शहरों में होगा। परीक्षा में बहु-विकल्पी (ऑब्जेक्टिव टाईप) सवाल पूछे जाएंगे, प्रत्येक सवाल के जवाब में चार विकल्प होंगे। हर गलत जवाब के लिए 25 फीसदी नेगेटिव मार्किंग होगी। परीक्षा के प्रत्येक प्रयास के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क रु 2250 होगा और प्रत्येक प्रोग्राम के लिए रु 1000 का अतिरिक्त शुल्क देना होगा सलेक्शन की फाइनल प्रक्रिया (मेरिट लिस्टिंग) कम्पोज़िट स्कोर के आधार पर की जाएगी, जिसमें शामिल हैः एसएनएपी स्कोर (50 अंक), ग्रुप एक्सरसाइज़ (10 अंक), पर्सनल इंटरैक्शन (40 अंक) कुलः 100 अंकपरीक्षा में आवेदन के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी/ राष्ट्रीय स्तर के संस्थान से बैचलर डिग्री होनी चाहिए (कम से कम 50 फीसदी अंक, एससी/एसटी के लिए 45 फीसदी अंक)। अगर विदेशी छात्र परीक्षा देना चाहते हैं तो उनके पास एसोसिएशन ऑफ इंडियन युनिवर्सिटीज़ (एआईयू) से समकक्ष सर्टिफिकेट होना चाहिए। इस परीक्षा के ज़रिए छात्र इन संस्थानों में एमबीए प्रोग्रामों में एडमिशन पा सकते हैं।

# इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने से पहले ध्यान देने योग्य कुछ बातें

**लखनऊ।** इलेक्ट्रिक स्कूटर के स्वामित्व को लेकर लोगों, खासकर पहली बार इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने वाले लोगों के मन में अनेक आशंकाएं होती हैं। उनकी चार्जिंग, बैटरी लाईफ, सर्विस और रिसेल को लेकर कई प्रश्न मन में पैदा होते हैं। ये केवल तकनीकी आशंकाएं नहीं हैं, बल्कि ये वास्तविक और रोजमर्रा के सवाल हैं। इलेक्ट्रिक स्कूटर उद्योग ने काफी प्रगति कर ली है, लेकिन जागरुकता की कमी को दूर करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इसीलिए स्वामित्व के अनुभव को लेकर जागरुकता बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है, जितना जरूरी एक बेहतरीन क्वालिटी का इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाना है। एथर एनर्जी द्वारा अपने स्कूटरों और उससे जुड़े परिवेश, दोनों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। एथर के इन-हाउस बैटरी पैक्स के साथ आठ साल की वॉरंटी और कम से कम 70 प्रतिशत बैटरी हैल्थ बची रहने की गारंटी दी जाती है, ताकि ग्राहकों को लंबे समय तक एथर स्कूटरों की बेहतरीन परफॉर्मेंस का आत्मविश्वास



मिल सके। ओनरशिप की चिंताओं को दूर करने के लिए एथर ने एश्योर्ड बायबैक प्लान भी पेश किया है, जो तीन साल तक स्कूटर का 60 प्रतिशत तक मूल्य प्रदान करने की गारंटी देता है। यह प्लान एथर के इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदने वालों को मन का पूरा सुकून प्रदान करता है। एथर द्वारा चार्जिंग और सर्विस पर भी काफी ध्यान दिया जा रहा है। पूरे देश में कैफे और मॉल जैसे सुविधाजनक स्थानों पर 4,300 से अधिक पब्लिक चार्जर लगाए जा चुके हैं, ताकि राईडर को चार्जिंग स्टेशन हमेशा नजदीक ही मिल सके। इसके अलावा, हर उस शहर, जहाँ एथर का एक्सपीरियंस सेंटर है, वहाँ समर्पित सर्विस सेंटर भी है, ताकि जरूरत के वक्त राईडर्स को विश्वसनीय सपोर्ट मिल सके। जो कभी एक आला दर्जे का विकल्प होता था, वह अब आम होता चला जा रहा है। इस परिवर्तन में एथर द्वारा बैटरी टेक्नोलॉजी, चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर और बेहतरीन रिसेल वैल्यू पर ध्यान केंद्रित करने तथा इस बारे में जागरुकता बढ़ाए जाने से मदद मिल रही है।एथर एनर्जी द्वारा अपने स्कूटरों और उससे जुड़े परिवेश, दोनों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इलेक्ट्रिक स्कूटर को लेकर अन्य मुख्य चिंताओं में चार्जिंग और सर्विस हैं। चार्जिंग को लेकर ग्राहकों का अक्सर यह सवाल होता है कि ''यदि बैटरी पूरी डिस्चार्ज हो जाए, तब मैं क्या करूंगा? क्या मुझे आसपास चार्जर मिलेगा?'' यह एक जायज सवाल है। इसीलिए चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर इतना महत्वपूर्ण है। इसलिए भारत सरकार भी चार्जिंग नेटवर्क बढ़ाने और इलेक्ट्रिक स्कूटरों के स्वामित्व को सुगम बनाने के लिए कदम उठा रही है। चार्जिंग की तरह ही नियमित सर्विसिंग भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए ब्रांड ग्राहकों की बढ़ती संख्या के साथ अपने सर्विस नेटवर्क का विस्तार भी कर रहे हैं।

# बदायूं, उत्तर प्रदेश के युवा सड़क व्यवहार में बदलाव की बागडोर संभाल रहे हैं



**बदायूं।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने बदायूं, उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूकता की लहर जगाई। यह अभियान एचपी इंटरनेशनल स्कूल और टिथोनस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया, जहां प्रतिभागी सड़क सुरक्षा चैंपियन बनकर जिम्मेदार ड्राइविंग, समझदारी भरे फैसले और साझा जिम्मेदारी पर चर्चा में शामिल हुए। एचएमएसआई के प्रशिक्षित सड़क सुरक्षा प्रशिक्षकों के नेतृत्व में इस अभियान में 2400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जबकि भारत में गतिशीलता और इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, बढ़ता ट्रैफिक अब सिर्फ कुशल ड्राइवर्स ही नहीं, जिम्मेदार ड्राइवर्स की भी जरूरत को बढ़ा रहा है। युवा जितने एक्टिव हैं, ये कैंपेन भी उतना ही डाइनैमिक था। इसमें गेम्स, क्विज़, दो-पहिया वाहन की सुरक्षा, ट्रैफिक रूल्स और जिम्मेदार रोड बिहेवियर पर इंटरैक्टिव सीखने का मौका मिला। हेलमेट पहनकर देखना हो या ब्लाइंड स्पॉट समझना, सभी पार्टिसिपेंट्स को सेल्फ एक्सपीरिएंस करने का मौका मिला कि सेफ राइडिंग और अलर्ट रहना कितना जरूरी है। इसका मेसेज बिलकुल क्लियर था सुरक्षा की शुरुआत सोच बदलने से होती है। सड़क सुरक्षा पर केवल नियमों और जुर्मानों तक बात सीमित नहीं रही। इसे एक जीवन कौशल के रूप में प्रस्तुत किया गया ऐसा कौशल, जो न सिर्फ खुद को, बल्कि आसपास के सभी लोगों को भी सुरक्षित रख सकता है। यह पहल एचएमएसआई के बड़े प्रयास का हिस्सा है जिसका मकसद है सड़क सुरक्षा के व्यवहार को बचपन से ही लोगों में लाना। सोच में बदलाव लाकर एचएमएसआई उम्मीद करता है कि हर इंसान बदलाव का दूत बने अपने परिवार, दोस्तों और समाज को भी इससे जोड़ें।

# लखनऊ में भारत परिषद का 34वां स्थापना दिवस, मुख्य विषय रहा जाति न्याय आन्दोलन

**■ पूर्व न्यायाधीश सीबी पाण्डेय ने कहा आरक्षण से सभी जातियों को न्याय नहीं मिला, कई सैकड़ों जातियां अब भी उपेक्षित**

**■ हर गांव में बनेगी 'जाति न्याय समिति', हार जाति को न्याय दिलाने के लिए देशभर में चलेगा जागरूकता अभियान**




**लखनऊ।** भारत परिषद द्वारा तब क्विट इण्डिया अब फिट इण्डिया के संकल्प के साथ 34वाँ स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को लखनऊ के डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय जाति न्याय आन्दोलन रखा गया, जिसका उद्देश्य अगड़ा, पिछड़ा और दलित की श्रेणियां मिटाकर प्रत्येक जाति को उनकी संख्या के आधार पर समान भागीदारी एवं हिस्सेदारी दिलाना रहा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश चन्द्र भूषण पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद से लागू अगड़े पिछड़े और दलित जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था से सभी जातियों को न्याय नहीं मिला। इससे सिर्फ इन वर्गों की कुछ बड़ी जातियों को ही लाभ मिल सका है, कई सैकड़ों जातियां अब भी उपेक्षित रहीं और उन्हें न तो हिस्सेदारी मिली और न ही वास्तविक भागीदारी।

सीबी पाण्डेय ने उदहारण देते हुए बताया की पिछड़े जाति में 79 जातियां हैं लेकिन उन जातियों में सिर्फ 7 से 8 जातियां ही लाभ ले पा रही हैं, उसी तरह दलितों के 63 जातियों में 4 से 6 जातियां ही लाभ उठा रहीं हैं। जो की बहुत ही अनैतिक, घोर दमनकारी और शोषणकारी व्यवस्था है, जो संविधान के खिलाफ है।

उन्होंने घोषणा की कि जाति न्याय आन्दोलन के तहत प्रत्येक गांव में जाति न्याय समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें हर जाति के लोग शामिल होंगे और देशभर में जागरूकता एवं अधिकारों के लिए व्यापक आन्दोलन चलाया जाएगा। उन्होंने संकल्प लेते हुए कहा कि हम हर जाति को उसकी संख्या के हिसाब से भागीदारी करायेंगें और उनका हाक दिलाएंगे।

बता दें भारत परिषद की स्थापना वर्ष 1992 में मुम्बई के क्रान्ति मैदान से हुई, जहाँ से महात्मा गाँधी ने 1942 में क्विट इण्डिया का नारा दिया था। परिषद ने वहीं से फिट इण्डिया का संदेश देकर अपने संघर्ष का प्रारंभ किया। तब से यह संगठन भ्रष्टाचार, सामाजिक अन्याय और जनहित से जुड़े अनेक मुद्दों पर लगातार आन्दोलन करता आ रहा है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति श्री रंगनाथ पाण्डेय (से.नि.), श्री मनोज कुमार (पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, उत्तर प्रदेश), डॉ. वी.के. सिंह (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), श्री योगेन्द्र बल्हारा (महासचिव), श्री अजीत कुमार सिंह (प्रदेश अध्यक्ष) और श्री ब्रज भूषण दूबे सहित कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे। सभी ने जाति न्याय आन्दोलन से जुड़ने का संकल्प लिया और एक स्वर में नारा दिया ÷अगड़ा, पिछड़ा, दलित मिटायेंगे, जाति-जाति को हिस्सा दिलायेंगे।

# एसएलएटी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**लखनऊ।** सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है जो लॉ एजुकेशन में भविष्य बनाना चाहते हैं। एसएलएटी एग्जाम की तारीख 20 दिसंबर 2025 शनिवार और 28 दिसंबर 2025 रविवार तय की गई हैं। एसएलएटी एग्जाम का आयोजन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड यूनिवर्सिटी द्वारा किया जाता है। यह एग्जाम पुणे, नोएडा, हैदराबाद और नागपुर में स्थित सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों में अंडरग्रेजुएट लॉ कोर्सेस में एडिमशन के लिए ज़रूरी है।एसएलएटी 2026 एग्जाम देश भर के 68 शहरों में आयोजित किया जाएगा और इसे लॉ एजुकेशन के लिए स्टूडेंट्स की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये एग्जाम कंप्यूटर-आधारित टेस्ट होता है, जिसमें 60 मिनट में कुल 60 प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं। यह परीक्षा हर साल केवल दिसंबर महीने में आयोजित की जाती है। इसमें लॉजिकल रीजनिंग, लीगल रीजनिंग, एनालिटिकल रीजनिंग, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन, और जनरल नॉलेज जैसे विषयों में हर एक से कुल 12 प्रश्न पूछे जाते हैं। इस एग्जाम में नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है, जो इसे अन्य लॉ एंट्रेंस एग्जाम्स से अलग बनाता है। एसएलएटी 2026 रजिस्ट्रेशन और पेमेंट प्रक्रिया 30 नवंबर, 2025 रविवार को बंद हो जाएगी।इसके अलावा, एसएलएटी 01 के लिए एडमिट कार्ड 11 दिसंबर, 2025 गुरुवार को और एसएलएटी 02 के लिए 18 दिसंबर, 2025 गुरुवार को जारी किए जाएंगे। प्रत्येक उम्मीदवार के एडमिट कार्ड पर एग्जाम टाइमिंग लिखी होगी, जिसे उम्मीदवार ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं। इस एग्जाम का रिजल्ट 15 जनवरी, 2026 गुरुवार को जारी किया जाएगा। एसएलएटी के ज़रिए बी,ए,एलएलबी. ऑनर्स, बीबीए,एलएलबी. ऑनर्स, बी,ए,एलएलबी, बीबीए,एलएलबी और बी.काम,एलएलबी. ऑनर्स में एडमिशन लिया जा सकता है।

# उपाध्यक्ष द्वारा बाढ़ से संबंधित तैयारियों की ली गई जानकारी

- बाढ़ विभीषिका से निपटने को हर पल रहे तैयार : योगेंद्र
- माइक्रोप्लान अंतर्गत सभी व्यवस्थाएं कर ली गई है सुनिश्चित : डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, पीवीएस, बीएसएम उपाध्यक्ष (मुख्य सचिव स्तर) उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ प्रबंधन संबंधी कार्यों के संबंध में विचार विमर्श संबंधित विभागाध्यक्षों के साथ आयोजित की गई। उपाध्यक्ष द्वारा जनपद में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों, बांधों, की जानकारी संबंधित से लेने उपरांत जनपद स्तर से बाढ़ की तैयारियों की जानकारी सभी संबंधित से ली गई।


बाढ़ से निपटने को समीक्षा करते उपाध्यक्ष

उपाध्यक्ष ने कहा कि जनपद स्तर की तैयारियां तभी कारगर हैं जब तहसील स्तर पर भी इतना ही प्रभावी हो उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर क्या कार्यवाही हुई है ये मायने रखता है, उन्होंने कहा कि प्रदेश में 118 तहसीलें व 2500 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, उन्होंने आज के नदी जल स्तर की जानकारी लेते हुए कहा कि बाल्मीकि नगर बैराज से पानी आने में भले ही 4-5 घंटे लगे लेकिन सभी को जमीनी स्तर पर सदैव तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ खंड, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी आदि सभी को पता है कि उनके द्वारा क्या कार्य किया जाना है, परंतु मौसम और स्थिति की गंभीरता के दृष्टिगत कितनी संवेदनशीलता है ये मायने रखता है।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बाढ़ के दृष्टिगत तैयारियों के क्रम में अवगत कराया गया कि नदी उस पार के 12 गांवों जहां 06 गांव गैर आबाद हैं वहीं पर बाढ़ की संभावना बनी रहती है,जिसके स्थाई समाधान हेतु ग्रामवासियों को पट्टा आवंटित कर विस्थापित किए जाने की कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि अभी नदी का डिस्चार्ज 97 हजार क्यूसेक है इस लिए की दिक्कत नहीं है फिर भी प्रशासन द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है, उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों से समन्वय कर आपात स्थिति पर तत्काल कंट्रोल करने की कार्यवाही की जाती है, एवं माइक्रोप्लान अंतर्गत किस लेबल पर किसे संपर्क करना है सभी विभागों सहित ग्राम प्रधानों आदि का नम्बर रखा गया है।

## डीएम व सीडीओ की उपस्थिति में काकोरी ट्रेन शताब्दी समारोह

**कुशीनगर।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों/स्कूली छात्र/छात्राएं आदि उपस्थित रहे। लाइव प्रसारण देखने पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न विधाओं-राष्ट्रीय गीत, रंगोली कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी को राखी बांध कर आशीर्वचन लिए गए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक, डीडीओ, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, डीएसओ, बीएसए सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ अध्यापक गण व छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्रों ने बांधी राखी

अवधनामा संवाददाता


एमओआईसी डॉ सूर्यभान के साथ बच्चे व शिक्षक

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राखी बनाने की प्रतियोगिता और उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की राखियां बनाई और अपने बड़े भाई-बहनों की कलाई पर राखी बांधी। कार्यक्रम में स्थानीय निर्देशक आकाश चन्द्रा एवं रत्नेश चंद्रा ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. वैभव ने किया।

उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और बंधन का प्रतीक है। उप प्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया ने भी बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान, बच्चों ने आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड्स और राखियां बनाई, जिन्हें एडीएम वैभव मिश्रा, कप्तानगंज थानाध्यक्ष चंद्र भूषण, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सूर्यभान कुशवाहा को सप्रेम भेंट की गई। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सभी की कलाई पर राखी बांधकर आशीर्वाद लिया। आगे मैनेजर अरविन्द कुमार पांडेय ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में कॉर्डिनेटर रेहाना और शालिनी के साथ शिक्षकगण यास्मीन, कल्पना, दीपिका, रागिनी, प्रिया विश्वकर्मा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## रक्षाबंधन पर बहनों को लिए तीन दिन यात्रा फ्री

**कुशीनगर।** रक्षाबंधन पर्व पर दो दिन बस फ्री सेवा का विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार तीन दिन कर दिया है। इसको लेकर युवतियों व महिलाओं में काफी उत्साह है। उनका कहना है कि सरकार के इस फैसले से बहनों को काफी सहूलियत मिलेगी। पूर्व से एक दिन पूर्व बस सेवा निश्शुल्क होने के कारण बसों में होने वाली धक्का-मुक्की से निजात मिलेगी और वह अपने गंतव्य तक को आसानी से जा सकेंगी। परिवहन निगम ने भी इसकी तैयारियां पूरी कर ली है। चालक और परिचालकों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। रक्षाबंधन शनिवार को है। इसके लिए बहनों को आवागमन में एक दिन पूर्व से ही निश्शुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा।

# राखी मेकिंग कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सेवा समिति बनवारीलाल इंटर कालेज देवरिया में आयोजित जुनियर एवं सिनियर वर्ग छात्र छात्राओं के मध्य दो दिवसीय हुए राखी मेकिंग प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त छात्रों को आज दिनांक 08 अगस्त 2025 को प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर तथा सीनियर दो भागों में था ,जिसमे 30 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। कार्यक्रम का थीम 'फ्रॉम वेस्ट टू बेस्ट 'था। जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया था।

प्रतिभागी छात्रों द्वारा कई प्रकार की राखियां बनाई गई यथा तिरंगा राखी ,इको फ्रेंडली राखी तथा सोल्जर राखी। पुरस्कार वितरण के इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी बनाई हुए राखी प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी तथा गुरुजनों के कलाई पर बाधकर ढेर सारा प्यार एवं शुभाशीष प्राप्त किया। इस शुभ अवसर प्रधानाचार्य जी ने बधाई संदेश में कहा कि बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकताओं में से एक है।

विद्यालय में पंजीकृत सभी छात्राओं को उनकी रुचि के आधार पर एन सी सी एवं स्काउट गाइड में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश देते हैं।इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से दिव्य गुप्ता प्रथम स्थान,सिमरन निशा द्वितीय,रिमझिम सिंह तृतीय तथा कु0 अंजनी को सांत्वना तथा सीनियर वर्ग से संजय रावत को प्रथम,सागर गुप्ता को द्वितीय,आशुतोष राणा की तृतीय और सांत्वना पुरस्कार के रूप में खुशी शर्मा, दिविशा वर्मा,जागृति चौहान, कुसुम खरवार तथा प्रिय कन्नौजिया को प्रधानाचार्य जी द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संजोयक डॉ ओम प्रकाश गुप्ता रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अशोक कुमार चौहान, ,अविनाश बरनवाल,संतोष कुमार राय तथा गुलाबचंद चौरसिया का विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस ने जाल डलवा कर पोखरे से निकलवाया शव, कार्यवाही में जुटी

अवधनामा संवाददाता


राजू चौधरी

**बोदरवार, कुशीनगर।** क्षेत्र के ग्राम भलुहीं में अन्नपूर्णा भवन के बगल में स्थित पोखरे से पच्चास वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम सभा भलुहीं निवासी राजू चौधरी उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र चंद्रभान चौधरी अपने घर से गुरुवार को कहीं गए हुए थे। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजन तलाश करने लगे। तलाश के दौरान परिजनों को राजू की साइकिल और शर्ट पोखरे के समीप मिलने पर अनहोनी की आशंका को लेकर परिजनों द्वारा 112 नंबर पर फोन किया गया। रात में ही मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस सहित चौकी इंचार्ज पंकज कुमार सिंह जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गए। सुबह तकरीबन आठ बजे प्रधान प्रतिनिधि सहित पुलिस के सहयोग से पोखरे में जाल डलवा कर तलाश शुरू की गई।

पोखरे से मृतक राजू चौधरी का शव मिलने पर पूरे गांव में सनसनी फैल गई, परिजनों में जहां चीख पुकार मच गई, वहीं पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी मंसूरगंज पंकज सिंह का कहना है पीएम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पायेगा कि मौत कैसे हुई है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

# योगेंद्र डिमरी ने छितौनी बंधे का निरीक्षण

- बांध पर कराए गए कार्यों व तैयारियों को लेकर दिखे संतुष्ट

अवधनामा ब्यूरो


छितौनी बंधे का निरीक्षण करते लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी

**कुशीनगर।** बाढ़ आपदा से बांध व तटवर्ती ग्रामीणों को बचाने के लिए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने छितौनी बांध का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

संभावित बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए श्री डिमरी ने क्षेत्र में बाढ़ से निपटने की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान बंधे की मजबूती, मरम्मत कार्य, जल निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया और कहा कि बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों के लिए नाव, आपदा मित्र, और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।श्री डिमरी ने छितौनी बंधे के ठोकर नम्बर 3 व 4 से ही बांध, ठोकर, स्पर आदि पर कराए गए कार्यों का बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। श्री डिमरी ने सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने चिकित्सक से एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता की जानकारी लिया तत्पश्चात चिकित्सक कक्ष,दवा वितरण कक्ष, लेबर रूम, साफ सफाई आदि का निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश दिए। स्वास्थ्यकर्मी द्वारा प्रसूता से रिश्वत लिए जाने के मामले में उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन/विभाग पूरी तरह तैयार है और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी।

हमारी प्राथमिकता जनता की सुरक्षा और बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचना है। इस दौरान उपजिलाधिकारी रामबीर सिंह, तहसीलदार महेश कुमार, एक्सियन बाढ़ खंड एम के सिंह एसडीओ मनोरंजन सहित पीडब्ल्यूडी अधिकारी राजस्व कर्मी सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा बर्डपुर मंडल की हुई बैठक



अवधनामा संवाददाता

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भारतीय जानता पार्टी बर्डपुर मंडल की बैठक नगर के एक विद्यालय परिसर में आयोजित हुई।

निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने संबोधित करते हुए बताया कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष कार्यकर्ता पदाधिकारी बंधु आम जनमानस के साथ मिलकर तिरंगा यात्रा एवं एनी कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति के अनेक कार्यक्रम हर्षोल्लास के मनाते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेते हैं । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व , सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देश वासियों के एकजुटता के संकल्प से ही आपरेशन सिंदूर पूर्णतः सफल रहा है । यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया समृद्धशाली शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है । सभी को इस पर गर्व है ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ हाथ में तिरंगा लेकर देश भक्ति के अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। उन्होंने बैठक में देवतुल्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बंधुओं से हर घर तिरंगा अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

इस दौरान मंगलेश शुक्ला श्रवण दुबे, अम्बरीश जायसवाल, फूलचंद जायसवाल, राजेंद्र विश्वकर्मा, रामनिवास विश्वकर्मा, रणजीत चौधरी, सतीश जायसवाल, हरिशंकर तिवारी, विनय राव, हेमंत जायसवाल व बिंदेश्वरी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी सड़क से इंटरलॉकिंग ईट जबरिया उखाड़ ले जाने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता, मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर सात फर्दहां निवासी एक व्यक्ति ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर सरकारी सड़क से इंटरलॉकिंग ईट जबरिया उखाड़ ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है।

अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में वार्ड नंबर 7 फर्दहां निवासी जितेंद्र यादव पुत्र आद्या यादव ने आरोप लगाया है कि वार्ड के कुछ दबंग किस्म के लोगों द्वारा सरकारी रोड से इंटरलॉकिंग ईट जबरिया उखाड़कर उठा ले गए। इसका विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा मुझे गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। इस संबंध में कप्तानगंज थाने व मथौली पुलिस चौकी पर दूरभाष के जरिए सूचना दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बार बार धमकी मिलने के बाद पीड़ित ने गुरुवार 7 अगस्त को डीएम व एसपी को प्रार्थना पत्र देकर इंटरलॉकिंग ईट बरामद कराते हुए ट्रैक्टर ट्राली को भी जब्त करते हुए उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की गुहार लगाया है।

# दीवार गिरने से युवती की मौत, परिवार में मचा कोहराम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के पूरे कुबरा सरूवांवा गांव में नल पर स्नान करते समय अचानक कच्ची दीवार गिरने से युवती दब गई। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर युवती को बाहर निकालकर आनन फानन में

परिजनों ने आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सी एच सी भेंटुआ पहुंचाया। अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है ।

शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे पूरे कुबरा सरूवांवा गांव की निवासी गुड़िया पुत्री रामराज (18) अपने आंगन में लगे हैंडपम्प पर स्नान कर रही थी। पास स्थित मिट्टी की कच्ची दीवार अचानक उसके ऊपर गिर गई। शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दीवार के मलबे को हटाकर युवती को बाहर निकाला। युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजन आनन फानन में उसे सीएचसी भेंटुआ में भर्ती कराया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। ग्रामीणों ने बताया कि युवती की मां पिछले डेढ दशक से मायके में रहकर अपनी बेटी का पालन पोषण कर रही थी। मां का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में शोक का माहौल है।

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं कार्यकर्ता : अजय कुमार

**देवरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सोहनपुर बाजार स्थित शिव मंदिर में भारतीय जनता पार्टी बनकटा मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष सीमा कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई एवं जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश की आन, बान एवं शान है।राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का प्रतीक है। तिरंगा झंडा हमें देश की आजादी पर मर मिटने वाले देशभक्तों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से जुट जाएं। इस अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर तो तिरंगा झंडा लगाएंगे ही साथ ही साथ अपने पास पड़ोस के घरों पर भी तिरंगा झंडा लगे इस दिशा में भी कार्य करना है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त का राष्ट्रीय पर्व आजाद भारत में हमारे राजनीतिक एवं सामाजिक पुनरुत्थान की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

# रक्षाबंधन के अवसर पर एसपी को स्कूली बच्चियों ने बाँधी राखी



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर संत पुष्पा, स्कॉलर्स एंड किड्ज़ी स्कूल एवं सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर को राखी बाँधकर रक्षा का यह त्योहार मनाया।

स्कूलों की दर्जनों छात्राएं हाथों में राखी की थाल सजाए पुलिस कार्यालय पहुँचीं। उन्होंने एसपी श्री विक्रान्त वीर को राखी बाँधकर उनके सुरक्षित, समर्पित और अनुशासित सेवा के प्रति आभार प्रकट किया। छात्राओं ने उनके दीर्घायु और सफलता की कामना करते हुए मिठाई भी खिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने छात्राओं को सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा कि आप सब हमारी बेटियाँ हैं और आप सभी की सुरक्षा व सम्मान की जिम्मेदारी हमारी है। यह पर्व हमें हमारे कर्तव्यों की स्मृति दिलाता है और हम संकल्प लेते हैं कि समाज की बेटियों की सुरक्षा सर्वोपरि रहेगी।

उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का ऐसा प्रतीक है जो प्रेम, विश्वास और कर्तव्य की भावना को मजबूत करता है। आरबीटी कॉलेज सीसी रोड देवरिया की छात्राओं द्वारा पुलिस लाइन देवरिया में अधिकारियों/ कर्मचारियों को राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना करते हुए मिठाई भी खिलाई।

## भाजपा के सभी मंडलों की योजना बैठक सम्पन्न

**देवरिया।** तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा ने जनपद के सभी 28 मंडलों में योजना बैठक की । भाजपा की इन मंडल योजना बैठकों में हर घर तिरंगा लगाने, शहीद स्मारकों से तिरंगा यात्रा निकाल कर युद्धवीरों को सम्मानित करने तथा राष्ट्रवाद की भावना का विकास करना तथा आपरेशन सिंदूर और आपरेशन महादेव की सफलता को जनता को बताना जैसे विभिन्न योजनाओं पर चर्चा किया गया।

इन बैठकों का प्रतिनिधित्व जनप्रतिनिधियों सहित संगठन के पदाधिकारी ने किया । इस क्रम में नगर मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा जन जन में राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने का काम कर रही है, स्वतंत्रता दिवस पर हर मंडलों में तिरंगा यात्रा के माध्यम से क्षेत्र के युद्धवीरों और शहीदों का सम्मानित किया जाएगा तथा देश की बढ़ती हुई ताकत से आम जनमानस को अवगत कराया जाएगा ।

# बोस्टन अमेरिका में वैश्विक विधायी सम्मेलन में पीएन पाठक ने रखा विचार

अवधनामा संवाददाता

**कसया कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश विधायक/विधान परिषद सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बोस्टन अमेरिका में होने वाले वैश्विक विधायी सम्मेलन में हिस्सा लिया। कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए अपना विचार रखा और उत्तर प्रदेश के विधायी की जानकारी दी और कुशीनगर बुद्ध महापरिनिर्वाण स्थली पर आने का आवाहन किया और रोजगार बढ़ाने का अनुरोध किया भगवान बुद्ध महापरिनिर्वाण स्थली की महत्वपूर्ण बातें भी साझा किया।




बता दें कि वैश्विक स्तर पर विधायकों के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक खास पहल के तहत, विधायक पीएन पाठक बोस्टन, अमेरिका द्वारा आयोजित इस बड़े सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय विधायकों का यह अध्ययन दौरा भारत के सहयोग से संभव हो पा रहा है। यह एक गैर-राजनीतिक मंच है, जो भारतीय विधायकों की क्षमता बढ़ाने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक बातचीत को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। यह समूह 84 देश के विधायक हैं और 10000 सांसद विधायक एवं 132 विधायक भारत से 5 विधायक उत्तर प्रदेश से भाग ले रहे हैं जो किसी भी अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक मंच पर भारत की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी को दर्शाता है। यह पहल लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए देशों के बीच बातचीत, सहयोग और ज्ञान साझा करने की भावना को दिखाती है विधायक पीएन पाठक ने कहा कि मेरे राज्य और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व वैश्विक मंच पर करना गर्व की बात है।

यह अवसर न केवल अंतरराष्ट्रीय अनुभव का है, बल्कि वैश्विक सुशासन की अच्छी परंपराओं से सीखने और उन्हें जनता की सेवा में लाने का मौका है। मैं NLC भारत और इसके संस्थापक Dr. Rahul V. Karad का इस अनुभव के लिए दिल से धन्यवाद देता हूँ। साथ ही, अमेरिकी विधायी प्रणाली के बारे में जानकारी और अमेरिका में भारतीय मूल के नेताओं के साथ बातचीत भी इस यात्रा का हिस्सा बन रहा है। यह भागीदारी भारत के लोकतांत्रिक नेतृत्व की वैश्विक मंच पर मजबूत उपस्थिति और निरंतर विकास की इच्छा को दिखा रहा है।

## रक्षाबंधन बंधन पर्व को लेकर उत्साहित हैं महिलाएं, बच्चों में उत्साह

ललित कुमार/विजय भारती

**अमेठी।** रक्षाबंधन का पर्व मनाने को लेकर महिलाएं उत्साहित हैं। गुरुवार की देर रात से सुबह तक तेज बारिश के कारण लोग परेशान देखें गये। सुबह 11बजे तक मौसम साफ नहीं हुआ। दोपहर 12बजे के बाद मौसम साफ होने और धूप निकलने से लोगों के चेहरे पर खुशी के भाव देखे गए। महिलाओं ने बाजार पहुंचकर पसंद की राखियां व मिठाइयां खरीदने के बाद मायके के लिए रवाना हुई।

नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक सभी बाजारों में राखी और मिठाइयों की दुकानों पर महिलाओं की लंबी लाइन देखी गई। धम्मौर रोड पर स्थित मशहूर राजस्थान मिष्ठान भंडार पर देर रात तक ग्राहकों की लाइन लगी रही। लड्डू तीन प्रकार की बेचे जा रहे थे। कलाकंद और छेना ?450 प्रति किलो की दर से बिक रहा है। राखी की दुकानों पर रेशम के धागे 10 से लेकर 120 रुपए तक बिक रहे हैं।

# कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में काकोरी काण्ड के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

- विचार गोष्ठी के बाद हुआ पौधरोपण
- क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी सत्ता की नींव हिलाई, हमेशा ऋणी रहेगा देश : काली सहाय

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में क्रांतिकारियों के चित्र पर माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्कूल के कार्यक्रम के बाद ब्लाक परिसर में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पहुंचकर पुष्प अर्पित किए गए और जयकारे के साथ क्रांतिकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सुबह प्रार्थना सभा के बाद शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। सेवानिवृत्त प्र अ काली सहाय सिंह और सत्यनारायण शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक शिव सिंह ने आजादी के आंदोलन में क्रांतिकारियों के योगदान और उनके जीवन दर्शन का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक काली सहाय सिंह ने कहा कि गुलाम भारत को ब्रिटिश हुकूमत के चंगुल से मुक्त करने और देश को आजादी दिलाने के हजारों क्रांतिकारियों ने गरम दल की भूमिका में अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते अपनी जान गंवा दी।इन शहीदों की बदौलत ही आज हम स्वतंत्र भारत में ज़िन्दगी जी रहे हैं। देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। सहायक अध्यापक संजीव कुमार ने काकोरी काण्ड के बारे में विस्तार से चर्चा की। विचार गोष्ठी के बाद क्रांतिकारियों की स्मृति में पौधारोपण किया गया।विश्राम, रिपु मौर्य, सीता देवी, निर्मला, बलवीर, धनपती, रीता गुप्ता,किरन देवी आदि मौजूद रहे।ब्लाक परिसर में शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पार्चन के समय विकास खंड के कार्मिक प्रदीप भी मौजूद रहे।

# एमडीए 10 अगस्त से, 12.60 लाख लोगों को खिलाएंगे फाइलेरिया रोधी दवा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** ज़िले में 10 अगस्त से एक व्यापक सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान शुरू किया जाएगा, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली व दुर्बल करने वाली बीमारी फाइलेरिया को जड़ से ख़त्म करना है। यह अभियान ज़िले भर के अनुमानित 12.60 लाख लोगों को लक्षित करेगा, जिसका उद्देश्य उन्हें इस स्वास्थ्य खतरे से बचाना और अंततः उसे समाप्त करने के लिए आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। यह व्यापक पहल 10 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेगी, जिसमें पूरे क्षेत्र में केंद्रित हस्तक्षेप की अवधि शामिल होगी।

एमडीए अभियान जिले के सात ब्लॉकों बल्दीराय, कादीपुर, करौंदीकला, मोतिगपुर, कूड़ेभार, भदैंया और धनपतगंज में लांच किया जाएगा। यह व्यापक भौगोलिक पहुँच सुनिश्चित करती है कि ज़िले की आबादी के एक बड़े हिस्से तक निवारक दवा की पहुँच हो। घर-घर जाकर दवा पहुँचाने से व्यापक कवरेज सुनिश्चित होगा। एमडीए अभियान के माध्यम से प्रदान की जाने वाली दवाएँ इन ब्लॉकों के सभी निवासियों के लिए उपलब्ध होंगी, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कुछ विशेष अपवादों के साथ। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और वर्तमान में गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को स्थापित चिकित्सा दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए दवा प्राप्त करने से छूट दी जाएगी।एमडीए अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समर्थन जुटाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आयोजित मीडिया जागरूकता कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भरत भूषण ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आशा



कार्यकर्ताओं को निवासियों को उनके घरों में सीधे दवा देने के लिए तैनात किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दवाएँ उनकी प्रत्यक्ष देखरेख में ली जाएँ। इस सावधानीपूर्वक दृष्टिकोण का उद्देश्य अनुपालन को अधिकतम करना और खुराक छूटने के जोखिम को कम करना है, जिससे अभियान की प्रभावशीलता बढ़ेगी। इसके अलावा, मुख्य चिकित्साधिकारी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जो व्यक्ति शुरू में दवा लेने से इनकार करते हैं, उनसे स्वास्थ्य कार्यकर्ता दोबारा मिलेंगे, जिससे अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने में व्यापक भागीदारी के महत्व पर ज़ोर दिया जा सके।

एमडीए के तहत दो सुरक्षित और प्रभावी दवाएँ दी जाती हैंः एल्बेंडाज़ोल और डीईसी। ये दवाएँ मानव शरीर में फाइलेरिया परजीवियों से लड़ने के लिए सहक्रियात्मक रूप से कार्य करती हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कुछ व्यक्तियों को दवा के सेवन के बाद खुजली, त्वचा पर चकत्ते या उल्टी जैसी हल्की प्रतिक्रियाएँ हो सकती हैं। हालाँकि, सीएमओ डॉ. भरत भूषण ने स्पष्ट किया कि ये प्रतिक्रियाएँ अक्सर एक सकारात्मक संकेत होती हैं, जो व्यक्ति के शरीर में माइक्रोफाइलेरिया की उपस्थिति का संकेत देती हैं। संक्रमण को रोकने और परिवारों व व्यापक समुदाय को फाइलेरिया के दीर्घकालिक परिणामों से बचाने के लिए तीन वर्षों की अवधि में लगातार और बार-बार उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ. आनंद ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले के प्रयासों में कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि कॉलेज ने फाइलेरिया से संबंधित हाइड्रोसील ऑपरेशनों में सहायता के लिए सर्जनों की अपनी टीम उपलब्ध कराई है। सामुदायिक चिकित्सा विभाग समुदाय को इस बीमारी और एमडीए अभियान में भागीदारी के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए सक्रिय रूप से जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करता है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कुड़वार इसरौली अर्थात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी-रोगी-हितधारक मंच (पीएसपी) के प्रतिनिधि शेषराम वर्मा और किरन मौर्य ने पिछले एमडीए दौरों के दौरान फाइलेरिया-रोधी दवा न लेने के कारण फाइलेरिया रोग से संक्रमित होने के अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। अब वे अपने समुदाय के अन्य लोगों को अपनी गलती न दोहराने की सक्रिय रूप से सलाह देते हैं और अनुशंसित उपचार पद्धति का पालन करने के महत्व पर ज़ोर देते है,कार्यशाला को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लाल जी और फाइलेरिया कंट्रोल यूनिट प्रभारी डॉ प्रियंका त्रिपाठी ने भी संबोधित किया।

# राखी प्रतियोगिता में नव्या-प्राची ने मारी बाजी

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** विद्या भारती द्वारा संचालित संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन का पर्व बड़े उत्साह, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में आचार्या प्रियंका रानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रक्षाबंधन के धार्मिक, सामाजिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पर्व केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर प्रकार की सुरक्षा, दायित्व और प्रेम का प्रतीक है। इसके बाद छात्राओं ने विद्यालय के भाइयों, सहपाठियों, आचार्यों एवं प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय की कलाई पर राखी बांधकर स्नेह, विश्वास और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, जिसमें कई छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में– प्रथम स्थान : नव्या (कक्षा 9) एवं प्राची राठौर (कक्षा 8) – सामूहिक रूप से द्वितीय स्थान : दिव्यम सैनी (कक्षा 8) तृतीय स्थान : सृष्टि शर्मा (कक्षा 7) ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में कहा कि ÷रक्षाबंधन प्रेम, सहयोग और सुरक्षा की भावना को समाज में जीवित रखने का संदेश देता है।

# पुवायां के रनमस्तपुर बुजुर्ग गांव में लेख पाली नहीं राजनीति कर रहे लेखपाल

अवधनामा संवाददाता

- पंचायत चुनाव नजदीक आते ही शाम दाम, दंड, भेद, राजनीति शुरू

**पुवायां शाहजहांपुर।** प्रधानी का कार्यकाल पूर्ण होने से पूर्व और पंचायत चुनाव नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में साम ,दाम ,दंड, भेद की राजनीति शुरू हो गई है और प्रधानी के चुनाव में जिस तरह से पैसा और रैशा के दम पर चुनाव होते हैं यह किसी से छिपे हुए नहीं है और इस राजनीति में ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी कर्मचारी भी अछूते नहीं रहते ऐसा ही एक मामला पुवायां विधानसभा क्षेत्र के रनमस्तपुर बुजुर्ग ग्राम पंचायत का सामने आया है जहां जाति प्रमाण पत्र का आवेदन करने वाली अनुपम देवी पत्नी गुड्डू लाल ने लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं उसका आरोप है कि वह वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत प्रधानी का चुनाव लड़ी थी , इस दौरान वह 10 वोटो से चुनाव हार गई और विनीता देवी पत्नी विनोद कुमार चुनाव जीत गए , अनुपमा देवी पत्नी गुड्डू लाल फिर आगामी चुनाव की तैयारी कर रहे हैं इसी बीच अनुपमा देवी द्वारा प्रधानी का चुनाव लड़ने की मंशा से जाति प्रमाण पत्र ऑनलाइन किया गया , जिसमें वर्ष 2021 के दौरान तहसील द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र भी संलग्न किया गया लेकिन ग्राम पंचायत की राजनीति में लेखपाल के द्वारा प्रतिभाग करने के कारण वर्तमान प्रधान के कहने पर अनुपमा देवी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया और कहा गया कि पहले मायके से लिखवा कर लाइए जब अनुपमा देवी के पति गुड्डू लाल ने लेखपाल मोहम्मद एहतराम से संपर्क किया और कहा कि मैंने पूर्व में जारी जाति प्रमाण पत्र भी संलग्न किया है तो लेखपाल ने कहा कि पूर्व में जारी जाति प्रमाण पत्र आपका फर्जी है सवाल उठता है क्या ग्राम पंचायत का चुनाव लड़ी अनुपमा देवी का जाति प्रमाण पत्र फर्जी था अगर फर्जी था तो फिर वह चुनाव कैसे लड़ी और अगर फर्जी नहीं था तो फिर लेखपाल पर प्रशासन क्या कुछ कार्यवाही करेगा अगर ऐसा नहीं होता है तो भविष्य में सरकारी कर्मचारियों के द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर राजनीति में भागीदारी करने के कारण तमाम इच्छुक प्रधानी के उम्मीदवार वंचित रह जाएंगे जो संविधान के विरुद्ध है आवेदक अनुपमा देवी के पति गुड्डू भारती ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए संबंधित लेखपाल पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 का हुआ समापन

- काकोरी शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 के समापन अवसर पर कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट 'उत्थान' (आडिटोरियम) में आयोजित कार्यक्रम का एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों, अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान काकोरी शहीद स्मारक स्थल पर मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव 2025 समापन समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों काजल अग्रहरी एण्ड पार्टी व उनकी टीम द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आडिटोरियम में काकोरी ट्रेन एक्शन से सम्बन्धित चित्र प्रदर्शनी भी लगायी गयी थी तथा तारा महिला इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम अन्तर्गत निकाली गयी जागरूकता रैली भी सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक नानपारा ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है। इस ऐतिहासिक घटना को 09 अगस्त, 1925 को लखनऊ जनपद के काकोरी में क्रांतिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वतंत्रता आंदोलन को धन की आवश्यक्ता हेतु क्रियान्वयन किया गया था। योजना को मूर्त रूप देने हेतु क्रांतिकारियों द्वारा शाहजहांपुर में बैठक आहूत की गई और इस बैठक में शहीद राम प्रसाद बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार से खज़ाना प्राप्त करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक दल के प्रमुख सदस्य क्रांतिकारी शहीद राजेन्द्र नाथ साहिड़ी ने 9 अगस्त 1925 को सहारनपुर से आकर लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन पर 8 डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को चौन खींच कर रोका। क्रांतिकारी शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद चन्द्रशेखर आजाद व अन्य सहयोगी क्रांतिकारियों ने ट्रेन पर धावा बोलकर अंग्रेजी खजाने पर कब्जा कर लिया। इस घटना में क्रांतिकारियों द्वारा रू. 4679-1-6 की धनराशि का खजाना प्राप्त किया था। इस घटना से क्षुब्ध अंग्रेजी सत्ता ने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के कुल 40 क्रांतिकारियों पर ब्रिटिश साम्राज्य के विरूद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने, सरकारी खजाना लूटने व यात्रियों की हत्या करने का मुकदमा चलाया, जिसमें शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खॉ व रोशन सिंह को फांसी की सज़ा सुनाई गयी तथा 16 अन्य क्रांतिकारियों को कम से कम 04 वर्ष की सज़ा से लेकर अधिकतम कालापानी, आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया गया। क्रांतिकारी शहीदों की याद में 09 अगस्त 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ हुआ था जिसका आज समापन हो रहा है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, डीडीओ राज कुमार, उपायुक्त उद्योग केशवराम, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, जिलापूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक, शिक्षकाएं, छात्र-छात्राएं, अभिभावक, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर्व ने लौटाई बाजारों की रौनक

अवधनामा संवाददाता

**गुप्तारगंज,सुल्तानपुर।** रक्षाबंधन पर्व नजदीक आते ही जनपद के गुप्तारगंज सहित सभी बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बहनें भाइयों के लिए पारंपरिक और डिजाइनर राखियां खरीद रही हैं। गिफ्ट पैक में मिठाई, ड्राई फरूट, और अन्य उपहार शामिल हैं।भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ती जा रही है। बाजार में राखियों और गिफ्ट की खरीदारी के लिए सुबह से लेकर शाम तक लोगों की भीड़ जुट रही है। रेलवे रोड, बाबूगंज, कटका, कूरेभार, मुजेश, गुप्तारगंज मे राखी बिक्री व गिफ्ट बिक्री के लिए दर्जनों स्टॉल लगाए गए हैं। बहनों ने भाइयों के लिए परंपरागत राखियों के साथ-साथ डिजाइनर, झुमकी, पर्ल, फोटो और लाइट वाली राखियों की खरीद कर रही हैं। त्योहार को खास बनाने के लिए इस बार बाजारों में गिफ्ट पैकों की भी भरपूर वैरायटी है।मिठाई, ड्राई फरूट, पर्स, घड़ी, चॉकलेट और शुभकामना कार्ड से सजे गिफ्ट सेट बहनों को खूब पसंद आ रहे हैं।गुप्तारगंज बाजार के विक्रेता ने बताया इस बार ग्राहकों की डिमांड को देखते हुए हमने खास राखी गिफ्ट पैक तैयार किए हैं। इनमें राखी के साथ मिठाई और उपहार भी हैं। अनीता ने बताया कि भाई के लिए इस बार सुंदर राखी के साथ गिफ्ट भी लिया है। बाजार में कई बेहतरीन विकल्प उपलब्ध हैं। दिनभर चली खरीदारी के कारण व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि इस बार रक्षाबंधन की बिक्री पिछले वर्षों से बेहतर रहेगी। बच्चों को लुभा रहीं कार्टून वाली राखियां बाजार में छोटे बच्चों के लिए इस बार डोरेमोन, शिनचेन, स्पाइडरमैन, छोटा भीम जैसी कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों की मांग बाजार मे सबसे ज्यादा है।

## गोवा का मजा अब शार्क दा वाटर वर्ल्ड आगरा में

**शिकोहाबाद।** शार्क दा वाटर वर्ल्ड आगरा मे अब गोवा का मजा अपने आगरा के ग्वालियर रोड पर शार्क दा वॉटर वर्ल्ड मे 10 अगस्त दिन इतवार को आगरा मंडल का एक मनोरंजन स्थल बनने जा रहा है जहां कई जिलों के लोग वाटर पार्क मे होने बाले प्रोग्राम का आनंद लेने पहुंचेंगे आगरा ग्वालियर रोड स्थित शार्क दा वाटर वर्ल्ड के ऑनर मनमोहन सिंह व जितेंद्र प्रधान ने बताया कि हमारे यहां 10 अगस्त दिन इतवार को अनुरीत द्वारा वेव पुल डांस पार्टी का आयोजन किया जा रहा है जिसमे रशियन डांस व इंडियन डांस पार्टी व लाइफकॉमेडी प्रोग्राम करने के लिए कलाकार आ रहे है तथा ग्वालियर वालों के साथ इन्फेलुसर मीट अप, फैमिली गेम्स, किड्स एक्टिविटीज, प्राइस पूल भी होगा शार्क दा वाटर वर्ल्ड के मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि आगामी 10 अगस्त को 12 बजे से शाम 6 बजे तक शार्क वाटर वर्ल्ड मे कुछ नया होने जा रहा है जो आगरा जिले के आस पास के लोगो के मनोरंजन के लिए एक मिसाल होंगी।

# "हर घर तिरंगा" अभियान अन्तर्गत शिक्षण संस्थाओं में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से शासन द्वारा 15 अगस्त तक 03 चरणों में हर घर तिरंगा अभियान संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं। अभियान के प्रथम चरण अन्तर्गत जनपद के स्कूलों, शिक्षण संस्थाओं में तिरंगा राखी बनाने की कार्यशाला व प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शंकर इंटर कॉलेज नानपारा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को भारत देश की आन बान और शान का प्रतीक तिरंगा वितरित करते हुए पूरे सम्मान के साथ अपने-अपने आवास पर फहराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान तिरंगा ध्वज पाकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कालेज की शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर वर्ग के कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज को हाथ में लेकर एक साथ राष्ट्रगान भी गया। कार्यक्रम के दौरान 13 से 15 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाने का संकल्प भी लिया गया।

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, बभनी रिसिया, बहराइच में आज हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययनरत् छात्राओं द्वारा विभिन्न राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत व मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। छात्राओं द्वारा तिरंगा गोष्ठी, छात्राओं की श्रृंखला में तिरंगा आकृति, तिरंगा राखी, मेंहदी प्रतियोगिता व राखी प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्राओं द्वारा आपस में राखी का बंधन त्यौहार मिल-जुलकर हँसी-खुशी मनाने का संदेश दिया गया।

## सपा नगर अध्यक्ष समेत 15 पर गुरुद्वारा कब्जे की कोशिश में एफआईआर दर्ज

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** शहर के लखनऊ नाका स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारे पर कब्जे की कोशिश ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को सपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी उर्फ राजू भूमाफियाओं और अराजक तत्वों के साथ पहुंचकर गुरुद्वारे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और मुख्य सेवादार मुक्तेश्वर नाथ को बंधक बना लिया। आरोप है कि आरोपियों ने किराएदार और सेवादार को जल्द से जल्द गुरुद्वारा खाली करने की धमकी दी। इस प्रकरण में सेवादार की तहरीर पर सपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, संतोष अग्रहरि, लोकनाथ अग्रहरि, अक्षांश, धर्म प्रकाश, शीतल दास, ओपी यादव समेत 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। नगर कोतवाल धीरज कुमार के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया गया। गौरतलब है कि प्रशासन की जांच में पहले ही गुरुद्वारे की जमीन को लेकर फर्जी बैनामा कराए जाने की पुष्टि हो चुकी है। तहसीलदार सदर ने 5 अगस्त को जिलाधिकारी कुमार हर्ष को इस संबंध में रिपोर्ट भेजी थी,जिसमें उचित कार्रवाई की सिफारिश की गई थी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-SLN-OH-571-25 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-LKO-TWnOPS-104-25-1 (Misc Static Services-Two Wheeler and other parcel packing services) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.08.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.08.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2425/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बीएलओ और पर्यवेक्षकों का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचक नामावली वृहद् पुनरीक्षण 2026 के पुनरीक्षण कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित करने हेतु जिलाधिकारी, फिरोजाबाद रमेश रंजन के निर्देशन में तहसील सिरसागंज से सम्बन्धित बी.एल.ओ. एवं पर्यवेक्षक एवं शेष तहसीलों के छूटे हुए बीएलओ एवं प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण महात्मा गॉधी बालिका इण्टर कॉलेज, स्टेशन रोड़, फिरोजाबाद में सम्पन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कक्षवार प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा 11 कक्षों में प्रदान किया गया। तहसील सिरसागंज के कुल 243 बी.एल.ओ. में से 218 बी.एल.ओ. तथा कुल 29 पर्यवेक्षक में से 27 पर्यवेक्षक प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। इसी प्रकार तहसील फिरोजाबाद के छूटे कुल 46 बी.एल.ओ. में से 9 बी.एल.ओ., टूण्डला के 06 बीएलओ में से 05, शिकोहाबाद के 15 बीएलओ में से 07 बीएलओ, जसराना के 11 बीएलओ में से 08 बीएलओ प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि सम्बन्धित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी-उप जिलाधिकारी अनुपस्थित बी.एल.ओ. के विरूद्ध राज्य निर्वाचन आयोग (पंचायत एवं नगरीय निकाय) के नियमावली के सुसंगत धाराओं के अनुसार कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह एवं मुख्य प्रशिक्षक अश्वनी कुमार जैन ने कक्षों में बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों से प्रशिक्षण से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी से उन्हें प्रशिक्षण की महत्ता बताते हुए उनकी संलग्नक गणना प्रपत्र 11, परिवर्धित सूची, संशोधित सूची, विलोपित सूची, अन्य प्रपत्रों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। प्रशिक्षण में उपजिलाधिकारी सिरसागंज, तहसीलदार सिरसागंज, सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स इत्यादि उपस्थित रहें।

## एम एस स्कूल की छात्राओं ने पुलिस कर्मियों के राखी बांधी

**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** नगर के देव नगर थाना के पीछे स्थित एम0एस0 स्कूल की छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाकर थाना टूंडला पहुंचकर थानाध्यक्ष समेत समस्त पुलिस कर्मियो को राखी बांधी। इस अवसर पर थाना परिसर में एक पारिवारिक और भावनात्मक वातावरण बना, जिसमें स्नेह का सुंदर संगम देखने को मिला। प्रधानाचार्य रितु चार्ल्स ने कहा कि पुलिस कर्मी हमारी 24 घंटे निरंतर रक्षा करते हैं, अपने घरो से सैकडों किलोमीटर दूर रहकर उन्हें अपनी बहिनों की कमी महसूस न हो इसीलिए हमारे स्कूल की छात्राओं ने अपने हाथों से राखी बनाकर समस्त थाना पुलिस कर्मियों को राखी बांधी है।

# देशभक्त नायकों की स्मृतियों पर पुष्प वर्षा कर किया उन्हें याद

अवधनामा संवाददाता

- स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शॉल-स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**फिरोजाबाद।** भारतीय स्वतंत्रता इतिहास के सुनहरे अध्यायों में से एक अध्याय इस अस्मरणीय घटना से जुड़ी है, जिसे इतिहास में काकौरी षड्यंत्र या काकोरी डकैती की घटना के रूप में जाना जाता है, उपनिवेशवादी ब्रिटिश सत्ता के अभियान को भारतीय आजादी के नायकों ने काकोरी ट्रेन डकैती के माध्यम से चूर-चूर करके रख दिया था इस घटना के नायक रहे चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह, राजेंद्र लाहडी इस देशभक्त नायकों की स्मृतियों को सजाने और आधुनिक पीढ़ी को उनके योगदान को परिचित कराने हेतु लखनऊ में काकोरी नामक स्थल पर घटित इस घटना पर संबंधित देशभक्तों को नमन करने हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसी के अनुकरण पर प्रदेश के सभी जनपदों में इन नायकों के इस साहसिक कार्य को स्मरण करने हेतु भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जनपद फिरोजाबाद के विकास भवन सभागार कक्ष में भी जनपद स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया, इस अवसर पर जनपद के स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, इसमे प्रमुख रहें। प्रद्युम्न कुमार अग्रवाल सुपुत्र गुरु नारायण अग्रवाल, प्रदीप कुमार जैन सुपुत्र रामबाबू जैन, रूबी राठौर पत्नी शहीद शिवराम राठौर, संगीता देवी पत्नी शहीद राजेश कुमार, अनिल कुमार पुत्र शहीद सुरेश चंद्र, आशा देवी पुत्रवधू शहीद प्रेमपाल सिंह, अखिलेश कुमार भाई शहीद हरवीर सिंह चौहान, इस अवसर पर बोलते हुए मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि देश के शहीदों को सच्चा नमन तभी होगा जब हम सब सच्चे हृदय से समर्पित होकर अपने आप को ईमानदारी से देश के कार्यों में लगाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा की काकौरी नामक स्थान पर घटित यह घटना हमारे इतिहास का वह क्षण है, जब हम इन शहीदों के बलिदानों को याद करते हैं, जिन्होंने हंसते-हंसते अपनी मातृभूमि के लिए अपने को समर्पित कर दिया।

## नगर पालिका ने चलाया स्वछता जागरूकता अभियान

**टूंडला।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता कार्यक्रम नगर पालिका परिषद टूंडला ने स्वच्छता का प्रोग्राम को उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पालिका टूंडला के अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी को राखी बांधकर पर्व को मनाया गया। और सभी छात्र-छात्राओं को लंच बॉक्स वितरण किया। इस अवसर पर ईओ टूंडला ने छात्र छात्राओं को स्वछता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, एसबीएम कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रीति, सुनील उपाध्याय, यतेंद्र कुमार, मोनू, पवन, विष्णु वर्मा आदि पालिका स्टाफउपस्थित रहा।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तेजेन्द्र प्रताप 29 वर्ष पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी कटेठी, कटेथी, कठेथी (इ.उ.प्र.-7895) कानपुर देहात उ.प्र.-209121 का हूं। मैंने अपनी पुत्री का नाम सान्वी सिंह से बदलकर नविका सिंह रख दिया है।

अतः मेरी पुत्री को नए नाम नविका सिंह से जाना व पहचाना जाए।



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 04702025 दिनांक 06.08.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 16-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | प्रतापगढ़ लखनऊ खंड पर –रायबरेली–एलसी नंबर 143/C (km 987.936), 179/C (1029.990) के बदले आरयूबी का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 9,96,25,326.11 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 6,48,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 15.08.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 29.08.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

2406/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र–4**

संख्याः 2025 – ए.एम.वी. – सी एंड डब्लू ईनिविदा – 45 दिनांकः 06.08.2025

विषय- निविदा प्रपत्र संख्याः 2025 - ए.एम.वी. - सी एंड डब्लू ईनिविदा- 45 का शुद्धि पत्र ।

सन्दर्भ- निविदा सूचना संख्याः 2025- ए.एम.वी.- सी एंड डब्लू ईनिविदा-45 दिनांकः 11.07.2025

कार्य का नाम : सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एन्ड कमीशनिंग ऑफ आई.पी. बेस्ड वीडियो सर्विलांस सिस्टम (वी.एस.एस.) इन 1436 आई.सी.एफ. कोचेस इन एन.आर. ।

उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा में निम्नलिखित परिवर्तन किया गया है।

| क्रम सं. | विवरण | परिवर्तन |
|---|---|---|
| 1 | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने की तिथि को 20.08.2025 तक बढ़ा दिया गया है |

अन्य सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर upload कर दिया गया है।

2417/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाई-बहन के प्यार को राखी बनाकर प्रकट किया

**अवधनामा ब्यूरो**




नारायन कालेज आफ साइंस एण्ड आर्ट्स में ओपन हाउस राखी एवं ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**इटावा।** नारायन कालेज आफ साइंस एण्ड आर्ट्स, आलमपुर हौज में शुक्रवार को ओपन हाउस राखी एवं ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राइमरी वर्ग में कक्षा-1 से कक्षा-3 तक के छात्र/छात्राओं ने रक्षाबन्धन के उपलक्ष्य में ग्रीटिंग कार्ड बनाए तथा जूनियर वर्ग में कक्षा-4 से कक्षा-8 के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने राखी बनाओं प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया।

बहनों ने भाइयों के लिये स्वयं अपने हाथों से राखियाँ बनाई जिसमें उन्होंने घरेलू सामग्री का प्रयोग किया और क्रियात्मक प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने राखी बनाने मे दाल के दाने, रंगीन कागज, मोती तथा मनमोहक रंगों आदि का कुशलता के साथ प्रयोग करके पर्यावरण के अनुकूल राखियों का निर्माण किया। ग्रीटिंग कार्ड बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा-3 मार्स की गार्गी ने प्रथम, कक्षा-6 बीनस की आयशा ने 5द्वितीय तथा कक्षा-3 मार्स के राघव रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा-3 मार्स के वेदांश पाण्डेय ने प्रथम स्थान, कक्षा- 3 मार्स की आन्या तिवारी ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा-3 मार्स की संस्कृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने प्रतिभागियों की कला का अवलोकन किया और सभी का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि राखी का पर्व भाई-बहन के रिश्ते की अटूट डोर का प्रतीक है। भारतीय परम्पराओं का यह एक ऐसा पर्व है, जो केवल भाई-बहन के स्नेह के साथ-साथ हर सामाजिक सम्बन्ध को मजबूत करता है। इसलिए यह पर्व भाई-बहन को आपस में जोड़ने के साथ-साथ सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व भी रखता है। डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि रक्षाबन्धन के महत्व को समझने के लिये सबसे पहले इसके अर्थ को समझना होगा। रक्षाबन्धनरक्षा .बन्धन दो शब्दों से मिलकर बना है। अर्थात् एक ऐसा बन्धन जो रक्षा का वचन लें। इस दिन भाई अपनी बहन को उसके दायित्वों का वचन अपने ऊपर लेते हैं। अन्त में प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को रक्षाबन्धन की बधाई दी तथा उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने स्कूल कॉर्डिनेटर श्रीमती उरूसा रिज़बान, सी.सी.ए.इंचार्ज कृष्णा त्रिवेदी, ऋतु कनौजियो एवं अंकिता सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# लोकतंत्र विरोधी एस.आई. आर. रोकी जाये: माकपा

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के देशव्यापी आहवान पर मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर.जैसी लोकतंत्र विरोधी कार्यवाही पर तत्काल रोक लगायी जाने के अनुरोध के साथ महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन जिलाधिकारी सुभ्रांन्त शुक्ला के माध्यम से प्रेषित किया गया। तहसील ताखा पर भी एसडीएम श्वेता मिश्रा के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि पहले चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण (एसआईआर) का आदेश दिया गया। वहां लाखों मतदाताओ के वोट का अधिकार छीना गया अब पूरे देश में चुनाव आयोग ने पुनरीक्षण लागू करने का ऐलान किया है। पुनरीक्षण के नाम पर चुनाव आयोग मतदाताओ का नागरिकता के सत्यापन का अधिकार अपने हाथ में ले रहा है, संवैधानिक अधिकार के बाहर है। ज्ञापन में राष्ट्रपति महोदया को बताया गया कि मतदाता सूचियो से विदेशियों को हटाने के निराधार बहाने से चुनाव आयोग अल्पसंख्यकों, भाषाई आधार और चुंनिंदा समूहो के बड़े हिस्से को मताधिकार सें वंचित करना चाह रहा है। ज्ञापन में याद दिलाया गया कि कोरोना काल से पहले एन.आर.सी. का व्यापक विरोध हुआ था, अब चोर दरवाजे से उसे ही लागू किया जा रहा है। चुनाव आयोग पूरी तरह भाजपा-आरएसएस के एजेडे को लागू कर रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं अन्य वामपंथी, धर्मनिर्पेक्ष, जनतांत्रिक दल और ताकतें इस लोकतंत्र विरोधी कार्यवाही का संसद से सडक तक विरोध कर रही है। माकपा प्रतिनिधि मण्डल का कचहरी पर राज्य मंत्रिपरिषद सदस्य कामरेड मुकुट सिंह ने नेतृत्व किया। सचिव मण्डल सदस्य के संतोष शाक्य, प्रेमशंकर यादव, डा.शौकीन सिंह, संतोष राजपूत, जिला कमेटी सदस्य नरेन्द्र शाक्य, मोनू यादव तथा ताखा तहसील पर जिलामंत्री नाथूराम यादव के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। वैध विश्राम सिंह, किसान सभा के जिलाध्यक्ष रामबृजेश यादव, अजीत प्रताप सिंह, शिवचन, श्रीकृष्ण शाक्य, श्याम सिंह आदि ने भाग लिया। सभा व प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया।

## पुलिस ने 3 घंटे में ढूंढ निकाला गुमशुदा दिमागी रूप से अस्वस्थ युवती को

**हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस ने अपनी त्वरित कार्रवाई से एक बार फिर सराहनीय काम किया है। कोतवाली नगर पुलिस ने एक दिमागी रूप से अस्वस्थ युवती को मात्र 3 घंटे में सुरक्षित खोजकर उसके परिवार को सौंप दिया। युवती 7 अगस्त को शाम करीब 5 बजे अपने घर से गुम हो गई थी। युवती के पिता अरुण कुमार गुप्ता ने 8 अगस्त को कोतवाली नगर थाने में अपनी 18 वर्षीय बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी दिमागी रूप से अस्वस्थ है और पहले भी घर से चली जाती थी, लेकिन वापस आ जाती थी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और तत्काल गुमशुदगी का मामला दर्ज किया। पुलिस ने युवती की फोटो को सोशल मीडिया और वायरलेस सेट के माध्यम से हमीरपुर और आस-पास के जिलों में साझा किया। इसके साथ ही, एक टीम बनाकर संभावित जगहों पर उसकी तलाश शुरू की गई। पुलिस के लगातार और अथक प्रयासों का नतीजा यह रहा कि सिर्फ 3 घंटे के भीतर युवती को सकुशल ढूंढ लिया गया। पुलिस ने परिजनों को सूचित किया और आवश्यक सलाह देने के बाद युवती को उनके सुपुर्द कर दिया।

# ज्ञानस्थली विद्यालय में रक्षाबंधन को बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** रक्षा के संकल्प में बंधे सभी भाई- । येन बद्धो बलिराजा दानवेन्द्रो महाबलः। तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चलः।मंत्रोच्चारण के साथ शनिवार को कर्वाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली विद्यालय में रक्षाबंधन को बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया। विद्यालय के शैक्षिक समय के बाद विद्यालय समिति के अध्यक्ष (चेयरमैन) शिवप्रसाद यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी तथा विद्यालय प्रबंधन प्रमुख शिवमंगल ने सभी छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रांगण में रक्षासूत्रों व मिष्ठान्न के साथ स्वागत किया। अध्यक्ष श्री यादव ने रक्षाबंधन के बारे में व्याख्या करते हुए कहा-हमारा देश रक्षाबंधन के इस पवित्र त्योहार को बड़े धूमधाम के साथ मना रहा है, इस दिन बहनें अपने भाई के दायें हाथ पर राखी बाँधकर उसके माथे पर तिलक करती हैं और उसकी दीर्घ आयु की कामना करती हैं। बदले में भाई उनकी रक्षा का वचन देता है। ऐसा माना जाता है कि राखी के रंगबिरंगे धागे भाई-बहन के प्यार के बन्धन को मज़बूत करते है। भाई बहन एक दूसरे को मिठाई खिलाते हैं और सुख-दुख में साथ रहने का विश्वास दिलाते हैं। यह एक ऐसा पावन पर्व है जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को पूरा आदर और सम्मान देता है। सगे भाई बहन के अतिरिक्त अनेक भावनात्मक रिश्ते भी इस पर्व से बँधे होते हैं जो धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे हैं। रक्षाबन्धन आत्मीयता और स्नेह के बन्धन से रिश्तों को मज़बूती प्रदान करने का पर्व है। यही कारण है कि इस अवसर पर न केवल बहन भाई को ही अपितु अन्य सम्बन्धों में भी रक्षा (या राखी) बाँधने का प्रचलन है। गुरु शिष्य को रक्षासूत्र बाँधता है तो शिष्य गुरु को। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के मुख्य सदस्य शिवमंगल सर तथा खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान सर तथा वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी सर व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

## एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) का दौरा कार्यक्रम



**सोनभद्र/शक्तिनगर, अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में दिनांक 07 और 08 अगस्त को एनटीपीसी महारत्न कंपनी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) गौतम देब ने दो दिवसीय दौरा किया। उनके साथ उत्तरा क्लब, लखनऊ की अध्यक्षा बिपाशा देब भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर देब ने परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयंत्र परिसर का निरीक्षण किया, जिसमें स्टेज-3 क्षेत्र, यूनिट 1 से 6 तक के नियंत्रण कक्ष, एफजीडी क्षेत्र सहित प्रमुख इकाइयों के संचालन की गहन समीक्षा की। दौरे के उपरांत एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने परियोजना की प्रगति, चुनौतियों और भावी योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं। श्री देब ने इस दौरान परियोजना के कार्यकारी संघ, एसोसिएशन के प्रतिनिधियों एवं युवा कर्मचारियों से भी संवाद किया और उनकी अपेक्षाओं एवं सुझावों को सुना। इसी क्रम में, बिपाशा देब ने वनिता समाज, शक्तिनगर द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सेवाओं जैसे वनिता रसोई, वात्सल्य क्रेच, टाइनी टॉट्स, बाल भवन एवं वेलफेयर शॉप का दौरा किया।

## घर घर तिरंगा का कार्यक्रम आयोजित




**सोनभद्र/शक्तिनगर, अवधनामा संवाददाता।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर सोनभद्र में। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के तहत दिनांक 8 अगस्त 2025 को हर घर तिरंगा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को तिरंगा वितरित किया गया इस अवसर पर सहभागियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी अजय लक्ष्मी ने कहां की राष्ट्रध्वज हमारे देश की आन बान शान है।और हर भारतवासी को तिरंगे का सम्मान करना चाहिए।इसी क्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा भारत माता की जय नारे लगाए गए, और वंदे मातरम गीत गए साथ ही रघुपति राघव राजा राम भी गीत गाए गए। कार्यक्रम में प्राध्यापक प्रशांत कुमार विश्वकर्मा, अमरीश, सविता ,अनिल, सचिन पिंकी आदित्य प्रिया पूजा, दीपक, आतिया,आदि की सहभागिता रही।

## काकोरी ट्रेन एक्शन के शहीदों के नमन में श्रद्धांजलि अर्पित

**सोनभद्र, अवधनामा संवाददाता।** शासन के आदेश अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत काकोरी ट्रेन एक्शन के शहीदों को नमन करते हुए शहीद स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि काकोरी ट्रेन एक्शन घटना में शहीदों को श्रद्धांजलि सभा आयोजित करते हुए चाचा नेहरू पार्क परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें नगर पालिका कर्मचारी व सभासद के साथ मिलकर स्वच्छता को एक संदेश दिए गए वहीं नपा अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा सहित विभिन्न आयोजन के तहत स्वच्छता को लेकर संदेश दिया जा रहा है जिसमें हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि घर के आसपास सहित सार्वजनिक स्थलों तीर्थ स्थलों व शाहिद स्थलों को साफ व सुंदर रखें इस मौके पर जेई राज कुमार, सभासद मनोज चौबे,प्रदीप पटेल, हीरावती,सुजीत कुमार संत सोनी विमलेश रामविलास सूरज मिश्रा प्रिंस सोनकर राजीव कुमार गुप्ता सहित आदि लोक मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**हमीरपुर।** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कुलदीप निषाद और राज्यसभा सदस्य (सांसद प्रतिनिधि) अशोक तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 9 अगस्त 1925 को हमारे वीर क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों द्वारा ले जाए जा रहे खजाने को लूट लिया था, जिसके बाद ब्रिटिश सरकार ने उन्हें फांसी की सजा दी थी। उन्होंने कहा कि यह घटना अंग्रेजों के अत्याचार का मुंहतोड़ जवाब थी। उन्होंने आजादी, एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने इस घटना को अंग्रेजी हुकूमत के विरोध की एक महत्वपूर्ण घटना बताया, जिसने देश की आजादी को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारियों का बलिदान आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वच्छता को अपनाने पर जोर दिया और बताया कि रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, और अशफाक उल्ला खां जैसे क्रांतिकारियों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने अमर शहीदों को नमन करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और छात्रों का स्वागत और धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन जलीश खान ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। काकोरी घटना पर आधारित एक लघु नाटिका का भी मंचन किया गया। लोक गायकों ने देशभक्ति के गीत गाए और विभिन्न विभागों ने सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम के अंत में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर डीसी मनरेगा राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित कई अधिकारी, कर्मचारी, छात्र और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

# प्रभारी मंत्री ने ग्राम भरेह व हरौली में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायज़ा लिया

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा व जनपद प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों के साथ भर्थना विधानसभा के चकरनगर तहसील के ग्राम भरेह व हरौली में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। गांव का स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और सरकार द्वारा चलाए जा रहें राहत कार्यो की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हम सुख-दुख के हर क्षण में प्रभावितों के साथ हैं। संकट की घड़ी में हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ से संबंधित योजनाओं के कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराना सुनिश्चित करें। संबंधित अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में जाकर पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण कर अधिकारियों से समस्याओं का समाधान करने के लिए निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा की संवेदनशील सरकार व प्रशासन की ओर से बाढ़ से निपटने के लिए सभी प्रकार के इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। बाढ़ पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। बाढ़ का पानी हटने पर तुरंत सफाई कराने का आश्वासन दिया। कहा कि भोजन या अन्य व्यवस्था में कमी नहीं होने दी जाएगी साथ ही साथ बाढ़ से घिरे गावों में सफाई और कीटनाशक का छिड़काव गंभीरता से कराने के निर्देश दिए।

इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिलाधिकारी सुभ्रान्त शुक्ला, एसएसपी ब्रजेश श्रीवास्तव, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चकरनगर राकेश यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुकेश राजावत, ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव एसडीएम ब्रह्मानंद कठेरिया, उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, पूर्व उपाध्यक्ष राज्यवर्धन सिंह भदौरिया, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य, समीर सक्सेना, आयुष राज, मंडल अध्यक्ष शेखर चौहान, सोनू गौतम, गौरव गुर्जर, वैभव मिश्रा, सचेद्र सिंह चौहान सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित बनायी गयी रंगोली



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के लखनऊ से संबोधन का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री के संबोधन को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बीएन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पांडेय सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सुना। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शाहजहांपुर और लखनऊ के पास काकोरी नामक स्टेशन के पास 9 अगस्त 1925 को क्रान्तिकारियों ने ट्रेन एक्शन की इस कार्यवाही से स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी, इसी के उपलक्ष्य में यह शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। इस काण्ड में प्रमुख कान्तिकारी में राम प्रसाद बिस्लिम, अशफाक उल्ला खां, राजेन्द्र लहडी, रोशन सिंह, चन्द्र शेखर सिंह आजाद ने प्रमुख भूमिका अदा की थी।

# ईओ की सख्ती और सफाई कर्मचारियों की नाराज़गी के बीच संवाद बना समाधान का सेतु

निरीक्षण से उपजा विवाद, बातचीत से सुलझा

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/डाला।** स्थानीय डाला नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को उस समय तनाव उत्पन्न हो गया जब अधिशासी अधिकारी (ईओ) अखिलेश सिंह द्वारा कार्य समय पर नहीं पहुंचने वाले कर्मचारियों से जवाब-तलबी की गई।बताया जा रहा कि ईओ के किसी बात से नाराज़ सफाई कर्मचारी शहीद स्थल पर इकट्ठा होकर कार्य का बहिष्कार कर दिये तथा नाराज़ सफाई कर्मचारियों ने ईओ व सुपर वाइजर पर अभद्रता का कथित आरोप भी लगाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ईओ प्रतिदिन सुबह-सुबह स्वयं नगर का औचक निरीक्षण कर रहे हैं और नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए तत्काल कार्यवाही करवा रहे हैं। शुक्रवार की सुबह भी निरीक्षण के दौरान जब कुछ सफाईकर्मी कार्य स्थल पर समय से उपस्थित नहीं पाए गए, तो ईओ ने उनसे देरी का कारण पूछा। ईओ द्वारा सवाल पूछे जाने के कथित वाद-विवाद में किसी बात से आहत हो सफाई कर्मचारी आक्रोशित हो गए और कार्य का बहिष्कार करते हुए शहीद स्थल पर इकट्ठा हो गए।इस दौरान कर्मचारियों ने यह कथित आरोप भी लगाया कि उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया,जिसे लेकर वे आहत हैं। वहीं, पूरे मामले पर अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह ने कहा, ये मेरे ही कर्मचारी हैं, जो मेरी बात से नाराज़ हुए हैं, मैं स्वयं उन्हें समझाऊंगा। लेकिन नगर की सफाई व्यवस्था और जनता की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर काम करवाना मेरी ज़िम्मेदारी है। नगर में अचानक हुए इस कार्य बहिष्कार से डाला बाजार समेत विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई, जिससे नागरिकों में भी असंतोष देखने को मिला।वहीं, समाचार लिखे जाने तक नगर प्रशासन,नगर अध्यक्ष व वार्ड सदस्यों ने मिलकर अब दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित करके कर्मचारियों की नाराज़गी को दूर करके समस्या का समाधान निकाल लिया जिससे सफाई कर्मचारी पुनः अपने काम पर लौट आए।

## हिंडाल्को रेनुसागर में विश्व स्तनपान दिवस पर हेल्दी बेबी शो का आयोजन



**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडाल्को रेनुसागर के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित आदर्श परिवार कल्याण केंद्र, बैरपान में विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों ने सहभागिता की।ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं को बच्चों के स्वास्थ्य ,स्वच्छता व टीकाकरण के प्रति जागरूक करना है। सबसे पहले सभी बच्चो का परिक्षण -स्वास्थ्य, बजन, लम्बाई ,टीकाकरण व स्वच्छता की जॉच की गयी । इस अवसर पर डा0 सविता ने माताओं को स्तनपान के महत्व के बारे मे बताया कि स्तनपान बच्चों के लिए एक प्राकृतिक अमूल्य उपहार है, प्रसव के बाद निकलने वाला गाढ़ा पीला दूध बच्चों के लिए अमृत के समान है । स्तनपान से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है और मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायक सिद्ध होता है। इतना ही नही माँ एवं बच्चे के बीच गहरा भावनात्मक संबंध बनना। हेल्दी बेबी शो में 1वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया, जिनका मूल्यांकन उनके वजन, स्वास्थ्य स्थिति, साफ-सफाई तथा सामान्य विकास के आधार पर किया गया। प्रथम, द्वितीय ,तृतीय विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में आदर्श परिवार कल्याण केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ ग्रामीण विकास विभाग के प्रतिनिधि, स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने इस पहल की सराहना की और इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता बताई।

# रहमानिया कॉलेज का जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में जलवा

मुहम्मद फैसल जिले में अव्वल, सैफुल ने पाया तीसरा स्थान

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा, हमीरपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में रहमानिया इंटर कॉलेज, मौदहा ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में कॉलेज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर न केवल अपने शिक्षकों बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज, हमीरपुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित विज्ञान संगोष्ठी में जिले के विभिन्न 15 विद्यालयों से सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में रहमानिया इंटर कॉलेज के छात्र मुहम्मद फैसल ने पूरे जनपद में प्रथम स्थान, जबकि मुहम्मद सैफुल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर शैक्षिक उत्कृष्टता की मिसाल पेश की। इस उपलब्धि से उत्साहित कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. रजिया सुल्ताना ने शुक्रवार को कॉलेज परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर दोनों छात्रों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा हमारे छात्रों की यह उपलब्धि न केवल संस्थान की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह आने वाले विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणा बनेगी।उन्होंने इस अवसर पर विज्ञान विषय के अध्यापक सद्दाम ख़ान को भी विशेष रूप से सम्मानित किया और उनकी मेहनत तथा मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया।यह सफलता न केवल रहमानिया कॉलेज के लिए गौरव की बात है, बल्कि यह जनपद हमीरपुर की शैक्षिक प्रगति का भी प्रतीक है। विज्ञान संगोष्ठी में छात्रों की यह उपलब्धि युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही है।

**जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 की मुख्य बातें:**
आयोजन स्थलः राजकीय इंटर कॉलेज, हमीरपुर
प्रतिभागी विद्यालयः 15
छात्र-छात्राओं की संख्याः 100+
प्रथम स्थानः मुहम्मद फैसल (रहमानिया इंटर कॉलेज)
तृतीय स्थानः मुहम्मद सैफुल (रहमानिया इंटर कॉलेज)

# रक्षा बंधन: रेशम के धागे से बंधा प्रेम, परंपरा और सुरक्षा का अटूट व्रत

**हिफजुर्रहमान।**



जब एक बहन अपने भाई की कलाई पर रेशम का धागा बांधती है, तो वह केवल एक परंपरा नहीं निभा रही होती, बल्कि वह उस रिश्ते को पुनः जीवित कर रही होती है जिसमें विश्वास, समर्पण और सुरक्षा की भावना अटूट रूप से गूंथी होती है। रक्षा बंधन मात्र एक त्योहार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा में रचा-बसा एक भावनात्मक पर्व है जो हर साल सावन पूर्णिमा को भाई-बहन के रिश्ते को नई ऊर्जा देता है।

रक्षाबंधन, जिसे आम बोलचाल में राखी के नाम से जाना जाता है, भारत के सबसे भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध त्योहारों में से एक है। यह पर्व न केवल भाई-बहन के रिश्ते की खूबसूरती को उजागर करता है, बल्कि यह भारतीय समाज की पारिवारिक एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और सांस्कृतिक जड़ों को भी मजबूती प्रदान करता है।

**इतिहास की झलक–** रक्षाबंधन का उल्लेख पौराणिक काल से मिलता है। महाभारत में जब श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की साड़ी की लाज बचाई थी, वह भी रक्षाबंधन का एक गूढ़ संकेत था। कहा जाता है कि रानी कर्णावती ने मुगल सम्राट हुमायूं को राखी भेजी थी और बदले में हुमायूं ने उनकी रक्षा की प्रतिज्ञा ली। ऐसे असंख्य प्रसंग भारतीय इतिहास में बिखरे पड़े हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि यह पर्व मात्र भाई-बहन का नहीं, बल्कि समस्त समाज में सौहार्द और सुरक्षा की भावना उत्पन्न करता है।

**आधुनिक संदर्भ में बदलते आयाम–** आज के दौर में जब संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों में दूरियाँ बढ़ रही हैं, रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व बनकर उभरा है जो भावनाओं की डोर को फिर से कसने का काम करता है। अब यह त्योहार सिर्फ भाई और बहन के बीच सीमित नहीं रहा – बहनें बहनों को भी राखी बाँध रही हैं, रक्षासूत्र सैनिकों, पुलिसकर्मियों और यहाँ तक कि वृक्षों तक को बांधे जा रहे हैं। यह सामाजिक चेतना और व्यापक सुरक्षा भावना का प्रतीक बन चुका है।

**बाज़ार में रौनक और राखियों का बदलता स्वरूप–** रक्षाबंधन के अवसर पर बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिलता है। पारंपरिक राखियों से लेकर डिज़ाइनर, इको-फ्रेंडली, डिजिटल और फोटो राखियों तक, हर स्वाद और बजट के अनुसार विकल्प उपलब्ध हैं। मिठाइयों की दुकानों पर लंबी कतारें, उपहार की दुकानों की चहल-पहल, और ऑनलाइन खरीदारी के आंकड़ों में भी हर साल इज़ाफ़ा देखा जाता है।

**राखी पर बहनों की आवाज़–** इस पर्व के माध्यम से बहनें अपने भाइयों से महज़ सुरक्षा की नहीं, बल्कि सम्मान, बराबरी और समझदारी की भी उम्मीद करती हैं। आज की नारी राखी के धागे में अपने आत्मसम्मान और स्वावलंबन की भी बात जोड़ रही है। वह चाहती है कि रक्षा के साथ-साथ अधिकार, सहयोग और भावनात्मक समझ भी रिश्ते का हिस्सा बने।

**निष्कर्ष–** रक्षा बंधन सिर्फ एक रेशमी धागा नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और प्रेम का वह व्रत है जो समाज को जोड़े रखने की ताकत रखता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि सच्चा बंधन वही है जिसमें रिश्ते सिर्फ खून से नहीं, दिल से जुड़े हों। इस बार जब राखी बंधे, तो साथ में बंधे एक वादा – एक-दूसरे की खुशियों, अधिकारों और सपनों की रक्षा का।

# बारिश का कहरः किसान का कच्चा मकान ढहा



अवधनामा ब्यूरो

**मलिहाबाद, लखनऊ।** पिछले एक सप्ताह से जारी लगातार बारिश ने मलिहाबाद में लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शुक्रवार सुबह भतोइया गांव निवासी किसान कृष्ण कुमार का कच्चा मकान का एक हिस्सा अचानक ढह गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार दूसरे घर में था, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था।

गुरुवार रात कृष्ण कुमार का परिवार खाना खाने के बाद पास के एक अन्य मकान में सो रहा था। सुबह तेज बारिश के बीच अचानक घर का वह कमरा भरभराकर गिर गया जिसमें घर-गृहस्थी का सारा सामान रखा था। हादसे में कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन कमरे में रखा अनाज, बर्तन और जरूरी सामान मलबे में दबकर पूरी तरह नष्ट हो गया।

गिरा हुआ मलबा गांव के मुख्य मार्ग पर आ गया, जिससे आने-जाने का रास्ता बंद हो गया। ग्रामीणों ने मिलकर मलबा हटाने की कोशिश की, लेकिन लगातार हो रही बारिश से मुश्किलें और बढ़ गई। पीड़ित परिवार गरीब है और अब उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है, ताकि परिवार अपने घर की मरम्मत करा सके और जीवनयापन कर सके।

## बारिश और तेज हवा में सड़क पर गिरा बबूल का पेड़, घंटों ठप रहा आवागमन

**मलिहाबाद।** एक सप्ताह से जारी लगातार बारिश के बीच शुक्रवार दोपहर तेज हवा और मूसलाधार बारिश ने मलिहाबाद क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इसी दौरान भतोइया दिलावर नगर संपर्क मार्ग पर चन्दीखेड़ा गांव के पास एक बड़ा बबूल का पेड़ अचानक धराशायी हो गया, जिससे सड़क पर यातायात पूरी तरह रुक गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पेड़ गिरते ही सड़क दोनों ओर से जाम हो गई और लोग घंटों फंसे रहे। सौभाग्य से पेड़ बगल से गुजर रही हाई टेंशन लाइन पर नहीं गिरा, वरना हादसा और भी गंभीर हो सकता था। बारिश और हवा की वजह से पेड़ को तुरंत हटाने का काम शुरू नहीं हो सका। गांव वालों ने बताया कि घटना के काफी देर बाद भी प्रशासन की ओर से कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी है। कई वाहन चालकों को लंबा चक्कर काटकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। लगातार हो रही बारिश से मलिहाबाद और आसपास के क्षेत्रों में पहले से ही



जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी हुई है। सड़कों पर फिसलन बढ़ने से लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वहीं, तेज हवाओं ने कमजोर पेड़ों और कच्चे मकानों के लिए खतरा और बढ़ा दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे तक क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाओं के चलने की संभावना है। ऐसे में ग्रामीण इलाकों में सतर्कता बरतने की अपील की गई है। फिलहाल, संपर्क मार्ग पर गिरे पेड़ को हटाने और यातायात बहाल करने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। लगातार बारिश से धान की फसल को जहां फायदा हुआ है, वहीं कीचड़ और जलजमाव ने ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई जगहों पर रास्ते बंद हो गए हैं, जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है।गांव के लोग अब भी आशंका जता रहे हैं कि अगर बारिश का यही सिलसिला जारी रहा, तो कमजोर मकान और कच्ची दीवारें खतरे में पड़ सकती हैं, जिससे और हादसे हो सकते हैं।

# डीजीपी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये की जनसुनवाई, साइबर अपराध की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने शुक्रवार को जनसुनवाई, साइबर अपराध और प्रशिक्षण को लेकर जारी आदेश की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये की गयी समीक्षा बैठक में सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, जिला प्रभारी मौजूद रहे। डीजीपी कृष्णा ने बैठक के दौरान अपनी 10 प्राथमिकताओं को दोहराते हुये क्रमवार सभी प्राथमिकताओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने कहा कि दस प्राथमिकताओं के लक्ष्य को तीन बैक बोन तकनीक, प्रशिक्षण एवं प्रतिभा विषेषज्ञता के जरिये प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण का मूल्यांकन इन्फार्मेशन एवं डेटा के आधार पर करना होगा। गोष्ठी के दौरान



पुलिस महानिदेशक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिलों के आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण के तुलनात्मक डेटा को दिखाते हुये समीक्षा की तथा वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा की कि वह स्वयं नियमित रूप से आईजीआरएस के प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। पुलिस प्रमुख ने कहा कि थानों की कार्यप्रणाली इस प्रकार विकसित करें कि कोई भी व्यक्ति थाने पर निसंकोच आ कर अपनी शिकायत दर्ज करा सके। थानों पर अवांछनीय तत्वों का प्रवेश पूर्णतया बंद करा दिया जाये। साइबर अपराधों पर चर्चा करते हुये उन्होने कहा कि कोविड के बाद से साइबर अपराधों के प्रकरणों में वृद्धि हुयी है,इसलिये पुलिस को भी अपनी क्षमता को उसी प्रकार उच्चीकृत किये जाने की आवश्यकता है। थाने पर गठित साइबर सेल के सुदृढ़ीकरण और उनके कार्यों के बारे में निर्देश पहले से ही दिये जा चुके हैं जिनको पूरा करते हुए अगले 15 दिन के अंदर सभी थानों पर साइबर सेल को सुदृढ़ करते हुये वरिष्ठ अधिकारी यह सुनिश्चित करा लें कि साइबर सेल में दक्ष एवं भिज्ञ कर्मी ही नियुक्त हों। उन्होने थाना स्तर और जिला स्तर के साइबर सेल सुदृढ़ होकर तत्परता से पीड़ितों की शिकायतों से संबंधित पोर्टल नेशनल साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करे और इस पोर्टल के माध्यम से जो निर्धारित कार्यवाही की जानी है उसको अतिशीघ्र सुनिश्चित करें। आने वाले दिनों में इस पोर्टल की कार्यवाही से संबंधित एसओपी भी मुख्यालय से जारी की जाएगी जो जिलों/ कमिश्नरेट्स की साइबर सेल और समस्त थानों की साइबर सेल को इस पोर्टल पर सुगमता से कार्य करने में सहायक होगी।

# यूपी में ए डबल प्लस ग्रेडिंग हासिल करने वाला नौवां संस्थान बना केजीएमयू

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी अब प्रदेश के उत्कृष्ट्म संस्थानों की सूची में शामिल हो गया है। संस्थान को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से ए डबल प्लस की ग्रेडिंग मिली है जबकि दो वर्ष पूर्व ही संस्थान को ए प्लस की ग्रेडिंग प्राप्त हुई थी। इसके बाद से विवि की तरफ से उच्चतम ग्रेडिंग की दिशा में प्रयास किया जा रहा था। विश्वविद्यालय को यह मान्यता 3.67 की उत्कृष्ट सीजीपीए के साथ प्रदान की गई है।

वर्ष 2022 से अब तक राज्य के 8 विश्वविद्यालयों को 'ए प्लस प्लस' ग्रेड, 4 विश्वविद्यालयों को 'ए प्लस' ग्रेड तथा 1 विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धियां राज्य के शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता को दर्शाती हैं। केजीएमयू से पूर्व यह ग्रेडिंग



एसजीपीजीआई को प्राप्त हुई थी। संस्थान को ए डबल प्लस की ग्रेडिंग प्राप्त होने पर खुशी जताते हुए विवि के मीडिया सेल के प्रभारी प्रो केके सिंह का कहना है कि कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद ने जब वर्ष 2023 में कार्यभार ग्रहण किया था, उस समय विवि की ग्रेडिंग ए प्लस थी। कुलपति के विजन और प्रयास के चलते विवि को यह ग्रेड हासिल हुई है। वहीं कुलपति प्रो सोनिया नित्यानन्द ने इसे सभी स्टाफ का योगदान बताया है।

गौरतलब है कि नैक मान्यता संस्थानों को यह प्रमाणित करती है कि वे निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं, जिससे उनकी वैधता और विश्वसनीयता बढ़ती है। दूसरे नैक मान्यता प्राप्त संस्थानों के लिए सरकारी और निजी संगठनों से फंडिंग और अनुदान प्राप्त करना आसान हो जाता है। वहीं नैक मान्यता छात्रों को यह सुनिश्चित करती है कि वे एक ऐसे संस्थान में प्रवेश ले रहे हैं जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है।

## केशव प्रसाद मौर्य ने रक्षाबंधन पर दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश विधान परिषद मे नेता सदन, केशव प्रसाद मौर्य ने भाई-बहन के असीम प्रेम, अटूट विश्वास एवं समर्पण के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना सन्देश में श्री मौर्य ने कहा है कि है कि यह पावन व पुनीत पर्व सभी के जीवन में प्रेम, सद्भाव, समृद्धि और सौहार्द की वृद्धि करें। उप मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना सन्देश मे कहा है कि रक्षाबंधन का पावन पर्व भारतीय संस्कृति की उस अद्भुत परंपरा का उत्सव है, जो स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के अटूट बंधन को दर्शाता है। यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा, और परिवार व समाज में आपसी स्नेह और सम्मान को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम नारी सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहें। उन्होने कहा है कि आइए! रक्षाबंधन के इस शुभ अवसर पर समाज में समरसता, एकता और भाईचारे को और मजबूत बनाएं तथा देश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराएं।

# दानिश आज़ाद ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बलिया जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना तथा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दानिश आजाद अंसारी के साथ जिलाधिकारी बलिया शमंगला प्रसाद सिंह, जिलाध्यक्ष बलिया संजय मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी, ओजस्वी राज मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को योगी सरकार द्वारा हर संभव मदद की जाएगी और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश की योगी सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ है और उनकी हर संभव मदद कर रही है।

जिले में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य जोरों पर है। प्रशासन द्वारा राहत शिविर स्थापित किए गए हैं और बाढ़ पीड़ितों को आवश्यक सामग्री प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से अपील की है कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें और अपनी समस्याओं को साझा करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ है और उनकी हर संभव मदद कर रही है।

## मदरसों में धूमधाम से मनेगा आज़ादी का महोत्सवः दानिश

राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, दानिश आज़ाद अंसारी ने प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को पत्र के माध्यम से आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी मदरसों में आज़ादी का महोत्सव भव्य एवं व्यापक स्तर पर मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। राज्य मंत्री ने कहा है कि 10 से 13 अगस्त तक सभी मदरसों में देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस संगोष्ठी, छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों में देश के प्रति गर्व, सम्मान एवं जागरूकता की भावना और प्रबल हो। उन्होंने निर्देश दिया कि 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश के समस्त मदरसों पर तिरंगा फहराना सुनिश्चित करते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए। साथ ही 15 अगस्त को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मदरसों में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के साथ छात्र छात्राओं में स्वच्छता जागरूकता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।आयोजित किए जाए, जिससे समाज में राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति का संदेश व्यापक रूप से पहुंचे। श्री अंसारी ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य युवाओं और बच्चों में देश की स्वतंत्रता संग्राम की गाथा, बलिदानियों के योगदान तथा तिरंगे के महत्व के प्रति गहरी समझ विकसित करना है।

# आईआईए की एमएसएमई क्षेत्र को उद्योग 4.0 की ओर ले जाने में अहम भूमिका



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की 34वीं वार्षिक सभा शुक्रवार को कानपुर रोड एक होटल में आयोजित की गई। इसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली से आए 700 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आईआईए के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन एमएसएमई क्षेत्र को उद्योग 4.0 की ओर ले जाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने नीति निर्माण में भागीदारी के लिए उद्यमियों को आमंत्रित किया और व्यापार सुगमता की दिशा में सहयोग का आश्वासन दिया।

आईआईए चैप्टर्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। हापुड़ चैप्टर को 83.32 प्रतिशत प्रदर्शन के साथ पहला स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कॉर्पोरेट ट्रेनर सोनू शर्मा ने व्यवसायिक विकास पर प्रेरक सत्र लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने आईआईए के आगामी लक्ष्यों और एमएसएमई विकास की योजनाओं पर प्रस्तुति दी।

महासचिव दीपक बजाज ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया और संगठन को 15,000 से अधिक उद्यमियों की आवाज बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस एजीएम में टाटा सोलर, स्टॉकआर्ट और कैपिटल क्राफ्टर ने भी अपने व्यापारिक प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

# दीने इस्लाम की रूह है अज़ादारीः मौलाना अब्बास



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग न्यू हैदराबाद में मौलाना अब्बास इरशाद ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि दीने इस्लाम की रूह है अजादारी। कर्बला और अजादारी-ए-हजरत इमाम हुसैन की वजह से आज इस्लाम बाकी है। मौलाना ने हजरत इमाम हुसैन (अस) की शहादत बयान की तो अजादारों की आंखों से आंसू जारी हो गये। मजलिस का आगाज तिलावते कुरआन से मोहम्मद मुस्लिम जाफरी ने किया और सोजख्वानी शाहनवाज़ खान ने जबकि पेशख़्वानी फरमान अली अकबरपुरी आमिर फैजाबादी ने की। कल की मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी शाम 7.30 बजे खिताब करेंगे। इसी तरह इमामबाड़ा सज्जाद अली जनाब वाली गली शाहगंज में मजलिस को मौलाना जहीर अब्बास ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि कर्बला ने हमें हर चीज का दर्स दिया है हमें कर्बला का पैगाम आम करना करें।

### क़दीम मर्सियाख्वानी की मजलिस

लखनऊ। मस्जिद इमाम-ए-ज़माना (अ.स) दरगाह हज़रत अब्बास (अ.स), रुस्तम नगर में क़दीम मर्सिया ख़्वानी की मजलिस का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस मजलिस में सैयद मोहम्मद औन रिज़वी ने अपने मख़सूस अंदाज में मर्सियाख़्वानी की। जब उन्होंने कर्बला के शहीदों की दर्दनाक शहादत को बयान किया तो अजादार रोने लगे।

### जिन्नतों वाली मस्जिद में मजलिस आज

सहाफी अली ताहिर रिजवी की ओर से जिन्नातों वाली मस्जिद में शनिवार को सुबह 10 बजे एक मजलिस का आयोजन किया जायेगा। मजलिस को मौलाना सिब्ते हैदर खिताब करेंगे।

### यूनिटी प्लाजा में मजलिस कल

कर्बला के शहीदों के गम में रविवार को यूनिटी प्लाजा महताबबाग में रात 8 बजे मजलिस का आयोजन किया गया है। इस संबंध में ए.ए. जैदी ने बताया कि तिलवाते कुराने पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना सैयद जैगम अब्बास जैदी खिताब करेंगे। इस मौके पर नूरैन रजा रिजवी सोजख्वानी करेंगे। मजलिस के बाद नौहाख्वानी होगी।

### यादे खतीबे अकबर कल

लखनऊ। कर्बला के शहीदों की याद में रविवार को इमामबाड़ा गुफरानमाब में रात 9 बजे यादे खतीबे अकबर शीर्षक से एक मर्सिये की मजलिस का आयोजन किया जायेगा। जिसमें शकील हसन शमसी मर्सिया पेश करेंगे।

### कर्बला अमेठी मुंशी मुज़फ्फर अली में इमाम का चेहलुम कल

लखनऊ। कर्बला अमेठी मुंशी मुज़फ्फर अली में चेहलुम हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) 10 अगस्त को मनाया जाएगा। यहां मौलाना कल्बे जव्वाद दोपहर 2 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाजनी करेंगी। कर्बला जाने के लिए कर्बला चौराहा, काज़मैन, मेहदी गंज, गिरधारी सिंह कॉलेज मंसूर नगर, बजाज़ा, नक्खास, हुसैनाबाद, यूनिटी कॉलेज, पुराना नजफ़ निवासगंज से दोपहर 12.30 बजे बसें जाएंगी।

# भाजपा का सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प



अवधनामा ब्यूरो

**मलिहाबाद, लखनऊ।** मलिहाबाद विकासखंड सभागार में शुक्रवार दोपहर भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णा लोधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का मुख्य लक्ष्य मतदाताओं के घर-घर जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और उत्तर प्रदेश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं।

मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने कहा कि सरकार जनता के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है, और यह हम कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि इन उपलब्धियों को हर नागरिक तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संपर्क अभियान को तेज करने की अपील की। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाएगी।

# भाषा विवि में ए.आई. वर्कशॉप का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन कुलपति प्रो अजय तनेजा की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को एआई की नवीनतम तकनीकों, इसके अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यशाला के आरम्भ में डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस लैब का उद्घाटन भी मुख्य अतिथि असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा किया गया। कार्यशाला की प्रस्तावना अमन मिश्रा ने रखी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिलिंद राज, जिनको ड्रोन मेन कहा जाता है ने मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, कंप्यूटर विज़न, और चैटबॉट डेवलपमेंट जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। ड्रोन मेन ने कहा कि आज का दौर जैक ऑफ ऑल एंड मास्टर ऑफ सम का है साथ ही प्रतिभागियों को प्रायोगिक सत्रों के माध्यम से एआई टूल्स और तकनीकों का अनुभव भी कराया गया। कार्यक्रम के अगले सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान के अध्यक्ष डॉ पुनीत मिश्रा ने अपने उद्बोधन में फ़्यूचर ऑफ एआई एंड इंटेलीजेंस इन सोशल वेलफेयर पर पर फोकस किया। कार्यक्रम में अगले सत्र में निदेशक समाज कल्याण ने कहा कि मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे विषयों पर विस्तार से और अधिक चर्चा करने की आवश्यकता है। कार्यशाला की अगली श्रृंखला में ध्रुव पंडित ने प्रतिभागियों को प्रायोगिक सत्र के माध्यम से चैटबॉट विकास, इमेज रिकग्निशन और डेटा प्रेडिक्शन के उदाहरण के माध्यम से अवगत कराया। साथ विश्वविद्यालय के साथ एमओयू भी साइन किया गया। कार्यशाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेंस आने वाले समय में शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य और प्रशासन समेत सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है।

# द मदद सहयोग गाइडेंस द्वारा रक्षाबंधन समारोह का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर द मदद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन ने पुराने लखनऊ स्थित सआदतगंज पुलिस स्टेशन में एक विशेष रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य समाज की सेवा में सतत तत्पर पुलिस बल के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करना था। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की टीम की ओर से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राखी बांधी गई, मिठाई वितरित की गई और उनके सेवा-भाव को नमन करते हुए रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार आर्य, उपनिरीक्षक अरुण कुमार एवं उपनिरीक्षक सहेंद्र कुमार सहित पुलिस स्टेशन के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। फाउंडेशन की ओर से तरन्नुम हसन नकवी, इंशा रिज़्वी, अथर आनंद, मनाज़िर हुसैन रिज़्वी, सैयद शुज्जत, मोहम्मद आलम एवं मोहम्मद सादिक विशेष रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। समारोह सौहार्द, भाईचारे और सम्मान के भाव के साथ संपन्न हुआ, जिसने पुलिस एवं समाज के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक प्रस्तुत किया।

# काकोरी ट्रेन एक्शन के पूर्व दिवस पर शहीदों को किया गया नमन

- शहर में गूंजे देशभक्ति के नारे
- क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित हुई विशाल तिरंगा यात्रा, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** ऐतिहासिक नगरी काकोरी में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन के पूर्व दिवस पर शहीदों को नमन करने और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहीद क्रांतिकारी शताब्दी आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित हुई। यात्रा का शुभारंभ समिति के संयोजक रविंद्र भारद्वाज ने किया। यात्रा बाबू त्रिलोकी इंटर कॉलेज से शुरू हुई और शीतला माता मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान, नगर के वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने भारत माता की जय, चंद्रशेखर आजाद अमर रहे,




अशफाक उल्ला खान अमर रहे, और पंडित राम प्रसाद बिस्मिल अमर रहे जैसे वीर क्रांतिकारियों के नारे लगाते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया।

इस भव्य यात्रा में प्रांत संपर्क प्रमुख प्रशांत भाटिया, जीत सिंह भाटी, रमाकांत गुप्ता, सदर अहमद खान, राजीव नयन गुप्ता, रवि पांडे, मून मिर्जा, पुरुषोत्तम गुप्ता, प्रवल गुप्ता, अमित गुप्ता, धीरेंद्र, अभय तिवारी, कौशिक राजपूत, आदित्य शर्मा, वासु गुप्ता, अनुराग गुप्ता, सनी राठौर, विशाल सैनी, अनुज द्विवेदी, कमलेश लोधी, उदय गुप्ता, अजय पाल, और राम लखन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।